राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 256
लखनऊ, मंगलवार 19 मई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





आग लगने से सब्जी मण्डी की कई दुकानें जलकर राख 10

आंधी-तूफान प्रभावित जिलों में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का फरमान 03


-: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,56,370/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,43,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,17,320/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,90,000/किग्रा |



# जो यूपी में सफल, वह हर जगह सफल : योगी

- सीएम ने की नवचयनितों की हौसला अफजाई
- 21 विभागों में विभिन्न पदों पर चयनित 932 अभ्यर्थियों को मिला नियुक्ति पत्र



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार के मिशन रोजगार के अंतर्गत सोमवार को 21 विभागों में विभिन्न पदों पर 932 युवा शामिल हुए। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 के अंतर्गत चयनित युवाओं को सोमवार को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया।

लोकभवन में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर नवचयनितों के चेहरे खिल उठे। सीएम योगी ने नवचयनित युवाओं को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से संपन्न करने के लिए उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग को बधाई दी।

चयनित अभ्यर्थियों की हौसला अफजाई करते हुए सीएम योगी ने कहा कि जो भी अधिकारी व कर्मचारी भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में यूपी के अंदर काम कर लेगा, देश-दुनिया में उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। जो यूपी में सफल है, वह हर जगह सफल है, क्योंकि 25 करोड़ आबादी का यूपी अलग परिस्थितियों में काम करता है और सम-विषम परिस्थितियों में परिणाम भी देता है। आप सभी को ऐसे राज्य में कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

सीएम ने चयनित युवाओं से कहा कि आपके, माता-पिता, अभिभावक, पारिवारिक सदस्यों, मित्रों के लिए खुशी का पल है। सफलता प्रदेश की सफलता का आधार बनना चाहिए। जिस पारदर्शी तरीके से आपका चयन हुआ है, शासन भी सर्विस कालखंड के दौरान उसी पारदर्शी व शुचितापूर्ण कार्यपद्धति की अपेक्षा करता है। जो कार्य आज करना है, उसे आज ही करने की आदत डालनी पड़ेगी। पहले 10 वर्ष में जो मेहनत कर पाएंगे, वह आपके आगे के 30-35 वर्ष के सेवाकाल व उसके बाद के कार्यकाल के लिए भी मजबूत नींव होगी। परिश्रम व्यक्ति को सफलता की ऊंचाई तक पहुंचाता है। आपका परिश्रम ईमानदार व्यवस्था के साथ जुड़ता है तो परिणाम आता है।

यही परिणाम आगे भी परिश्रम का आधार बनेगा तो वह जीवन भर सुखद अनुभूति का अहसास कराएगा। शासन की मंशा, व्यवस्था और कार्ययोजना क्या है। उसे इंप्लीमेंट करने के लिए भर्ती आयोग व बोर्ड की कार्यपद्धति उदाहरण बनती है। अगर भर्ती प्रक्रिया ही पारदर्शी व शुचितापूर्ण न हो तो जिन लोगों का चयन होगा, उनसे ईमानदारी से परिणाम देने, प्रदेश की गति को प्रगति व समृद्धि की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देने की बात दिवास्वप्न ही होगी।

### शिफ्ट में नमाज पढ़िए, सड़कों पर नहीं, प्रेम से मानोगे तो ठीक वरना दूसरा तरीका अपनाएंगे : सीएम

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि, यूपी में सड़कों पर नमाज नहीं होती। सड़कें आवागमन के लिए हैं। नमाज पढ़नी आवश्यक है तो शिफ्ट में पढ़िए, सड़कों पर नहीं। सीएम ने कहा कि यूपी में कानून का राज सर्वोपरि होगा। प्यार से मानेंगे तो ठीक, वरना दूसरा तरीका अपनाएंगे। बरेली में लोगों ने ताकत आजमाने का नतीजा देख लिया है। सोमवार को लखनऊ में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों में यूपी में कट्टा-बम बनते थे, लेकिन आज ब्रह्मोस मिसाइलें बन रही हैं। अब वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया के बजाय एक जिला एक उत्पाद की तरफप्रदेश बढ़ रहा है। सीएम योगी ने सड़कों पर नमाज के संदर्भ में बोलते हुए कहा कि लोगों ने हमसे कहा कि हमारी संख्या अधिक है। इस पर हमने उन्हें स्पष्ट रूप से कहा कि अपनी संख्या नियंत्रित कीजिए। लेकिन किसी भी सूरत में सड़कों पर नमाज नहीं होगी। आज जब लोग पूछते कि क्या यूपी में सचमुच सड़कों पर नमाज नहीं होती है तो मैं उनसे कहना चाहता हूं कि आप जाकर देख लीजिए। सच में सड़कों पर नमाज नहीं होती है।

### गति को प्रगति की ओर वही ले जा सकता है, जिसका ईमानदारी से चयन हो और जिसने परिश्रम-मेहनत से स्थान प्राप्त किया है

गति को प्रगति की ओर वही ले जा सकता है, जिसका ईमानदारी से चयन हो और जिसने परिश्रम-मेहनत से स्थान प्राप्त किया है। सिफारिश और पैसे के लेन-देन से चयनित व्यक्ति प्रगति नहीं, दुर्गति कराएगा। 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में यही होता था। उत्तर प्रदेश पर ईश्वर की असीम कृपा है। यह एमएसएमई का दुनिया का बेहतरीन आधार रखने वाला प्रदेश है, लेकिन सबसे बड़ी आबादी का युवा राज्य बीमारू व पहचान के लिए मोहताज हो गया था। उत्तर प्रदेश का युवा बाहर जाता था तो पहचान छिपाता था, लेकिन आपकी पीढ़ी सौभाग्यशाली है। जब प्रदेश इस व्यवस्था से निकला तो आपकी आयु 10-15 वर्ष रही होगी। आप मां-बाप, भाई-बहन की अंगुली पकड़कर स्कूल जाते होंगे। आप सौभाग्यशाली हैं कि आपको नकल विहीन परीक्षा देने का अवसर प्राप्त हुआ। आपने स्कूली शिक्षा, विश्वविद्यालय, प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम के साथ ही चयन प्रक्रिया की शुचितापूर्ण व्यवस्था भी देखी है, लेकिन 2017 से पहले यह संभव नहीं था। मंच पर सीमित लोगों को ही बुलाकर नियुक्ति पत्र दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### 1.10 करोड़ की ठगी करने वाले को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई केंद्रीय मंत्रियों का करीबी होने का दावा कर लोगों से पैसे वसूलने के आरोपी मोहम्मद कासिफ को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने करीब तीन साल से जेल में बंद कासिफ को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। कासिफ पर मनी लॉन्ड्रिंग समेत कई गंभीर आरोप लगे हैं। यह मामला गौतम बुद्ध नगर के सूरजपुर थाने में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा हुआ है। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मोहम्मद कासिफको जमानत पर रिहा किया जाएगा, जबकि मामले की जांच और ट्रायल आगे जारी रहेगा।

### शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ हत्याकांड में एक आरोपित गिरफ्तार

**कोलकात।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक संदिग्ध आरोपित को हिरासत में लिया है। सोमवार को उत्तर प्रदेश के एक टोल प्लाजा से आरोपित को पकड़ा गया। जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार आरोपित दिल्ली के रास्ते कहीं और फरार होने की योजना बना रहा था। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए आरोपित का नाम राजकुमार सिंह है, जो उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का निवासी है। रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस और सीबीआई की संयुक्त टीम ने दिल्ली के स्वरूपनगर इलाके में एक मकान पर छापेमारी भी की थी, लेकिन उस समय आरोपित हाथ नहीं आया था।

### पालघर में तीन वाहनों की टक्कर में 13 लोगों की मौत, 25 घायल

**मुंबई।** पालघर जिले में मुंबई-अहमदाबाद नेशनल हाईवे पर धानीवरी गांव के पास सोमवार शाम करीब चार बजे तीन वाहनों की टक्कर में 13 लोगों की मौत हो गई। इस घटना में घायल 25 लोगों का इलाज कांसा उप जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना की छानबीन कांसा पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि इस घटना में 13 लोगों की मौत हुई है। फडणवीस ने इस दुखद घटना में मृतक परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि इस घटना में मृतकों के आश्रितों को सरकार की ओर 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद दी जाएगी। पालघर जिले के पुलिस अधीक्षक यतिश देशमुख ने बताया कि धनिवारी में हुए तीन गाड़ियों के हादसे में अबतक 13 लोगों की मौत हुई है और पच्चीस लोग गंभीर रूप से घायल हैं। इन सबका इलाज जारी है और मामले की आगे की कार्रवाई कांसा पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

### देशभर में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी व नेचुरल गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**नई दिल्ली।** सरकार ने सोमवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बावजूद पूरे देश में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और नेचुरल गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। केंद्र ने कहा कि एलपीजी वितरकों, रिटेल आउटलेट्स या उपभोक्ताओं को घबराने की कोई ज़रूरत नहीं है, क्योंकि सभी ज़रूरी ईंधनों की सप्लाई सामान्य रूप से जारी है। पेट्रोलियम एवं नेचुरल गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया घटनाक्रमों पर अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में एलपीजी वितरकों, रिटेल आउटलेट्स या उपभोक्ताओं को घबराने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि सभी जरूरी ईंधनों की सप्लाई सामान्य रूप से जारी है। उन्होंने सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे घबराकर ज्यादा खरीदारी न करें और ज़रूरत के हिसाब से ही ईंधन खरीदें। उन्होंने बताया कि पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की उपलब्धता और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

# भारत-नार्वे का संबंधों को ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप में बदलने का निर्णय : मोदी

**एजेंसी, ओस्लो।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वैश्विक अस्थिरता के माहौल के बीच भारत और यूरोप के संबंध स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहे हैं और इसके अंतर्गत भारत तथा नार्वे ने अपने संबंधों को ग्रीन स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप के स्तर तक ले जाने का निर्णय लिया है।

इस साझेदारी में दोनों देश स्वच्छ ऊर्जा से लेकर जलवायु लचीलापन, समुद्री अर्थव्यवस्था से लेकर हरित नौवहन तक, हर क्षेत्र में भारत के विस्तार, गति तथा प्रतिभा को नॉर्वे की प्रौद्योगिकी और पूंजी के साथ जोड़कर हमारी कंपनी वैश्विक समाधान विकसित करेंगी। पांच देशों की यात्रा के चौथे चरण में नार्वे की दो दिन की यात्रा पर आये श्री मोदी ने सोमवार को यहां नार्वे के प्रधानमंत्री योनास गार स्तोरे के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य में कहा कि आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में, भारत और यूरोप, अपने संबंधों के एक नए स्वर्णिम युग में प्रवेश कर रहे है। दोनों पक्षों ने व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं और इसके वादों को हकीकत में बदलने के लिए भारत और नार्वे ने आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने स्थिरता, महासागरीय ऊर्जा, भूविज्ञान और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में अनुसंधान सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनाई है। इंजीनियरिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर और डिजिटल जैसे क्षेत्रों में हम अपने विश्वविद्यालयों और नवाचार आधारित उद्यम पारिस्थितिकी तंत्र को जोड़कर अपनी साझेदारी को भविष्य के लिए तैयार बनाएंगे। कौशल विकास और प्रतिभा गतिशीलता में भी हमारा सहयोग और अधिक व्यापक होने जा रहा है।

### नार्वे ने मोदी को सर्वोच्च सम्मान रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट के ग्रैंड क्रॉस से नवाजा



नार्वे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सोमवार को अपने देश के सर्वोच्च सम्मान रॉयल नॉर्वेजियन ऑर्डर ऑफ मेरिट के ग्रैंड क्रॉस से नवाजा। नॉर्वे के राजा हेराल्ड पंचम ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। सम्मान लेने के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह सम्मान भारत की जनता को समर्पित है।

# रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राजनाथ सिंह वियतनाम व कोरिया की यात्रा पर रवाना

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रणनीतिक सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को वियतनाम और दक्षिण कोरिया की यात्रा पर रवाना हुए।

रक्षा मंत्रालय ने आज बताया कि श्री सिंह 18 से 19 मई तक वियतनाम की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे, जिसके बाद वह 19 से 21 मई तक दक्षिण कोरिया की यात्रा करेंगे।

श्री सिंह ने दोनों देशों की यात्रा पर रवाना होने से पहले सोशल मीडिया में एक पोस्ट में दोनों एशियाई देशों की यात्रा को लेकर उत्साह व्यक्त किया ताकि द्विपक्षीय सहभागिता के दायरे का और विस्तार किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुख्य ध्यान रणनीतिक सैन्य सहयोग को गहरा करने, रक्षा औद्योगिक साझेदारियों को मजबूत करने तथा समुद्री सहयोग को बढ़ावा देने पर होगा, जिससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता को प्रोत्साहन मिलेगा। रक्षा मंत्री की वियतनाम यात्रा दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूर्ण होने का प्रतीक है, जिसे पांच से सात मई तक वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान उन्नत व्यापक रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित किया गया था। श्री सिंह वियतनाम के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री जनरल फान वान जियांग के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। भारत-वियतनाम रक्षा साझेदारी के लिए 2030 तक के संयुक्त दृष्टि वक्तव्य पर रक्षा मंत्री की 2022 की यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए थे। यह दृष्टि वक्तव्य द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के लिए स्पष्ट दिशा निर्धारित करता है। दोनों लोकतांत्रिक देशों की क्षेत्र में शांति और समृद्धि में समान रुचि है। श्री सिंह की यह यात्रा 19 मई को वियतनाम के पूर्व राष्ट्रपति हो ची मिन्ह की 136वीं जयंती के अवसर के साथ भी मेल खाती है। रक्षा मंत्री हो ची मिन्ह समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और सम्मान प्रकट करेंगे। दक्षिण कोरिया की यात्रा के दौरान श्री सिंह कोरिया के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री आह्न ग्यू-बैक के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। मंत्रीगण दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग की समीक्षा करेंगे और द्विपक्षीय सहभागिता को और मजबूत करने के लिए नई पहलों पर विचार करेंगे।

# ग्रामीण निकायों में ओबीसी आरक्षण के लिए बनेगा समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग



- कैशलेस इलाज, लखनऊ मेट्रो विस्तार समेत 12 प्रस्तावों को मंजूरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। पंचायत चुनाव टलने की अटकलों के बीच राज्य ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने से सियासी हलचल तेज हो गई है।

पंचायत चुनाव की तैयारियों के बीच इस आयोग के गठन को बेहद अहम माना जा रहा है। आयोग बनने के बाद ओबीसी आरक्षण का रास्ता साफ होगा।

बैठक में लोकतंत्र सेनानियों को कैशलेस इलाज, लखनऊ व आगरा मेट्रो विस्तार के लिए भूमि व एमओयू को मंजूरी देने समेत एक दर्जन प्रस्तावों पर मुहर लगी है। साथ ही पशु चिकित्सा के छात्रों का इंटर्नशिप भत्ता चार हजार रुपये से बढ़ाकर 12 हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने के फैसले पर भी मुहर लगा दी है। इसके अलावा लखनऊ मेट्रो के नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर के बाद नए मेट्रो रूट लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर का आज ऐलान किया गया है। नए और पुराने लखनऊ को जोड़ते हुए चारबाग स्टेशन से मेट्रो पुराने लखनऊ के बाजारों से होते हुए वसंत कुंज पहुंचेगी।

मिर्जापुर में 765/400 केवी उपकेंद्र निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की तरफसे लखनऊ के शहीद पथ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में 1010 बेड के मल्टी स्पेशिएलिटी इमरजेंसी सेंटर के निर्माण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। प्रयागराज के स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय परिसर के विस्तार के लिए भूमि हस्तांतरण का रास्ता साफ हो गया है। मिर्जापुर में निजी क्षेत्र की सरदार पटेल एपेक्स यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए आशय पत्र जारी करने को भी हरी झंडी मिली। आगरा मेट्रो कॉरिडोर-2 के लिए भूमि हस्तांतरण मंजूर किया गया। आगरा मेट्रो स्टेशन और वायाडक्ट निर्माण को भी मंजूरी दी गई। यूपी जन्म-मृत्यु पंजीकरण नियमावली 2026 लागू होगी। पंचायत चुनाव से पहले योगी सरकार के इस मास्टरस्ट्रोक से सियासी हलचल तेज हो गई है। योगी कैबिनेट के ये फैसले साफदिखाते हैं कि इंफ्रास्ट्रक्चर और आरक्षण पर योगी सरकार का बड़ा फोकस है। योगी सरकार के फैसलों से चुनाव और विकास दोनों साधने की तैयारी है।

### नीट-यूजी पेपर लीक मामला सीबीआई ने आरसीसी के संस्थापक को दबोचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में महाराष्ट्र के लातूर शहर में रेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेस (आरसीसी) के संस्थापक शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। रविवार को एजेंसी द्वारा ली गई तलाशी के दौरान मोटेगांवकर के मोबाइल फोन से मेडिकल प्रवेश परीक्षा का लीक हुआ प्रश्न पत्र मिला। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई का आरोप है कि मोटेगांवकर नीट यूजी प्रश्नपत्र को लीक करने और प्रसारित करने में शामिल संगठित गिरोह का एक सक्रिय सदस्य था।

# चौवालीस वर्षों बाद यूडीएफ मंत्रिमंडल के 21 सदस्यों ने एक साथ ली शपथ

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।**



केरल में कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) ने एक दशक बाद सत्ता में वापसी करते हुए सोमवार को नया मंत्रिमंडल गठित किया। यह 44 साल में पहली बार है जब यूडीएफ के पूरे मंत्रिमंडल ने एक साथ शपथ ली।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वी. डी. सतीशन को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने राज्य के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। श्री सतीशन के साथ अन्य 20 अन्य विधायकों को भी शपथ दिलायी गयी। श्री सतीशन के अलावा जिन नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलायी गयी उनमें पी.के. कुन्हालिकुट्टी, रमेश चेन्निथला, सनी जोसेफ, के. मुरलीधरन, एम. जोसेफ, शिबू बेबी जॉन, सी.पी. जॉन, अनूप जैकब, ए.पी. अनिल कुमार, बिंदू कृष्णा, पी.सी. विष्णुनाथ, एम. लिजू, टी. सिद्दीकी, रोजी एम. जॉन, ओ.जे. जनीश, के.ए. थुलसी, पी.के. बशीर, एन. शम्सुद्दीन, के.एम. शाजी और वी.ई. अब्दुल गफूर शामिल हैं। इस तरह 1982 में के. करुणाकरण सरकार के बाद पहली बार 44 वर्षों के बाद यूडीएफ मंत्रिमंडल एक साथ शपथ लेता नजर आया। यूडीएफ ने इस अवसर को राज्य में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) के दस वर्षीय शासन के बाद नये राजनीतिक युग की शुरुआत करार दिया। लोकभवन को मंत्रियों की अंतिम सूची रविवार शाम सौंपी गयी थी। मुख्यमंत्री वी. डी. सतीशन ने स्वयं सभी 21 मंत्रियों की सूची राज्यपाल को सौंप दी थी।

### पहली बार 96 प्रति डॉलर के पार बंद हुआ रुपया

**एजेंसी, मुंबई।** रुपये में गिरावट का क्रम सोमवार को भी जारी रहा और पहली बार बाजार बंद होते समय एक डॉलर 96 रुपये के ऊपर बोला गया। अंतर बैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया आज 39 पैसे टूटकर 96.20 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो इसका अब तक का निचला बंद भाव है। इससे पहले, बीच कारोबार में यह 96.3950 रुपये प्रति डॉलर के ऐतिहासिक निचले स्तर तक उतर गया था। भारतीय मुद्रा पिछले कारोबारी दिवस पर 17 पैसे की गिरावट में 95.81 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई थी। रुपया आज 38 पैसे नीचे 96.19 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सुबह के कारोबार में यह ऊपर 96.12 रुपये प्रति डॉलर तक गया, लेकिन फिर दबाव में आ गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में तेजी से भारतीय मुद्रा दबाव में रही। हालांकि दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर सूचकांक में 0.3 प्रतिशत की गिरावट से रुपये को समर्थन मिला।

**मौसम** — यूपी में पारा 40 से 50 डिग्री के बीच रहने का अनुमान

# उत्तर प्रदेश में अगले पांच दिन आसमान से बरसेगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग में अगले पांच दिनो में प्रचंड गर्मी और लू के आसार व्यक्त किये हैं। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के कई जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया, जबकि बांदा में लू की स्थिति दर्ज की गई। मौसम विभाग द्वारा सोमवार को जारी हीट वेव बुलेटिन के अनुसार पिछले 24 घंटे में बांदा, प्रयागराज,झांसी, गाजीपुर और सुल्तानपुर में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी अधिक दर्ज किया गया। वहीं बाराबंकी, गोरखपुर, वाराणसी (बीएचयू), बहराइच, बांदा, फुर्सतगंज, मुजफ्फरनगर, मेरठ, उरई और आगरा ताज में तापमान सामान्य से ऊपर रहा।

बुलेटिन के मुताबिक पूर्वी उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में लू की स्थिति दर्ज की गई। यहां रविवार को अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो देश भर में सबसे अधिक था वहीं प्रयागराज में दिन का तापमान 44.5,झांसी में 44.6, हमीरपुर में 44.2 और आगरा में 43.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं भी लू नहीं चली।



मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस तक क्रमिक वृद्धि होने की संभावना जताई है। इसके बाद तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। विभाग के अनुसार रविवार को मेरठ, आगरा, गाजियाबाद, बहराइच, लखनऊ, रायबरेली, सुल्तानपुर, गोरखपुर, प्रयागराज, झांसी, ललितपुर, वाराणसी, मऊ और महाराजगंज समेत कई जिलों में हीट इंडेक्स 40 से 50 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

मौसम विभाग ने आगरा, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बलिया, बांदा, चंदौली, चित्रकूट, इटावा, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, झांसी, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, कौशांबी, ललितपुर, महोबा, मैनपुरी, मऊ, मिर्जापुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, संत रविदास नगर, सोनभद्र, सुल्तानपुर, उन्नाव और वाराणसी जिलों में लू चलने की चेतावनी जारी की है।

मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 11 बजे से तीन बजे के बीच अत्यधिक गर्मी में बाहर निकलने से बचने, पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लेने तथा हल्के सूती कपड़े पहनने की सलाह दी है।

# माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद में महिलाओं ने आयुक्त के समक्ष रखीं समस्याएं

- भूमि विवाद, रास्ता अवरोध, मारपीट एवं उत्पीड़न से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई के निर्देश
- महिलाओं को मिला न्याय का भरोसा




**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में मण्डलायुक्त कार्यालय में आयोजित माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद महिला विशेष जनसुनवाई कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी विभिन्न समस्याएं एवं शिकायतें अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के दौरान भूमि विवाद, अवैध कब्जा, रास्ता अवरुद्ध किए जाने, मारपीट, उत्पीड़न एवं पुलिस द्वारा समय से कार्यवाही न किए जाने से संबंधित 27 प्रकरण प्रमुख रूप से सामने आए। सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार जांच कर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में ग्राम चौरी, थाना कोतवाली करनैलगंज निवासी अन्नपूर्णा पत्नी हनुमन्त लाल गुप्ता ने नाली विवाद को लेकर मारपीट किए जाने तथा पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई न किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की। प्रार्थिनी ने बताया कि विपक्षियों द्वारा नाली बंद कर दी गई, विरोध करने पर लाठी से हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया, जिससे उनके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिम को जांच कर वैधानिक कार्रवाई करते हुए पांच दिवस में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में थाना खोड़ारे क्षेत्र की जुगुना पत्नी स्व. रामलाल ने फर्जी बैनामा एवं भूमि कब्जेदारी की शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थिनी ने आरोप लगाया कि विपक्षियों ने कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से जमीन का फर्जी बैनामा कर कब्जा कर लिया तथा विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए धमकी दी। मामले में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) गोण्डा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। ग्राम ठाकुर पुरवा, मौजा पिपरा पदुम निवासी रीचा सिंह पत्नी अजय सिंह ने लगभग 50 वर्षों पुराने रास्ते को बंद किए जाने की शिकायत की। प्रार्थिनी ने बताया कि विपक्षियों द्वारा रास्ते पर दीवार खड़ी कर दी गई तथा विरोध करने पर गाली-गलौज एवं धमकी दी जा रही है। मामले में उपजिलाधिकारी सदर को जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

वहीं ग्राम पपरहवा, मौजा लोहराडांड़, तहसील तरबगंज निवासी लक्ष्मी पत्नी राम बहादुर ने भी वर्षों पुराने आवागमन मार्ग को जोतकर बंद किए जाने की शिकायत प्रस्तुत की। प्रार्थिनी ने बताया कि उनका एकमात्र रास्ता अवरुद्ध हो गया है, जिससे आवागमन में गंभीर समस्या उत्पन्न हो रही है। मामले में संबंधित एसडीएम तरबगंज एवं बीडीओ वजीरगंज को जांच कर रास्ता खुलवाने तथा आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। नगर पंचायत कटरा बाजार निवासी नीलम जायसवाल पत्नी संतोष कुमार ने परिवार की संपत्ति पर अवैध कब्जे के प्रयास, उत्पीड़न एवं जानमाल की धमकी दिए जाने की शिकायत दर्ज कराई।

प्रार्थिनी ने बताया कि उनके बीमार पति के उपचार में भी बाधा उत्पन्न की जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक गोण्डा को जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा प्रत्येक प्रकरण में पांच दिवस के भीतर आख्या अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए।

# आकाशीय बिजली गिरने से दूरसंचार टावर पर लगे उपकरण क्षतिग्रस्त, इंटरनेट सेवाएं बाधित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** गोण्डा जिले के करनैलगंज विकास खण्ड के प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष राहुल सिंह ने एक पत्र जारी कर बताया कि बीते 14 मई को आकाशीय बिजली गिरने से गोण्डा जिले के करनैलगंज विकास क्षेत्र के कन्जेमऊ गांव में स्थित EDIPL कंपनी के दूरसंचार टावर पर लगे उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। इस घटना के बाद क्षेत्र की दूरसंचार व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई और कई गांवों में मोबाइल नेटवर्क तथा इंटरनेट सेवाएं बाधित हो गईं।

ग्रामीणों के अनुसार नेटवर्क ठप होने से ऑनलाइन कार्य, बैंकिंग सेवाएं, पढ़ाई तथा आपातकालीन संपर्क व्यवस्था भी प्रभावित हुई।

राहुल सिंह ने कहा कि तकनीकी टीम द्वारा अस्थायी रूप से दूरसंचार सेवाएं बहाल कर दी गई हैं, लेकिन अभी भी नेटवर्क में रुक-रुक कर समस्या आ रही है। कई स्थानों पर कॉल ड्रॉप, कमजोर सिग्नल और इंटरनेट की धीमी गति जैसी परेशानियां बनी हुई हैं। उन्होंने संबंधित विभाग और कंपनी प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द स्थायी समाधान कर क्षेत्र की दूरसंचार सेवाओं को पूरी तरह सुचारु किया जाए, ताकि आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े।

ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि टावर की तकनीकी जांच कर क्षतिग्रस्त उपकरणों को बदला जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचाव के लिए सुरक्षा इंतजाम मजबूत किए जाएं।

## खबरें एक नजर में

### 9.30 करोड़ में बनेगा चहलवा ग्राम में विसुही पर पुल : विनय द्विवेदी



**नरेंद्र लाल गुप्ता, गोंडा, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को इटियाथोक में मोहनपुर असिधा ग्राम सभा के मजरा चहलवा में विसुही पुल का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी के विधायक विनय कुमार द्विवेदी उर्फ मुन्ना भैया के कर कमलों से संपन्न हुआ वहां की जनता इस बात को लेकर इतनी प्रफुल्लित थी कि अब ऐसा लगता है अब हमारे दिन भी बहुर जाएंगे क्योंकि जब वहां ग्रामीण जनता से पत्रकारों ने पूछा तो उन्होंने बताया यहां हम लोग चंदा लगाकर दो पाइप जोड़कर जुगाड़ से पुल बनाते थे इस पर गिरते पड़ते हम लोग रास्ता चलते थे जब बरसात आती थी तो वह सब बह जाता था और चार महीने पूरे गांव में कमर बराबर पानी भर जाता था इसलिए हमारे मुजेहना विकासखंड के सम्मानित विधायक विनय कुमार द्विवेदी की दृष्टि इस पिछड़े क्षेत्र पर पड़ी और बिसुही नदी पर पुल बनाने की कवायद शुरू हो गई इस पर जब विधायक से समृद्धि न्यूज़ ने बात किया तो उन्होंने बताया कि यह पुल 9.30 करोड़ में बनेगा और कम से कम 15 से 20 गांव की जनता इधर से आवागमन करेगी पुल बनाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ से मांग किया गया था जिसकी स्वीकृति उनके द्वारा कर दी गई है। उनसे जब पूछा गया कि इस पुल का लाभ यहां की जनता को कब तक मिल पाएगा तो उन्होंने कहा लगभग 1 वर्ष में यह पुल बनकर तैयार हो जाएगा। तत्पश्चात वहां के ग्राम प्रधान मोहम्मद फारूख से जब पूछा गया तो उन्होंने बताया मैं मोहनपुर असिधा ग्राम का प्रधान हूं और यह पुल हमारे मजरे चहलवा में बनाया जाना प्रस्तावित है इस गांव की जनता 4 महीने तो बिल्कुल पानी में ही चलती थी इसके बाद भी इस जुगाडू पुल से किसी तरह जीवन यापन करते थे अब पुल बन जाने से इनको भी मुख्यालय आने-जाने में आसानी होने लगेगी। उनसे पूछा गया की आप के द्वारा अपने ग्राम सभा में क्या किया गया। उन्होंने अपने द्वारा कराए गए काम का वर्णन किया और कहा कि अगर जनता मुझे फिर से चुनती है तो शेष बचे हुए सभी कामों को में शत प्रतिशत करने की कोशिश करूंगा।

### उपनिरीक्षक को निरीक्षक पद पर मिली पदोन्नति



**बहराइच समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश उपनिरीक्षक/ निरीक्षक (नागरिक पुलिस) नियमावली-2015 में निहित निर्देशों के अन्तर्गत पात्र एवं उपयुक्तों को ज्येष्ठता के आधार पर प्राधिकृत बोर्ड द्वारा पदोन्नति देते हुये जनपद बहराइच रिजर्व पुलिस लाइन में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्त आनन्द सिंह को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने स्टार व बैच लगाकर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के साथ-साथ पुलिस कार्यालय में नियुक्त अन्य अधिकारी/कर्मचारी द्वारा शुभकामनाएं दी।

### सपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट मे किया प्रदर्शन



- पेपर लीक, महंगाई पर नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

बहराइच समृद्धि न्यूज़ समाजवादी पार्टी के फंटल संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने पेपर लीक, स्मार्ट मीटर और महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर नारेबाजी की और राष्ट्रपति व राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन अधिकारियों को सौंपा। समाजवादी लोहिया वाहिनी सहित पार्टी के अन्य संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे थे। उनका प्रदर्शन मुख्य रूप से पेपर लीक, स्मार्ट मीटर के बढ़ते बिल और बढ़ती महंगाई के विरोध में था। प्रदर्शन में शामिल समाजवादी लोहिया वाहिनी के प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष वर्मा ने कहा कि सरकार की अदूरदर्शिता के कारण छात्रों और युवाओं का भविष्य दांव पर है। उन्होंने पेपर लीक के कारण छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाओं का जिक्र करते हुए सरकार को जिम्मेदार ठहराया। वर्मा ने यह भी आरोप लगाया कि जिले में पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी से लोग जूझ रहे हैं। उन्होंने सरकार से कालाबाजारी पर अंकुश लगाने और बढ़े हुए दामों को वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के बाद, कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा। इस दौरान लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष नंदेश्वर यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीएचओ कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध



- तीन माह से मानदेय व अन्य भुगतान लंबित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** चरदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर कार्यरत सीएचओ कर्मचारियों ने सोमवार को काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले तीन माह से मानदेय नहीं मिला है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। कर्मचारियों ने बताया कि मानदेय के अलावा इंक्रीमेंट, एरियर और पिछले छह माह से पीबीआई (परफॉर्मेंस बेस्ड इंसेंटिव) का भुगतान भी लंबित है। इस वित्तीय अनियमितता के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सीएचओ कर्मचारियों के अनुसार, उन्होंने इस संबंध में पूर्व में अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। हालांकि, अब तक किसी भी उच्च अधिकारी की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि विभाग द्वारा उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आगे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। लगातार उपेक्षा के कारण उनमें रोष बढ़ता जा रहा है। विरोध प्रदर्शन में विनीत कुमार, जवाहर लाल साहू, उदय प्रताप सिंह, जितेंद्र कुमार, अक्षय उपाध्यक्ष, राकेश पाल, रूपेंद्र सिंह, सरिता यादव, मोहिनी, प्रियांशी गौतम, अनामिका, नेहा सिंह और पूनम सहित कई अन्य सीएचओ कर्मचारी शामिल रहे।

# करनैलगंज नगर पालिका में भ्रष्टाचार पर फूटा सभासदों का गुस्सा

## भ्रष्टाचार से आहत सचिन गुप्ता बोले- अब इस्तीफा ही आखिरी रास्ता

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद करनैलगंज में कथित भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी को लेकर नाराजगी अब खुलकर सामने आने लगी है। लगातार शिकायतों और सबूतों के बावजूद कार्रवाई न होने से आहत सभासद सचिन गुप्ता ने सोशल मीडिया पर बड़ा हमला बोलते हुए आगामी बोर्ड बैठक में इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया।

सभासद ने आरोप लगाया कि नगर पालिका में लोकतंत्र नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का राज चल रहा है, जहां जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों की आवाज दबाई जा रही है और पर्दे के पीछे से पूरी व्यवस्था संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के कई मामलों की शिकायत उच्च अधिकारियों से लेकर शासन स्तर तक की गई, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ फाइलें दबाई जाती रहीं। सचिन गुप्ता ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि- जब भ्रष्टाचार पर सवाल उठाने वालों को ही नजरअंदाज किया जाए और जनता के पैसे की खुली लूट पर अधिकारी मौन रहें, तब सभासद बने रहने का कोई औचित्य नहीं बचता। नगर पालिका में विकास कार्यों, संविदा कर्मचारियों, भुगतान और अन्य मामलों को लेकर पहले से ही सवाल उठते रहे हैं। लेकिन अब एक सभासद द्वारा खुलेआम इस्तीफे की चेतावनी दिए जाने से राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शिकायतों की निष्पक्ष जांच हो जाए तो कई बड़े खुलासे सामने आ सकते हैं। वहीं नगर पालिका प्रशासन की चुप्पी भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

अब देखना होगा कि आगामी बोर्ड बैठक में सचिन गुप्ता अपना इस्तीफा सौंपते हैं या फिर प्रशासन भ्रष्टाचार के आरोपों पर कोई ठोस कदम उठाता है।

# कंबाइन से टकराई कार चार दोस्तों की मौत, दो घायल

- 20 फिट दूर जा गिरी, छत उखड़कर गायब
- नेपाल से घूमकर लौट रहे थे घर, रास्ते में हुआ हादसा




**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार कार की कंबाइन से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार करीब 20 फीट घिसटते हुए सड़क किनारे झाड़ियों में जा गिरी। हादसे में कार में सवार 6 लोग अंदर ही कुचल गए। 4 दोस्तों की मौत हो गई। 2 गंभीर घायल हैं। कंबाइन सड़क किनारे खड़ा था। अचानक सड़क की ओर मुड़ने लगा, तभी सामने से आ रही टाटा पंच कार टकरा गई।

भीषण टक्कर के कारण 7 फिट की कार 4 फिट की रह गई। अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार की छत भी उड़ गई। कार चालक का जबड़ा कट गया। वहीं कंबाइन चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ही गोद में शवों को उठाकर मॉर्च्यूरी और अस्पताल भिजवाया। घटना जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर बहराइच नानपारा मार्ग पर मेटरा थाना क्षेत्र के डिगवा पेट्रोल पंप के पास की है। सभी दोस्त नेपाल घूमकर अपने घर लौट रहे थे। बहराइच के रहने वाले 6 दोस्त टाटा पंच कार से 4 दिन पहले नेपाल घूमने गए थे। रविवार रात अपने घर लौट रहे थे। तभी रात करीब 10:40 बजे बहराइच-नानपारा मार्ग पर मटेरा थाना क्षेत्र के डिगवा पेट्रोल पंप से करीब एक किलोमीटर आगे पहुंचे थे। तभी रोड साइड से सड़क की ओर टर्न ले रहे कंबाइन से सीधे टकरा गए। टककर के बाद कार फिसलते हुए रोड किनारे झाड़ियों में पलट गई। भीड़ जुटती देख कंबाइन चालक गाड़ी को छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पर एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव, एसपी ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी और मटेरा थाना प्रभारी हरिकेश सिंह पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे।पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर सभी लोगों को बाहर निकाला। कार में खून ही खून फैला था। 4 की मौत हो चुकी थी, दो की सांसें चल रही थीं। पुलिस ने शवों को मॉर्च्यूरी भिजवाया। दोनों घायलों को पहले नानपारा सीएचसी भेजा गया। देर रात जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।राम गांव थाना के मुकेरिया गांव निवासी अनिल कुमार (40) पुत्र सुरेश, मेटुकहा गांव निवासी अनिल कुमार (42) पुत्र श्याम नारायण, फतेहपुरवा मोहम्मदपुर गांव निवासी महेंद्र पाल (45) पुत्र राधेश्याम और थाना दरगाह शरीफ के हम्जापुरा गांव निवासी अल्ताफ अहमद (38 ) पुत्र अब्दुल कादिर के रूप में हुई है। शिवम श्रीवास्तव (30) पुत्र वेदप्रकाश थाना कोतवाली नगर के चित्र शाला रोड निवासी और ब्राह्मणीपुरा निवासी अश्वनी कुमार (30) पुत्र रामकमल के रूप में हुई है। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### मेडिकल स्टोर चलाते थे महेंद्र

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक महेंद्र पाल मेडिकल स्टोर का संचालन करते थे उनका एक बेटा है। मृतक अल्ताफ नर्सिंग होम में काम करता था। वहीं मृतक अनिल कुमार एक निजी दवा कंपनी में एमआर थे। उनके घर में पत्नी व दो बेटियां हैं।

### एसपी बोले- हादसे की जांच जारी

एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि कंबाइन से टक्कर होने के कारण यह हादसा हुआ है। चार लोगों की मौत हुई है और दो लोग घायल हैं। हादसे के कारणों की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। मटेरा थाना प्रभारी हरिकेश सिंह के मुताबिक, दुर्घटना के संबंध में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और फरार चालक की तलाश जारी है।

# थाने से फरार आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

- जवाबी फायरिंग में पैर में लगी गोली, बच्ची हत्याकांड का है आरोपी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

खैरीघाट थाने से बच्ची हत्याकांड में फरार आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में रविवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लगी है। इसके बाद घायल आरोपी को शिवपुर अस्पताल लाया गया है। घटना रविवार रात करीब 9 बजे सोबतिया मोड़ इमामगंज बंधे की है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

15 मई 2026 की देर शाम मथुरा गांव निवासी मेवालाल ने अपनी नातिन के घर से गायब होने की सूचना खैरीघाट थाने में दी थी। सूचना मिलते ही पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बच्ची की तलाश शुरू कर दी। अगले दिन 16 मई को बच्ची का शव मक्के के खेत में बरामद हुआ। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जांच के दौरान मैनुअल और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर अरुण पिता छोटेलाल निवासी मथुरा की घटना में संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की। पूछताछ में आरोपी ने घटना के दिन पहने गए कपड़े छिपाने की बात बताई। बरामदगी के लिए ले जाते समय रविवार शाम करीब 7 बजे आरोपी अलीनगर क्षेत्र से पुलिस हिरासत से फरार हो गया। इसके बाद पुलिस टीमों द्वारा लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी। रात करीब 9 बजे सोबतिया मोड़ इमामगंज बंधे पर चेकिंग के दौरान आरोपी अरुण का सामना पुलिस से हो गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर में गोली लग गई। घायल आरोपी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर भेजा गया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक 12 बोर का तमंचा भी बरामद किया है। एसपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया खैरीघाट थाना क्षेत्र के अलीनगर कला के पास से पुलिस कस्टड़ी से फरार हुआ था। यह नेपाल भागने के फिराक में था। सोहबतिया के पास बेलहा बहरौली तटबंध पर मुठभेड़ हो गई। आरोपी के पैर में गोली लगी है। मथुरा में मासूम बच्ची के हत्या कांड का मुख्य आरोपी है।

### जमीनी विवाद में लाठी-डंडा व तलवार से हमला, मां-बेटे समेत कई घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के चौकसाहार ग्राम पंचायत अंतर्गत परागी बेली गांव में सोमवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों व तलवार से हमला कर दिया, जिसमें मां-बेटे समेत कई लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दो लोगों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 11 बजे जमीन को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। गांव निवासी सुंदर लाल पुत्र बंशीलाल ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि गांव के प्रमोद, विष्णु, कामेश्वर, राजपत समेत कई लोग लाठी-डंडा और तलवार लेकर उनके घर में घुस आए और हमला कर दिया। हमले में सुंदर लाल के पुत्र राकेश (40) व पत्नी राधा देवी (65) गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं विवेक, राजकुमार तथा उत्तम की पत्नी को भी चोटें आई हैं। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची खैरीघाट पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर पहुंचाया। सीएचसी शिवपुर के चिकित्सक डॉ. विकास सिंह ने बताया कि राकेश और राधा देवी के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

- जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम
- हादसे के बाद परिवार में मचा कोहराम, बाइक हुई चकनाचूर

**कैसरगंज-बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कैसरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुड़ोनी निवासी एक युवक की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार सरकारी रोडवेज बस ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक अंकित कुमार (उम्र लगभग 26 वर्ष) पुत्र रामनरेश निवासी ग्राम पंचायत कुड़ोनी थाना कैसरगंज अपनी मोटरसाइकिल [illegible]0 [illegible] 1423 से अपने भाई की ससुराल थाना रामगांव क्षेत्र के लालापुरवा जा रहा था। इसी दौरान बहराइच कोतवाली क्षेत्र की पुलिस चौकी बेड़नापुर के निकट सीतापुर से बहराइच आ रही रोडवेज बस संख्या 3542 ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और युवक सड़क पर दूर जा गिरा। हादसे में उसके सिर, हाथ और पैरों में गंभीर चोटें आई। घटना की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी बेड़नापुर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायल युवक को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। युवक की पहचान उसके पास मिले आधार कार्ड से हुई, जिसके बाद कैसरगंज पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत-जलालपुर विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 19.05.2026-27

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जलालपुर की ODF+PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 21-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक- 22-5-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| शिव प्रसाद पांडे | विजय मिश्रा |
| ग्राम प्रधान | पंचायत सचिव |
| ग्रा.पं.-जलालपुर,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच | ग्रा.पं.-जलालपुर ,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच |

**कार्यालय ग्राम पंचायत-बरानिजाम विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 19.05.2026-27

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरानिजाम की ODF+PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 21-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक- 22-5-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| दिनेश वर्मा | विजय मिश्रा |
| ग्राम प्रधान | पंचायत सचिव |
| ग्रा.पं.-बरानिजाम,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच | ग्रा.पं.-बरानिजाम ,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच |

**कार्यालय ग्राम पंचायत-सिसहना विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 19.05.2026-27

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिसहना की ODF+PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 21-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक- 22-5-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| राम निहाल | विजय मिश्रा |
| ग्राम प्रधान | पंचायत सचिव |
| ग्रा.पं.-सिसहना,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच | ग्रा.पं.-सिसहना ,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच |

**कार्यालय ग्राम पंचायत-कुरसहा विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 19.05.2026-27

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुरसहा की ODF+PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 21-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक- 22-5-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| राम विलास यादव | विजय मिश्रा |
| ग्राम प्रधान | पंचायत सचिव |
| ग्रा.पं.-कुरसहा,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच | ग्रा.पं.-कुरसहा ,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच |

**कार्यालय ग्राम पंचायत-सेमरौना विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 19.05.2026-27

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सेमरौना की ODF+PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 21-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक- 22-5-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| आज्ञा राम तिवारी | विजय मिश्रा |
| ग्राम प्रधान | पंचायत सचिव |
| ग्रा.पं.-सेमरौना,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच | ग्रा.पं.-सेमरौना ,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच |

**कार्यालय ग्राम पंचायत ककरा मोहम्मद पुर विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 19.05.2026-27

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ककरा मोहम्मद पुर की ODF+PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 21-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक- 22-5-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| पुत्ती लाल | विजय मिश्रा |
| ग्राम प्रधान | पंचायत सचिव |
| ग्रा.पं.-ककरा मोहम्मदपुर,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच | ग्रा.पं.-ककरा मोहम्मदपुर,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच |

**कार्यालय ग्राम पंचायत-कांधभारी विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच**

दिनांक- 19.05.2026-27

(वार्षिक निविदा सूचना)

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कांधभारी की ODF+PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2026-027 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोडी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 21-5-2026 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक- 22-5-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

| | |
|---|---|
| पवन कुमार पाठक | विजय मिश्रा |
| ग्राम प्रधान | पंचायत सचिव |
| ग्रा.पं.-कांधभारी,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच | ग्रा.पं.-कांधभारी,वि.खं.-विशेश्वरगंज, बहराइच |

# आंधी-तूफान प्रभावित जिलों में बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने का फरमान

- विद्युत कैंपों की रोजाना मॉनिटरिंग और शिकायतों पर जोर
- बरसात से पहले हो जाये नाले-नालियों की सफाई : शर्मा



लखनऊ, समृद्धि न्यजू।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने ऊर्जा विभाग एवं नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रदेश के विभिन्न जनपदों में विद्युत आपूर्ति, उपभोक्ता समस्याओं के निस्तारण तथा नगर विकास से संबंधित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि जहां-जहां विद्युत कैंप लगाए जा रहे हैं, वहां संबंधित अधिकारी नियमित निगरानी करें तथा प्रतिदिन देखें कि कितनी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, उनकी प्रकृति क्या है तथा उनका वर्गीकरण कर उसका विश्लेषण किया जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में यूपीपीसीएल के अध्यक्ष नीतीश कुमार सहित अधिकारी उपस्थित रहे, जबकि डिस्कॉम के एमडी वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। इसमें वंदना योजना, अंत्येष्टि स्थल, सीएमएनएसवाई, कम ग्रेड उपवन योजना सहित अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि कई जनपदों में लीगेसी वेस्ट के निस्तारण हेतु अच्छा कार्य हो रहा है, जो सराहनीय है। स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर निकायों द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी प्रशंसा की गई। नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिए कि बरसात से पूर्व नाले-नालियों की सफाई समय रहते पूर्ण कर ली जाए, ताकि जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। जहां कहीं सड़कें टूटी हों, जलभराव हो रहा हो अथवा अन्य नगरीय समस्याएं हों, वहां तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान प्रमुख सचिव पी गुरु प्रसाद, सचिव अनुज झा, रविंद्र कुमार, विशेष सचिव सत्यप्रकाश पटेल, प्रवीण लक्षकार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### युद्धस्तर पर दिन-रात कार्य कर विद्युत व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुचारु किया जाए

जहां भी विद्युत फाल्ट, ट्रांसमिशन संबंधी समस्या अथवा ट्रांसफार्मर जलने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, वहां तत्काल कार्रवाई करते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं। हाल ही में आए आंधी-तूफान के कारण रायबरेली, प्रतापगढ़, भदोही एवं प्रयागराज सहित कई जनपदों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित हुई थी।
ऊर्जा मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि युद्धस्तर पर दिन-रात कार्य कर विद्युत व्यवस्था को पूर्ण रूप से सुचारु किया जाए। बैठक में डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं चुनौतियों की जानकारी दी तथा कहा कि विशेष कैंपों के माध्यम से अधिक से अधिक उपभोक्ता समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा।

# प्रख्यात ज्योतिषी ऋतु सिंह को मिली शिवाश्री उपाधि

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



देश की मशहूर ज्योतिषी व शिव कथा मर्मज्ञ ऋतु सिंह को सोमवार को अयोध्या में अनंत विभूषित जानकी घाट बड़ा स्थान मंदिर में देश के अग्रणी संत पूज्य मंहत जन्मेजय शरण महाराज द्वारा शिवाश्री की उपाधि प्रदान की। इस अवसर पर संत शिरोमणि ने कहा कि यह पल मठ के लिये अत्यंत प्रसन्नता का सूचक है एवं सनातन धर्म व ज्योतिष के प्रचार प्रसार व अंतरराष्ट्रीय स्वीकार्यता हेतु समय समय पर वे ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते हैं ताकि विद्वान मनीषियों का समाज से परिचय व उन्हें सर्वोच्च स्वीकार्यता मिल सके।

इसी क्रम में देश की विद्वान व अग्रणी ज्योतिषी ऋतु सिंह को उनकी शिव भक्ति व ज्योतिषीय ज्ञान एवं किशोरी जी व राधा जी के प्रति अनन्य निष्ठा के परिपेक्ष्य में उन्हें श्री जानकीघाट बड़ा स्थान मंदिर श्री अयोध्या जी से शिवाश्री की उपाधि प्रदान की जाती है एवं आज से उन्हें शिवाश्री ऋतु के नाम से जाना जायेगा साथ ही इस सम्मान के साथ वह परम्परागत व आध्यात्मिक रूप से इस प्राचीन पीठ से जुड़कर धर्म प्रचार का कार्य भी करेंगीं।

इस अवसर पर ऋतु सिंह ने कहा कि ये पल उनके लिए एक भावपूर्ण समय है उनके ज्योतिषीय ज्ञान व प्रभु भक्ति को मान्यता देने के लिये वह पूज्य महाराज की आभारी हैं उनके मुताबिक समूचे जीवनकाल में प्रभु कृपा से ही ऐसे पल आते हैं जब आप अपने परिवार, समाज व कुल को गौरवान्वित करते हैं उनके ज्योतिषीय जीवन में ये वही पल है और वो शिवाश्री ऋत नाम को सहर्ष अंगीकार करतीं हैं। देश व विदेशों में लोकप्रिय ऋतु सिंह को इससे पहले वैदिक ज्योतिष में उनकी उपलब्धियों व शोधों पर कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है।

## खबरें एक नजर में

### लखनऊ मेट्रो फेज-1बी के लिए त्रिपक्षीय एमओयू मंजूर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लखनऊ मेट्रो परियोजना फेज–1बी ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर चारबाग से वसंतकुंज के लिए भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लि. के मध्य त्रिपक्षीय मेमोरेंडम ऑफअंडरस्टैंडिंग एमओयू के निष्पादन को मंजूरी प्रदान कर दी गई वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि इस परियोजना की डीपीआर को पहले ही कैबिनेट में अनुमोदित किया जा चुका था और अब 5801.05 करोड़ रुपये की अनुमोदित लागत पर सहमति दी गई है। परियोजना में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की 50–50 प्रतिशत भागीदारी होगी। चारबाग से वसंतकुंज तक बनने वाला यह ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर राजधानी लखनऊ में यातायात व्यवस्था को और सुदृढ़ करेगा तथा नागरिकों को आधुनिक और सुगम सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगा। लखनऊ मेट्रो फेज–1बी ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर की डीपीआर को 5 मार्च 2024 को सम्पन्न कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति दी गई थी। इसके बाद आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार ने 3 सितंबर 2025 को परियोजना की कुल लागत 5801.05 करोड़ रुपये को मंजूरी प्रदान करते हुए परियोजना का अनुमोदन किया था। भारत सरकार द्वारा जारी स्वीकृति पत्र में यह शर्त रखी गई थी कि परियोजना के क्रियान्वयन के लिए केंद्र सरकार, राज्य सरकार और उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के बीच त्रिपक्षीय एमओयू किया जाएगा। इसी क्रम में न्याय विभाग द्वारा विधिवत परीक्षण एवं संशोधन के बाद तैयार एमओयू के प्रारूप को अब योगी कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी है।

### आशियाना में तीन दुकानों के ताले तोड़कर नकदी चोरी, घटना सीसीटीवी में कैद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। आशियाना थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह बाइक सवार तीन चोरों ने तीन दुकानों को निशाना बनाया। बदमाशों ने हजारों रुपए की नकदी चोरी कर ली। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस चोरों की तलाश कर रही है। पीड़ित मनीष कुमार मौर्य, निवासी रुचि खंड-1, शारदा नगर, ने बताया कि उनकी फोटो स्टूडियो और जनसेवा केंद्र की दो दुकानें हैं। इनमें से एक दुकान बंगला बाजार पुलिस चौकी के पास स्थित है, जबकि दूसरी सालेह नगर तिराहा स्थित राहुल मार्केट में है। मनीष के अनुसार, सोमवार देर रात करीब तीन बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी दोनों दुकानों के शटर के ताले टूटे हुए हैं। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, जहां डायल–112 पुलिस पहले से मौजूद थी। दुकानों की जांच करने पर पाया गया कि गल्लों के ताले भी तोड़े गए थे और उनमें रखी नकदी चोरी हो गई थी। पीड़ित के मुताबिक, सालेह नगर स्थित दुकान से लगभग 15 से 16 हजार रुपये, जबकि बंगला बाजार स्थित दुकान से करीब 20 हजार रुपये चोरी हुए हैं। मनीष ने यह भी बताया कि उनकी दुकान के पास ही उनके एक मित्र की दुकान है, जिसे भी चोरों ने निशाना बनाते हुए वहां से चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि देर रात इलाके में बाइक सवार तीन युवक घूमते हुए दिखाई दिए थे। सीसीटीवी फुटेज में भी तीन युवक मोटरसाइकिल से आते और दुकानों के पास रुकते हुए नजर आ रहे हैं। इस घटना के बाद इलाके के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। व्यापारियों ने रात में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

### एसजीपीजीआई के एलटीयू वार्ड में मरीज का खून से लथपथ मिला शव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। एसजीपीजीआई में भर्ती बुजुर्ग मरीज का बेड पर खून से लथपथ शव मिला। धारदार हथियार से उसका गला रेता गया था। पास में खून से सना सर्जिकल ब्लेड भी मिला है। माना जा रहा है कि उसी से मरीज का गला रेता गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस, फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड ने साक्ष्य जुटाए हैं। शुरुआती जांच में पुलिस इसे बीमारी से परेशान होकर आत्महत्या करना मान रही है। लेकिन हत्या की बात से भी पूरी तरह से इनकार नहीं कर रही है। पुलिस का कहना है कि सभी एंगल पर बारीकियों से जांच की जा रही है। घटना सोमवार तड़के लिवर ट्रांसप्लांट यूनिट (एलटीयू) वार्ड में हुई। मृतक की पहचान लिवर कैंसर के मरीज मुस्ताक अली (61) के रूप में हुई। वे बस्ती के रहने वाले थे। वार्ड में ही सो रहे उनके सगे भाई मुख्तार अली को इसकी भनक तक नहीं लगी। मुस्ताक अली के सगे भाई मुख्तार अली उनके साथ वार्ड में थे। वे रात में वार्ड में मुस्ताक अली के पास ही जमीन पर सो रहे थे। मुख्तार का कहना है कि तड़के किसी भी तरह की चीख–पुकार या आवाज नहीं सुनाई दी। न ही किसी तरह की कोई हलचल हुई। पुलिस के मुताबिक, सुबह पौने छह बजे घटना का आधिकारिक मेमो मिला। जिसके बाद हजरतगंज और स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), अपर उपायुक्त (एडीसीपी)) और सहायक पुलिस आयुक्त (ए) ने भी घटनास्थल का मुआयना किया। वार्ड के अंदर सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं। अन्य जगह और कॉरिडोर के कैमरे हैं। उनकी फुटेज खंगाली जा रही है। एसजीपीजीआई के सीएमएस देवेंद्र गुप्ता ने बताया- सोमवार सुबह पौने छह बजे के करीब मरीज के मौत की जानकारी मिली। ये पहले मेरे भी आईसीयू में भर्ती हुए थे। कैंसर की बीमारी के अलावा आर्थिक तंगी की बात भी सामने आ रही थी। इन्हें हार्ट की भी कुछ समस्या थी। उनका इलाज जरूर चल रहा था पर एडवांस स्टेज कैंसर होने के कारण कंडीशन ठीक नहीं थी। पुलिस इन्वेस्टीगेशन कर रही है। आगे की डिटेल जांच के बाद ही पता चल सकेगी।

# कार्यकाल बढ़ाने के लिए धरने पर बैठे ग्राम प्रधानों को डिप्टी सीएम ने खिलाई मिठाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

यूपी में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल अगले सप्ताह पूरा हो रहा है। आरक्षण प्रक्रिया के कारण चुनाव आगे बढ़ेगा। चुनाव न होने तक पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने की हलचल है। उधर, ग्राम प्रधानों की तरफ से कार्यकाल बढ़ाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसी क्रम में सैकड़ों ग्राम प्रधान, राजधानी लखनऊ पहुंचकर धरने पर बैठ गए हैं।

सोमवार को हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा के पास प्रधानों का धरना चल रहा था। उप-मुख्यमंत्री बृजेश पाठक प्रधानों के बीच पहुंच गए। भयंकर गर्मी थी। डिप्टी सीएम ने प्रधानों का हालचाल जाना। उनकी मांग सुनी। पानी पिलवाया और मिठाई खिलाई।



आश्वस्त किया कि उनकी मांग पहुंचा दी जाएगी। सोमवार को ही यूपी कैबिनेट ने पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन को मंजूरी दी है। दरअसल, पंचायतों में आरक्षण प्रक्रिया लागू होनी है। चूंकि अभी तक आयोग ही गठित नहीं हुआ था। अब प्रस्ताव को मंजूरी मिली है तो पिछड़ा वर्ग आयोग गठित होगा और छह महीने के अंदर यह अपनी रिपोर्ट देगा। उसी आधार पर पंचायतों में आरक्षण प्रक्रिया लागू होगी। हालांकि पंचायत चुनाव से जुड़ा मामला अभी कोर्ट में भी विचाराधीन है। बहरहाल, प्रधान कार्यकाल बढ़ाने की मांग उठाए हैं। उधर, शासन स्तर पर पंचायतों में प्रशासक नियुक्त करने पर मंथन की बातें सामने आ रही हैं।

सनद रहे कि यूपी में 26 मई को ग्राम प्रधानों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसी के साथ जिला पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायतों सदस्यों का भी कार्यकाल समाप्त हो रहा है। बीच में, यूपी के गांव-गांव त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही थीं। प्रत्याशी भी पूरी दमखम झोंकने लगे थे। लेकिन अभी पंचायत चुनाव टलने पर गांवों की सियासत फिर से शांत होने लगी है।

### लोहिया संस्थान में बनेगा 1010 बेड का अत्याधुनिक इमरजेंसी सेंटर



लखनऊ, समृद्धि न्यूज। योगी कैबिनेट को बैठक में डॉ. राम मनोहर लोहिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के नवीन परिसर शहीद पथ गोमती नगर विस्तार सेक्टर-7 में 1010 बेडेड मल्टी स्पेशलिटी इमरजेंसी सेंटर अस्पताल नवीन ओपीडी ब्लॉक एवं टीचिंग ब्लॉक के निर्माण संबंधी परियोजना को मंजूरी प्रदान की गई। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 855 करोड़ 4 लाख 34 हजार रुपये की स्वीकृति दी गई है।
महत्वाकांक्षी परियोजना अंतर्गत अत्याधुनिक सुविधा युक्त मल्टी स्पेशलिटी इमरजेंसी सेंटर अस्पताल का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 1010 बेड स्थापित किए जाएंगा मरीजों की बढ़ती संख्या और बेहतर उपचार व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए एक नया ओपीडी ब्लॉक भी बनाया जाएगा, जिससे प्रदेशवासियों को अधिक सुव्यवस्थित और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# ऐसा आचरण करें कि स्थानांतरण के समय भावुक होकर याद करे जनता : केशव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति-पत्र वितरण कार्यक्रम में कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब उत्तर प्रदेश विकसित होगा और विकसित यूपी के निर्माण में नई पीढ़ी के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभिन्न विभागों में चयनित 932 अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता उनके अथक परिश्रम और संकल्प का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि आज भारत और उत्तर प्रदेश का नाम पूरी दुनिया में सम्मान के साथ लिया जा रहा है तथा यह सुशासन, ईमानदार प्रशासन और जनकल्याणकारी नीतियो का परिणाम है। आने वाले समय में प्रशासनिक दायित्व नई पीढ़ी के हाथों में होगा, इसलिए चयनित अधिकारी समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी ईमानदारी और संवेदनशीलता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण, प्रत्येक अधिकारी का दायित्व है कि गरीब, किसान, युवा और वंचित वर्ग को मुख्यधारा से जोड़ने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने चयनित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उन्हें कर्तव्यपथ पर निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# वकीलों ने बंद कराया डीएम ऑफिस अफसरों की गाड़ियां भी रोकीं



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी में वकीलों ने सोमवार को डीएम ऑफिस बंद करा दिया। स्वास्थ्य भवन चौराहे से कलेक्ट्रेट जाने वाला रास्ता बंद कर दिया। अफसरों-कर्मचारियों की गाड़ियों को भी नहीं जाने दिया।

सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने भी बैरिकेडिंग कर दी। वकीलों ने 3 दिन कार्य बहिष्कार का ऐलान किया है। वकील कलेक्ट्रेट में घूम-घूमकर सरकारी कार्यालयों को बंद कराया। इससे प्रशासनिक कामकाज प्रभावित हुआ।

मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के वकीलों ने 2 दिन कार्य बहिष्कार का ऐलान करके तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। दरअसल, रविवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के आदेश पर नगर निगम ने कचेहरी के आसपास बने वकीलों के अवैध चौंबर व दुकानें तोड़ी थीं। इस दौरान पथराव और लाठीचार्ज हुआ था। इस कार्रवाई से वकील नाराज हैं। स्वास्थ्य भवन चौराहे पर वकीलों ने रास्ता बंद कर दिया है। स्वास्थ्य भवन चौराहे से कलेक्ट्रेट ऑफिस तक रास्ता बंद है। इधर से अधिकारियों और आम लोगों को भी कलेक्ट्रेट की ओर नहीं जाने दे रहे हैं।

मोहनलालगंज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला और महामंत्री राम लखन यादव के नेतृत्व में वकीलों ने दो दिनों के कार्य बहिष्कार का ऐलान किया है। वकीलों ने मोहनलालगंज तहसील में जोरदार प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताया और चेंबर तोड़े जाने की घटना की कड़ी निंदा की। अधिवक्ताओं का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई से वकीलों में भारी रोष है और जब तक दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान एडवोकेट शिव अटल सिंह, श्रवण यादव, केपी सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बांदा को साजिश के तहत खत्म कर रही है भाजपा सरकार : अखिलेश

- अवैध खनन को लेकर पूर्व सीएम ने भाजपा पर बोला करारा हमला

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बांदा में कथित अवैध खनन को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोला है। बांदावासियों के नाम जारी एक भावुक अपील में उन्होने कहा कि निर्मम उत्खनन के कारण बांदा को साजिशन खत्म किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, ष् अगर शोषण-दोहन यूँ ही जारी रहा तो एक दिन दुनिया कहेगीरू एक था बांदा। अखिलेश यादव ने कहा कि आज की धन लोभी भाजपा सरकार और उनके पालित-पोषित लालची ठेकेदारों द्वारा किए जा रहे उत्खनन से बांदा मिटाया जा रहा है और दूसरी जगहों को बसाया जा रहा है। इस प्राकृतिक उत्पीड़न के कारण स्थानीय पैदावार चक्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

सपा प्रमुख ने कहा कि काम-कारोबार की कमी से लोग पलायन कर रहे हैं। इससे बांदा प्राकृतिक पलायन का शिकार हो रहा है। इसका असर यह हुआ है कि बांदा की हर संपत्ति का मूल्य घट रहा है और मान भी। सपा प्रमुख ने बांदा के प्राकृतिक,



सांस्कृतिक, धार्मिक व ऐतिहासिक गौरव और पर्यटन को बचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक, पत्रकार, पर्यावरण संरक्षक, छात्र-युवा संगठन, महिला शक्ति, सांस्कृतिक-साहित्यिक आंदोलनकारी व सामाजिक सरोकारों से जुड़ी हस्तियां, क्लब और सोसाइटियां राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट हों। अखिलेश ने चेताया कि अगर अभी सक्रिय नहीं हुए तो पर्यावरण के नक्शे पर बांदा कहीं नहीं दिखेगा और अपना सामाजिक-आर्थिक महत्व भी हमेशा के लिए खो देगा।

# अवध के खिलाड़ियों ने रचा इतिहास, जीते सात गोल्ड मेडल

- मोहम्मद हुजैफा और अनुष्का सिंह समेत 7 खिलाड़ियों ने नेशनल ताइक्वांडो में जीता गोल्ड मेडल

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश की खेल प्रतिभाओं ने एक बार फिर राष्ट्रीय पटल पर अपना परचम लहराया है। कानपुर में आयोजित 23वीं ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कोच तौक़ीर अली अवध ताइक्वांडो एकेडमी के जांबाज खिलाड़ीयों ने गोल्ड मेडल जीत कर किया लखनऊ का नाम रोशन व खिलाड़ियों ने अपने हैरतअंगेज प्रदर्शन से विरोधी टीमों को पस्त करते हुए पदकों की झंड़ी लगा दी। 16 और 17 मई को चली इस कड़े मुकाबले वाली दो दिवसीय



चैंपियनशिप में देश भर के दिग्गज खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, लेकिन उत्तर प्रदेश के जांबाजों के आगे कोई टिक नहीं सका।

मैदान पर अपनी फुर्ती और अचूक तकनीक की चमक बिखेरने वाले खिलाड़ियों में शौर्य प्रताप सिंह, मोहम्मद हुजैफा,अनुष्का सिंह, शाहिदुल इस्लाम, युवराज, साक्षी कनौजिया और अतुल गुप्ता ने अपनी श्रेणी में कड़े मुकाबलों को जीतते हुए, स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। विशेष रूप से इन नन्हे और युवा मार्शल आर्टिस्ट्स की शानदार फाइट पूरे टूर्नामेंट में चर्चा का विषय रही। राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर इन खिलाड़ियों ने न केवल अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है, बल्कि अपने कोच और संस्था का गौरव भी पूरे देश में बढ़ाया है। इस दो दिवसीय सफल आयोजन के समापन पर खेल प्रेमियों और खेल जगत की हस्तियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

### राजधानी में सुबह कई पंपों पर नहीं मिला पेट्रोल, दिन चढ़ने के साथ हालात सामान्य

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में सोमवार सुबह कई पंपों पर पेट्रोल नहीं मिला। पंपकर्मियों ने स्टॉक न होने की बात कहकर लोगों को लौटा दिया। इसके बाद अन्य पंपों पर लोगों की भीड़ जुट गई। कोनेश्वर पंप पर पेट्रोल भरवाने के लिए लोगों की कतारें लग गईं। हालांकि, दिन चढ़ने के साथ हालात सामान्य होते दिखे और प्रशासन व पंप संचालकों ने साफ किया कि शहर में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, इसलिए किसी तरह की अफरा-तफरी की जरूरत नहीं है। आज सुबह लखनऊ के अलग-अलग इलाकों, खासकर पुराने शहर के हिस्सों में कई पेट्रोल पंपों पर ग्राहकों को पेट्रोल नहीं मिल सका। पंप कर्मचारियों ने कुछ समय के लिए स्टॉक खत्म होने की बात कही। लोग बिना पेट्रोल लिए ही वापस लौटे। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इससे पहले भी कुछ इलाकों में इस तरह की अस्थायी किल्लत देखी जा चुकी है।

**कार्रवाई** | एनकाउंटर में मेरठ जोन पूरे प्रदेश में पहले स्थान पर

# नौ वर्षों में 289 दुर्दांत अपराधी पुलिस मुठभेड़ में ढेर, 34,253 गिरफ्तार

- योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जारी है एनकाउंटर की कार्रवाई

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

योगी सरकार ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत प्रदेश में नौ वर्षों में अपराध और अपराधियों के खिलाफताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए 289 दुर्दांत अपरधियों को मुठभेड़ में ढेर कर यमलोक पहुंचाया है।

पुलिस ने 17,043 मुठभेड़ की कार्रवाइयां कीं, जिनमें 34,253 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। एनकाउंटर की कार्रवाई में 11,834 अपराधी घायल हुए। अपराधियों से



लोहा लेते हुए 18 पुलिसकर्मी शहीद हो गये जबकि 1,852 पुलिसकर्मी घायल हुए।सबसे अधिक मुठभेड़ मेरठ जोन में दर्ज की गई, जहां पुलिस ने 4,813 कार्रवाई की गईं। इस कार्रवाई में 8,921 अपराधी दबोचे गये जबकि 3,513 अपराधियों को घायल हुए। वहीं 97 कुख्यात अपराधियों को मौके पर ही मार गिराया गया।

मेरठ जोन की मुठभेड़ के दौरान 477 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए दो पुलिसकर्मी शहीद हो गये। एनकाउंटर कार्रवाई ने पूरे प्रदेश में मेरठ जोन पहले स्थान पर रहा है। वाराणसी जोन में 1,292 मुठभेड़ हुई, जिनमें 2,426 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया 29 अपराधियों को मुठभेड़ में ढेर किया गया। 907 अपराधी और 104 पुलिसकर्मी घायल हुए। पूरे प्रदेश में वाराणसी जोन एनकाउंटर कार्रवाई में दूसरे स्थान पर है। एनकाउंटर कार्रवाई में पूरे प्रदेश में आगरा जोन तीसरे स्थान पर है। यहां 2,494 एनकाउंटर की कार्रवाई की गई, जिनमें 5,845 अपराधियों को दबोचा गया। इस दौरान 968 अपराधी घायल हुए जबकि 24 अपराध मार गिराए गए। मुठभेड़ के दौरान 62 पुलिसकर्मी घायल हुए। एनकाउंटर आंकड़ों पर नजर डालें तो बरेली जोन में 2,222 मुठभेड़ के दौरान 21 दुर्दांत अपराधियों को मारा गया, लखनऊ जोन में 971 मुठभेड़ के दौरान 20 अपराधी मारे गए। गाजियाबाद कमिश्नरी में 7,89 मुठभेड़ों में 18 अपराधी मारे गये। सभी कमिश्नरेट में यह सबसे अधिक है। कानपुर जोन में 791 मुठभेड़ों में 12, लखनऊ कमिश्नरी में 147 मुठभेड़ों में 12 और प्रयागराज जोन में 643 मुठभेड़ों में 11 अपराधियों को मारा गया।

इसी तरह आगरा कमिश्नरी में 489 मुठभेड़ों में 10, गौतमबुद्ध नगर में 1,144 मुठभेड़ों में 9, गोरखपुर जोन में 699 मुठभेड़ों में 8, वाराणसी कमिश्नरी में 146 मुठभेड़ों में 8, प्रयागराज कमिश्नरी में 150 मुठभेड़ों में 6 और कानपुर कमिश्नरी में 253 मुठभेड़ों में 4 अपराधियों को ढेर किया गया।

# माता-पिता को साथ लेकर चलें : जैकी श्रॉफ

- दादा भी, सुपरहीरो भी.. बच्चों की कल्पनाओं को नई उड़ान देने आ रही फिल्म द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

बच्चे अब मॉर्डन हो चुके हैं। ऐसे में, उनकी दुनिया सिर्फ किताबों और कार्टून देखने तक सीमित नहीं रह गई है। वे अपने आसपास के लोगों में भी सुपरहीरो ढूँढ लेते हैं.. कभी अपने पापा में, तो कभी अपने दादा में। इसी मासूम सोच, परिवार के प्यार और बच्चों की कल्पनाओं को बड़े पर्दे पर लेकर आ रही है फिल्म द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो। फिल्म के प्रमोशन के सिलसिले में जैकी श्रॉफ और तीन बार राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक मनीष सैनी लखनऊ पहुँचे, जहाँ उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए फिल्म से




जुड़े कई दिलचस्प अनुभव साझा किए।

बच्चों के साथ अपने जुड़ाव को लेकर दिग्गज कलाकार जैकी श्रॉफ ने कहा, मैं बच्चों के साथ हमेशा बच्चा बनकर रहता हूँ। मुझे सारे बच्चे मेरे बेटे टाइगर की तरह ही लगते हैं, इसलिए स्वाभाविक रूप से मेरा प्यार उनके लिए बेहद खास हो जाता है और मैं खुद भी उनके सामने बच्चा बन जाता हूँ। परिवारों को छोटी-छोटी बातों को समझना बहुत जरूरी है। उन्हें अपने बच्चों को यह बताने की जरूरत है कि खेलो-कूदो, लेकिन एक लिमिट में। यह समझना जरूरी है कि हर एक विषय में लक्ष्मण रेखा ही दायरा तय करती है। एकल परिवारों पर बात करते हुए, उन्होंने कहा, परिवारों को चाहिए कि एकल परिवारों को बढ़ावा देने के बजाए अपने माता-पिता को साथ लेकर चलें। यदि किसी काम के चलते घर से दूर रहना पड़े, तो उन्हें भी शरीर की तरह अपने साथ लेकर चलना चाहिए।

# बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य का संबंधित अधिकारी बाढ़ संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करें: डीएम

**डीएम की अध्यक्षता में जनपद में सम्भावित बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत स्टेयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित**




**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्भावित बाढ़ वर्ष-2026 से निपटने हेतु स्टीयरिंग समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में आयोजित हुई। डीएम ने लोक निर्माण विभाग के अभियंता को निर्देश दिए कि गत दो वर्षों में जो सड़कों पर बाढ़ का पानी से प्रभावित हो रही है ऐसी सड़कों को चिन्हित कर वेरी कटिंग एवं संकेतक लगवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने नालों के साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नदियों में चल रहे बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों को समय से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बाढ़ से प्रभावित होने वाली तहसील सदर, कलान, जलालाबाद में ट्रैक्टर स्वामियों के मोबाइल नंबर दिए जाएं तथा उनसे वार्ता भी कर ली जाए। नाव, नाविकों, आपदा मित्र एवं गोताखोरों सहित अन्य संबंधित की भी सूची तैयार कर ली जाए। बाढ़ के समय सभी नावों पर क्षमता के अनुसार लाइफ जैकेट पहन के बैठना अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि तहसील सदर में स्टीमर खरीदा जाए। सभी संबंधित विभाग बाढ़ संबंधित कार्य योजना जल्द उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बिजली विभाग सर्वे कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर को चिन्हित कर सुरक्षात्मक कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इससे पहले सभी सम्बंधित विभागीय अधिकारी अपने विभागीय कार्यो एवं जिम्मेदारी के अनुसार बाढ़ क्षेत्र, बंधों आदि का स्थलीय निरीक्षण अवश्य कर ले। उन्होंने जनपद के तीनों तहसीलों के उप जिलाधिकारीगण को अपने-अपने तहसीलों में बाढ़ से बचाव के दृष्टिगत किये जा रहें प्रबन्धों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण करते रहने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि बाढ़ सम्भावित क्षेत्रों का भ्रमण कर किसी भी सम्भावित समस्या के बारे में पहले से ही जानकारी प्राप्त कर इसका निस्तारण सुनिश्चित करा लिया जाए। जिलाधिकारी ने बाढ़ की सम्भावना से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में पशुओं को बाढ़ के दौरान व्यवस्थित किये जाने हेतु राहत कैम्पों की स्थापना एवं संचालन से सम्बंधित बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए सम्बंधित अधिकारियों से उनके जिम्मेदारियों एवं विभागीय कार्यो के विषय में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने राहत शिविरों में स्वच्छ पेयजल, विद्युत आपूर्ति, चिकित्सा की व्यवस्था, क्लोरीन की गोली की उपलब्धता आदि से सम्बंधित बिन्दुओं पर सम्बंधित अधिकारी को निर्देशित किया।

अपर जिलाधिकारी ने बाढ़ की सम्भावना से प्रभावित पशुओं हेतु कैम्प की व्यवस्था के साथ उसका उचित देख-रेख, पशुओं के भूसा चारे की व्यवस्था आदि से सम्बंधित बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए पशुपालन विभाग को निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## चमन बने प्रभारी जिला दिव्यांगजन अधिकारी

**शाहजहांपुर।** बरेली के जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी चमन सिंह को शाहजहांपुर का अतिरिक्त प्रभार देते हुए, प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी की जिम्मेदी सौंपी गई है। उन्होंने विकास भवन आकर विधिवत अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। वो सप्ताह में तीन दिन शाहजहांपुर में आफिस में बैठकर विभागीय कामकाज करेंगे।जिसमें बुधवार, गुरुवार व शुक्रवार शामिल है। बता दें कि अभी तक जिला कृषि रक्षा अधिकारी संजय कुमार यादव जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे।

# वट वृक्षों तले सुहागिनों ने की सामूहिक पूजा

**सज धज कर पहुंचीं महिलाएं, पति की लंबी आयु के लिए बांधा धागा**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



वट सावित्री पूजा के अवसर पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं ने वट वृक्ष के नीचे सुबह से ही विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मंदिरों और वट वृक्षों के पास महिलाओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में समूह बनाकर पूजा करती नजर आईं। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन भी किए। इस अवसर पर श्रध्दालुओं ने महिलाओं के लिए भंडारा व शर्बत वितरण कर पुण्य कमाया। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मंदिरों, पूजा स्थलों के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी रही।

# छात्र संसद एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**विद्यार्थियों ने ली कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा की शपथ**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




नगर के इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नेतृत्व क्षमता एवं उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने के उद्देश्य से छात्र संसद एवं कन्या भारती गठन तथा शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। नगर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में छात्र संसद एवं कन्या भारती के लिए चयनित छात्र-छात्रा प्रतिनिधियों को विद्यालय, समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों में उत्साह एवं आत्मविश्वास का विशेष वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व छात्र परिषद आशुतोष द्वारा की गई। जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य सोमदेव मिश्र उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजपाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्र संसद एवं कन्या भारती विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, संगठनात्मक कौशल एवं सेवा भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से विद्यालय की गरिमा एवं संस्कारों को सदैव बनाए रखने का आह्वान किया। जिसके बाद छात्र संसद प्रमुख आचार्य ज्ञानेंद्र ने विद्यार्थियों को उत्तरदायित्व एवं कर्तव्यनिष्ठा का महत्व बताते हुए उन्हें एक आदर्श विद्यार्थी बनने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्य ओमेंद्र, विनीत, देवेंद्र शुक्ला, संदीप गुप्ता, अजय एवं अन्य आचार्यगण ने छात्र प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दीं।

# वन विभाग ने अपनी जमीन कब्जा मुक्त कराई

**तो किसानों ने पाकिस्तान भेज दो के नारे लगाए**



**बंडा, शाहजहांपुर।** बंडा टाइगर रिजर्व घोषित होने पर वन विभाग ने अपनी जमीन कब्जा मुक्त करवा ली, इससे नाराज किसानों ने प्रधान पुत्र की अगुवाई में पाकिस्तान भेजने के नारे लगाए। वीडियो वायरल होने पर हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश अ प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्रा विरोध जताते हुए किसानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। गांव नादिया बंकी, गहलुइया बरीबरा, नबीनगर में शुक्रवार 15 मई को वन विभाग के उच्च अधिकारियों एवं पुलिस फोर्स के साथ करीब 20 हेक्टेयर जमीन कब्जा मुक्त कराई गई थी। इसके बाद कुछ नवादिया बंकी गांव के किसानों ने एकत्र होकर जमीन दिलाने की मांग की और नहीं तो पाकिस्तान भेजने के नारे लगाए, जिसका वीडियो वायरल होते ही हड़कंप मच गया। पीलीभीत दियुरिया रेंज के रेंजर लल्लन दीक्षित ने बताया कि खाली कराई गई जमीन वन विभाग की है यह लोग गलत हल्ला मचा रहे हैं अभी शेष बची जमीन कब्जा मुक्त कराने का अभियान जारी रहेगा।

## खबरें एक नजर में

### बाइक का संतुलन बिगड़ने से युवक घायल

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के कटरा-खुदागंज मार्ग स्थित मुख्य चैराहे पर रविवार शाम एक बाइक सवार युवक अचानक संतुलन बिगड़ने से सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हादसे में युवक के चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। जानकारी के अनुसार ग्राम अकबरपुर निवासी सर्वेश पुत्र पुत्तू लाल घरेलू सामान की खरीदारी करने के लिए खुदागंज नगर आए थे। शाम करीब 7.45 बजे वह बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान मुख्य चैराहे के पास अचानक बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़े। घटना के बाद कुछ समय तक युवक सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा रहा। होश आने पर आसपास के दुकानदारों ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस को बुलाया गया। पुलिस और एंबुलेंस कर्मचारियों ने युवक को उपचार के लिए अस्पताल चलने की सलाह दी, लेकिन सर्वेश ने अस्पताल जाने से इनकार कर दिया। इसके बाद वह अपने घर लौट गया।

### डकैती की योजना बनाते हुए पांच डकैत गिरफ्तार



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा पुलिस, एसओजी और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने डकैती की योजना बनाते हुए पांच डकैतो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से बिहार में तीन दिन पहले चोरी किए गए आभूषण, एक इनोवा कार, स्मैक और चोरी में इस्तेमाल होने वाले औजार बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों का लंबा आपराधिक इतिहास है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र सिंह ने बताया कि रोजा पुलिस, एसओजी और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने नमकीन फैक्ट्री तिराहा के पास घेराबंदी कर इन डकैतो को गिरफ्तारकिया हैं। टीम ने इनके कब्जे से 103 ग्राम सोने व 780 ग्राम चांदी के आभूषण, स्मैक, एक इनोवा कार और अवैध हथियार बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जनपद के थाना मदनापुर थाना क्षेत्र के पंखाखेड़ा निवासी मगरूर, मिदरी, अबरम और पतले के रूप में हुई है। जबकि पांचवां आरोपी राहुल तोमर बदायूं जिले का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, मगरूर पर 20, मिदरी पर 30, अबरम पर 6, पतले पर 5 और राहुल तोमर पर 5 मुकदमें दर्ज हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे औजारों की मदद से मकानों के दरवाजे और ताले तोड़ते थे। चोरी का माल बराबर बांट लेते थे। बरामद इनोवा कार मगरूर की बहन नगीना के नाम पंजीकृत है, जिसका इस्तेमाल वे अलग-अलग जिलों और राज्यों में वारदातें करने और फरार होने के लिए करते थे। तीन दिन पहले इन्होंने बिहार के एक मकान में चोरी की थी, और बरामद आभूषण उसी चोरी के हैं। चोरी की गई नकदी को उन्होंने अपनी जरूरतों और शौक पर खर्च कर दिया था। एसपी सिटी देवेंद्र सिंह ने बताया पुलिस को यह एक बड़ी कामयाबी मिली है। उन्होंने पुष्टि की कि पांचों आरोपियों को डकैती की योजना बनाते हुए गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से चोरी के आभूषण, स्मैक, हथियार व कार बरामद हुई हैं।

### कांग्रेस ने बढ़ती महंगाई के खिलाफ किया अनोखे ढंग से प्रदर्शन



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में अनोखे ढंग से जोरदार प्रदर्शन कर बढ़ती मंहगाई का विरोध किया। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता साइकिल पर खाली सिलेंडर, खाली पिपिया, हाथों में खाली बर्तन थाली बजाते हुए कांग्रेस कार्यालय से नगर निगम, सदर बाजार, खिरनीबाग होते हुए कलेक्ट्रेट घेराव करते हुए जोरदार प्रदर्शन कर मोदी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इससे पूर्व सभी कांग्रेस जन पार्टी कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर एकत्रित हुए यहां पर हुई एक सभा में जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा मोदी देश के सामने अकारण ही भय का माहौल पैदा कर रहे और खुद विदेश यात्राओं पर सैर कर रहे। अगर कोई आर्थिक संकट है भी तो पांच राज्यों के चुनाव के तुरंत बाद मोदी जी को दिखा, आखिर प्रधानमंत्री केयर फंड किस दिन के लिए इक्कठा किया गया। अगर कोई समस्या देश के सामने आती है तो हर सरकार का काम होता है कि उसका समाधान किया जाए न कि जनता को उसको हाल पर छोड़ देना चाहिए। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व महानगर अध्यक्ष पवन सिंह, पीसीसी सदस्य कृष्ण विनोद मिश्रा, महानगर उपाध्यक्ष अदीब अहमद, कांग्रेस नेता फैजान अली खान, कांग्रेस नेता अनस इकबाल, नौशाद कुरैशी, पार्षद तालिब खान, अब्दुल सत्तार लाले, रामजी अवस्थी, रफी उल हसन, सईद अंसारी, फुरकान अहमद कुरैशी, अनिल श्रीवास्तव, गौरव त्रिपाठी, रहीम दाद खान, नूरे सहर बी, संजय सक्सेना, सुशील प्रकाश शर्मा, हारून इदरीसी, इकबाल अंसारी, अखलेश पाल, इकरार अहमद, डॉक्टर जाने आलम,अच्छन खान, हम्माद खान, तालिब खान, संतोष गुप्ता, शाश्वत मिश्रा, मोहसिन खान, परवेज अहमद, राहिल अंसारी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भेदभाव मिटाएं, बेटा-बेटी को दें समान अधिकार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सोमवार को ब्लॉक निगोही के सर्वोदय विद्यावती इंटर कॉलेज में लैंगिक समानता, भेदभाव रोकने व लिंग संवेदीकरण को लेकर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डीएम व सीडीओ के निर्देशन तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा किया गया।जिला प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा ने कहा कि लिंग संवेदीकरण का मतलब है, कि समाज की उस सोच को बदलना जिसमें लड़के-लड़की में फर्क किया जाता है। समाज में बदलाव लाना है तो शिक्षा को बढ़ाकर सोच को बदलना होगा। अभिभावकों व छात्रों को बताया गया कि बेटा-बेटी दोनों समान हैं। पढ़ाई, खेल, संपत्ति व निर्णय में दोनों को बराबर का हक मिलना चाहिए। श्बेटी बोझ नहीं, अनमोल हैश् का संदेश दिया गया। घर में काम के बंटवारे, खाने-पीने, पढ़ाई व मोबाइल के इस्तेमाल में होने वाले भेदभाव को खत्म करने की अपील की गई। सभी को बेटा-बेटी में कोई अंतर न करने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों को बताया गया कि बच्चों में शुरू से ही बराबरी का भाव पैदा करें। लड़कों को भी घर के काम में हाथ बंटाने व बहनों का सम्मान करने के लिए प्रेरित किया गया। बाल विवाह निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम, दहेज प्रथा व पीसीपीएनडीटी एक्ट के बारे में बताया गया। कहा गया कि लिंग जांच कराना व करवाना दोनों अपराध हैं। कार्यक्रम में कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना व मुफ्त शिक्षा जैसी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस दौरान हब फार वूमेन एंपावरमेंट से जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा द्वारा 1098, वूमेन हेल्पलाइन 1090, 181, पुलिस हेल्पलाइन 112, एंबुलेंस हेल्पलाइन 108, साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी गई। मोनिका देवी उप निरीक्षक ने बाल विवाह, बाल श्रम व बाल भिक्षावृत्ति के विषय में विस्तार से बताया। इस अवसर पर जिला प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा जेंडर स्पेशलिस्ट कीर्ति मिश्रा , प्रधानाचार्य वीरपाल वर्मा, सोनी राना, बेबी यादव, शिवानी, रीना, सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषाहार वितरण में भारी अनियमितता

**जलालाबाद,शाहजहांपुर।** स्थानीय क्षेत्र के आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मिलने वाले बाल विकास एवं पुष्टाहार वितरण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी और लापरवाही का मामला सामने आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप न तो राशन का वितरण किया जा रहा है और न ही बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन मिल रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषाहार जैसे दाल, चावल, तेल और दलिया का वितरण नियमित और पारदर्शी तरीके से नहीं किया जा रहा है। कागजों और सरकारी रजिस्टरों में शत-प्रतिशत वितरण दिखा दिया जाता है, जबकि जमीनी हकीकत इसके बिल्कुल उलट है। कई पात्र परिवारों और कुपोषित बच्चों तक यह सरकारी लाभ पहुंच ही नहीं पा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों द्वारा किए गए औचक निरीक्षण में पाया गया कि कई केंद्रों पर तय समय से पहले ही ताले लटक जाते हैं। बच्चों की उपस्थिति पंजी में संख्या अधिक दर्ज है, लेकिन मौके पर बेहद कम बच्चे उपस्थित मिलते हैं। इसके अलावा, मीनू के अनुसार मिलने वाले पोषाहार की मात्रा और गुणवत्ता में भी भारी कटौती की जा रही है, जिससे नौनिहालों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना अधिकारी और जिला प्रशासन कोई संज्ञान नही लेते दिखाई देते है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि यदि इस वितरण प्रणाली में जल्द सुधार नहीं किया गया और दोषी कर्मचारियों व बिचैलियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो वे तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। गरीब बच्चों और माताओं के निवाले पर डाका डालने वाले दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत निष्पक्ष जांच कराए और संबंधित सेविकाओं व सुपरवाइजरों पर कड़ी विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करे।

# रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर लगाए जाने की मांग



**शाहजहांपुर।** जिला अध्यक्ष सीनियर सिटीजन वेलफेयर सोसाइटी सरोज श्रीवास्तव द्वारा राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार से मिलकर शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन में बन रहे एस्केलेटर के नवीन प्रणाली से बनाए जाने के संबंध में मंडल रेल प्रबंधक एवं महाप्रबंधक उत्तर रेलवे को संबोधित पत्र सौंपे गया एवं जनहित में अनुरोध किया गया कि आधुनिक तकनीक पर आधारित एस्केलेटर लगाया जाए। शिष्टमंडल में सचिव सर्वेश कुमार गुप्ता, ओंकार सिंह चैहान, हरचरण मिश्रा, अभिषेक गुप्ता उपस्थित रहे।

# सगे भाई की हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

**पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को भेजा जेल**



थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना खुलासा करते हुए सगे भाई की हत्या करने वाला आरोपी को आलाकत्ल डण्डे सहित गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित रानू कुमार पुत्र पप्पू निवासी ग्राम सिवरी, थाना हरियावां जनपद हरदोई हाल निवासी ग्राम हैदरपुर थाना शाहबाद, जनपद हरदोई द्वारा तहरीर दी गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि 14 मई को अभियुक्त नरेश पुत्र कोमे निवासी ग्राम हैदरपुर, थाना शाहबाद, जनपद हरदोई द्वारा शराब के नशे में वादी के पिता पप्पू पुत्र प्रागी के सिर पर डंडे से प्रहार कर दिया गया, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना पर नरेश पुत्र कोमे निवासी उपरोक्त के खिलाफ रिपोर्ट पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान प्रकरण की गहन जांच, साक्ष्य संकलन एवं संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ के क्रम में आनन्द उर्फ जानकी पुत्र परागी निवासी उपरोक्त का नाम प्रकाश में आया। 18 मई को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त संदिग्ध व्यक्ति ग्राम हैदरपुर के बाहर जाने वाले रास्ते पर मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। उक्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर समय करीब 05.00 बजे ग्राम हैदरपुर से डींगुरपुर जाने वाले मार्ग के पास से आरोपी आनन्द उर्फ जानकी पुत्र परागी को नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया। अभियुक्त की निशानदेही, बयान एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# खुशी जैसी बेटियां शाहजहांपुर का गौरव: संजय

**शहीद पार्क में नेत्रहीन बिटिया का मनाया गया जन्मदिन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



खुशियों का कोई मोल नहीं होता, क्योंकि सच में छोटी छोटी पहल किसी कि जिंदगी में बड़ी खुशियां लेकर आती है। ऐसी एक पहल शहर की मातृत्व सोशल वेलफेयर सोसायटी जरुरतमंद बेटियों की मदद कर रही है। सोसायटी की ओर से सराय काइयां निवासी नेत्रहीन खुशी बिटिया का जन्मदिन, एक सरप्राइज के रूप में बच्ची के परिवार के साथ शहीद पार्क में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कृषि रक्षा अधिकारी एवं प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी संजय यादव मौजूद रहे। उन्होंने खुशी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि खुशी जैसी बेटियां शाहजहांपुर का गौरव हैं। मातृत्व एनजीओ द्वारा गोद ली गई खुशी को प्रधानमंत्री की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं सुगम्य भारत अभियान की प्रेरणा बताया गया। कार्यक्रम में समिति की डायरेक्टर नेहा सक्सेना ने बताया कि हमारी सोसायटी समाज की उन बच्चियों की मदद के लिए अभियान चला रही है। जिनमें कुछ करने का जुनून है और अभावों में वो किसी न किसी तरह पीछे रह जाती है। लेकिन सोसायटी ऐसी प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य कर रही है। नेत्रहीन खुशी को सोसायटी ने गोद ले रखा है, खुशी को सिंगिंग का शौक है। जिसके लिए उसकी मदद की जा रही है। इस दौरान विक्रांत सक्सेना सहित रागिनी श्रीवास्तव, एड, अनूप कुमार, अनूप कुमार, संजीव सक्सेना सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# वाह भाई आईजीआरएस निस्तारण: शिकायत अवैध अस्पताल और लगा दी फर्जी वैक्सीन की रिपोर्ट

**आरोप: बिना पढ़े किया जा रहा आईजीआरएस का निस्तारण**

**शाहजहांपुर।** सरकारी शिकायत निस्तारण प्रणाली आईजीआरएस की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। बिना पंजीकरण संचालित किए जा रहे कथित अवैध अस्पताल की शिकायत पर ऐसा निस्तारण सामने आया है, जिसने अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। बता दें कि शिकायतकर्ता महेंद्र चावला ने अवैध अस्पताल के संचालन से संबंधित शिकायत आईजीआरएस के माध्यम से की थी, लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की ओर से जो आख्या प्रस्तुत की गई, उसमें वैक्सीन लगाए जाने का उल्लेख कर दिया गया। शिकायत में अस्पताल संचालन का मुद्दा था, जबकि जवाब पूरी तरह अलग विषय पर दिया गया। जिससे साफ जाहिर होता है कि शिकायतों का फर्जी निस्तारण किया जा रहा है और अधिकारी वाह वाही लूटने से बाज नही आ रहे हैं, ऐसे में लोगों का आईजीआरएस से विश्वास उठता दिख रहा है। स्क्रीनशॉट के अनुसार शिकायतकर्ता के असंतुष्ट फीडबैक के बाद मामला उच्च अधिकारी को पुनः परीक्षण हेतु भेजा गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि कई विभागों में प्राइवेट कंप्यूटर ऑपरेटर शिकायतों का निस्तारण तैयार करते हैं, जबकि अधिकारी केवल औपचारिक स्वीकृति देकर फाइलें बंद कर देते हैं। अब सवाल यह उठ रहा है कि जब शिकायत का विषय ही नहीं पढ़ा गया तो जांच और निस्तारण की गुणवत्ता कितनी गंभीरता से की जा रही है। मामले ने आईजीआरएस प्रणाली की पारदर्शिता और जवाबदेही पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## खबरें एक नजर में

### जमीन विवाद में पुलिस कार्रवाई के बाद विवादित जमीन पर खड़े पेड़ दूसरे पक्ष ने कटवाए

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव प्रीतमपुर में जमीन को लेकर हुए खूनी विवाद के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शनिवार शाम हुए इस विवाद में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए थे, जिसके बाद लाठी-डंडों के साथ कई राउंड फायरिंग हुई थी। घटना में पिता-पुत्र समेत चार लोग घायल हुए थे, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया था। पुलिस कार्रवाई के बीच रविवार को मामले ने नया मोड़ ले लिया। ग्रामीणों के अनुसार, जिन आरोपियों को पुलिस ने जेल भेजा, उनके जाने के कुछ घंटों बाद ही दूसरे पक्ष के लोगों ने विवादित भूमि पर खड़े यूकेलिप्टस के कई पेड़ कटवा दिए। दिनदहाड़े पेड़ कटने की सूचना के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब पुलिस पूरे मामले में सख्ती बरतने की बात कर रही है, तब विवादित जमीन पर पेड़ों की कटान कैसे हो गई। इसको लेकर लोगों के बीच कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कुछ लोग प्रशासनिक लापरवाही की बात कर रहे हैं, जबकि कुछ राजनीतिक दबाव की आशंका भी जता रहे हैं।

### वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर मौत

**तिलहर-शाहजहांपुर।** दवा लेने के लिए निकले वृद्ध की संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। परिवार के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भिजवाया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव सुनौरा अजमतपुर निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र गजराज सिंह 80 सोमवार सुबह करीब 7 बजे घर से नाती मोनू सिंह की बाइक से बरेली दवा लेने के लिए रेलवे स्टेशन के लिए निकले थे। मोनू उन्हें तिलहर रेलवे स्टेशन पर छोड़कर वापस गांव चला गया। इसके बाद संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे स्टेशन से करीब आधा किलो मीटर पूर्व दिशा की ओर रेलवे ट्रैक पर सवा आठ बजे जननायक एक्सप्रेस से कटकर उनकी दर्दनाक मौत हो गई। बताते हैं कि दुर्घटना से पूर्व मृतक ने रेलवे सीमेंटेड स्लीपरों के ऊपर बैठ का खाना भी खाया था। सूचना पर आरपीएफ के दरोगा मदन सिंह व पुलिस के एसआई गौरव कुमार मौके पर पहुंचे और रेलवे ट्रैक से शव को हटवाया। पुलिस की सूचना पर राजेंद्र सिंह के परिवार के लोग एवं गांव के लोग मौके पर पहुंचे। उनके पुत्र कमलेश, मिथिलेश, नीलेश एवं अखिलेश ने गांव के ही कुछ लोगों पर पिता की हत्या करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि एक मुकदमे में वह आरोपियों के पास राजीनामा करने के लिए गए थे। तो उन्होंने पिता की हत्या करने के बाद राजीनामा करने की धमकी दी थी। परिवार के लोगों ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज करने को लेकर जमकर हंगामा काटा। पुलिस के काफी समझाने के बाद लोग शांत हुए इसके बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवा दिया है।

### 11 ओवरलोड सवारी वाहनों के चालान व 6 वाहन सीज



**शाहजहांपुर।** जिले में लगातार हो रहे हादसों के बाद परिवहन विभाग एक्शन मोड़ में आ गया है। जनपद के विभिन्न क्षेत्रो में एआरटीओ प्रवर्तन हरिओम एवं पीटीओ आरपी गौतम द्वारा नियम विरुद्ध संचालित वाहनो के विरूद्ध अभियान चलाया गया। जिसमें बिना परमिट के अभियोग में एक स्कूल बस थाना सिंधोली में सीज की गयी। 3 आटो थाना कांट में ओरलोड के अभियोग में तथा 3 आटो थाना रामचन्द्र मिशन में प्रपत्रों में कमी होने के आरोप में बन्द किए। इसके अतिरिक्त लगभग 11 वाहनों के चालान भी किये गये। एआरटीओ ने जनपद के सभी वाहन स्वामियों को निर्देशित किया है कि किसी भी वाहन को नियम के विरूद्ध संचालन कदापि न किया जाये।

### पालिका के सेवा निवृत खजांची अजमत अली का निधन



**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद के सेवा निवृत खजांची व वामसेफ और बहुजन समाज पार्टी के प्रति जीवन समर्पित करने वाले अजमत अली का रविवार रात निधन हो गया। वह 85 वर्ष के थे। जिन्हें सोमवार को असर की नमाज के बाद उम्मरपुर कब्रिस्तान में सैकड़ों लोगों के सजल नेत्रों के बीच सुपुर्दे खाक कर दिया गया। वयोवृद्ध अजमत अली ने वर्ष 2003 तक नगर पालिका में सेवाएं दी। वह सन 1984 से पूर्व वामसेफ के सक्रिय सदस्य रहे। बाद में बहुजन समाज पार्टी के साथ बिना किसी पद के पूर्ण निष्ठा के साथ समर्पित रहे। उनके बड़े बेटे पूर्व सभासद आसिफ फरीदी बसपा के पदाधिकारी हैं। और छोटे बेटे नईम फरीदी नगर पालिका में वर्तमान में सेवारत हैं। खजांची जी वेद मिलनसार और मृदुभाषी थे। सो उनके निधन पर तमाम गणमान्य उनके अंतिम दर्शनों को उनके निज निवास उम्मरपुर / बिरियागंज पहुंचे। चेयरपर्सन हजारा बेगम भी उनके अंतिम दर्शनों को पहुंचीं। वहीं नगर पालिका में ईओ सत्येंद्र प्रकाश के सानिध्य में शोक सभा की गई और पालिका की ओर से शोक प्रस्ताव उनके आवास पर भेजा गया।

### श्रीरुद्र महायज्ञ की परिक्रमा को उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ यज्ञ की परिक्रमा लगाने के लिए श्रद्धालुओं की भरी भीड़ उमड़ी रही। वही सायंकालीन बेला में श्री अयोध्या धाम से पधारे कथा व्यास मधुसूदनाचार्य महाराज ने शिव महा पुराण का वर्णन करते हुए बारह ज्योतिर्लिंगों के प्राकट्य की महिमा सुनकर श्रद्धालुओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। नगर से गैसरा संपर्क मार्ग पर स्थित ब्रह्मदेव थान परिसर में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ के आठवें दिन सोमवार को सुबह तमाम सनातनियों ने सपत्नीक यजमान बनकर यज्ञ में भाग लिया। इस दौरान यज्ञ मंडप की परिक्रमा के लिए भारी भीड़ उमड़ी रही। उधर सायंकालीन बेला में कथा व्यास श्री मधुधनाचार्य महाराज ने शिव महापुराण के प्रसंग में सभी बारह ज्योतिर्लिंगों के प्राकट्य की मनोहारी कथा सुनाई। इस दौरान संगीतमय भजनों का रसधार में सभी को सराबोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भाव और सरलता से ही ईश्वर की कृपा बरसती है। जहां बुद्धि, ज्ञान और तर्क होता है वहां अभिमान की प्रविष्टि होने से भगवान की प्राप्ति नहीं हो पाती। इस लिए मानव जीवन की सार्थकता के लिए सरल और भाव पूर्ण होना चाहिए। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि मंगलवार तक कथा होगी। बुधवार को याज्ञिक कार्य सम्मान होने के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर व्यासपीठ से इस पावन अवसर पर यथा संभव सहयोग कर पुण्य लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया गया।

### छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में मास्टर साहब निलंबित, शुरू हुई जांच

**पीलीभीत।** विकास खंड मरौरी क्षेत्र के एक परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में कक्षा पांच की छात्रा के साथ कथित छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया और सैकड़ों की संख्या में लोग विद्यालय पहुंचकर शिक्षक के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे।प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित छात्रा ने घर पहुंचकर अपनी बुआ और फूफा को बताया कि विद्यालय में तैनात शिक्षक ने उसके साथ अनुचित व्यवहार और छेड़छाड़ की। बच्ची की बात सुनकर परिवार स्तब्ध रह गया। घटना की सूचना गांव में फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण विद्यालय पहुंच गए। ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में हंगामा किया और शिक्षक के खिलाफ नारेबाजी की।ग्रामीणों का कहना था कि विद्यालय जैसे पवित्र स्थान पर इस प्रकार की घटना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने ऐसे दोषी शिक्षक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। स्थिति बिगड़ने पर शिक्षक ने ग्रामीणों के सामने हाथ जोड़कर अपनी गलती स्वीकार की और माफी मांगी। मामले की सूचना मिलते ही बेसिक शिक्षा विभाग ने गंभीरता से संज्ञान लिया। बेसिक शिक्षा अधिकारी रोशनी सिंह ने आरोपित शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बीएसए ने बताया कि पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।वर्तमान में विद्यालय परिसर में तनावपूर्ण माहौल है, हालांकि स्थानीय प्रशासन और विभागीय अधिकारियों के प्रयास से स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस ने भी मामले की जानकारी ले ली है और आवश्यक कार्रवाई के लिए तैयार है।यह घटना स्थानीय स्तर पर शिक्षा व्यवस्था और बच्चों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर रही है।

### माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर बाघिन और दो शावकों का दिखा रोमांचक नजारा, सड़क पर लगा जाम

**पीलीभीत।** टाइगर रिजर्व के जंगलों से होकर गुजरने वाले माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर सोमवार को एक बार फिर वन्यजीवों की दहशत और रोमांच का मंजर देखने को मिला। एक बाघिन अपने दो शावकों के साथ अचानक सड़क पर पहुंच गई, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।जानकारी के अनुसार, उस समय मार्ग से पर्यटक और आम राहगीर गुजर रहे थे। जंगल की ओर से निकलकर बाघिन अपने दोनों शावकों के साथ सड़क पर आ गई। बाघिन को देखते ही वाहन रुक गए। खासकर मोटरसाइकिल सवार राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया और उन्होंने तुरंत सुरक्षित दूरी बनाते हुए खुद को बचाया।करीब काफी देर तक बाघिन और उसके शावक सड़क पर विचरण करते रहे। इस दौरान पूरा मार्ग उनके कब्जे में रहा। पर्यटक इस दुर्लभ नजारे को देखकर उत्साहित हो गए। कई लोगों ने अपने वाहनों में बैठे-बैठे मोबाइल कैमरों में तस्वीरें और वीडियो कैद किए।कुछ देर बाद बाघिन शावकों को लेकर जंगल में वापस चली गई। इसके बाद ही वाहनों का आवागमन सामान्य हो सका। पीलीभीत टाइगर रिजर्व क्षेत्र में हाल के दिनों में बाघों की सक्रियता बढ़ी हुई है। माधोटांडा-खटीमा मार्ग पहले भी ऐसी घटनाओं की वजह से चर्चा में रहा है। वन विभाग के अधिकारी पर्यटकों को जंगली जानवरों से दूरी बनाए रखने और सतर्क रहने की सलाह देते हैं।यह घटना एक बार फिर साबित करती है कि पीलीभीत के जंगल कितने समृद्ध हैं और मानव-वन्यजीव सह-अस्तित्व का संतुलन कितना जरूरी है।

# लैंड सर्वे ऑफ अर्बन हेबिटेशन्स कार्यक्रम की नगर में हुई शुरुआत

**आठ टीमें तैयार करेंगी डिजिटल नक्शा**

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम और स्वामित्व योजना के माध्यम से शहरी भूमि अभिलेखों का सृजन करने के मद्देनजर नेशनल जियोस्पेशियल नॉलेज-बेस्ड लैंड सर्वे ऑफ अर्बन हेबिटेशन्स कार्यक्रम की नगर में शुरुआत की गई है। जिसमें सटीक, अद्यतन और एकीकृत शहरी भूमि सर्वे कर रिकॉर्ड तैयार किया जाएगा।

ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने बताया कि नगर में कुल आठ टीमें सर्वेक्षण कर चिन्हीकरण और नक्शा तैयार करेंगी। प्रत्येक टीम में एक व्यक्ति राजस्व विभाग से, एक नगर निकाय से, दो आईटी आई अथवा टेक्निकल जानकारी में परिपक्क था एक व्यक्त उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने बाला अर्थ पांच सदस्यों की टीम होगी। जो प्रत्येक वार्ड मोहल्ले में जाकर चिन्हीकरण, स्वामित्व का नक्शा बनाएगी। इसमें भारत सरकार ने नेशनल जियोस्पेसियल नॉलेज-बेस्ड लैंड सर्वे ऑफ अर्बन हैबिटेशन्स (नक्शा) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। उन्नत सर्वेक्षण प्रौद्योगिकियों और आईटी आधारित समाधानों के जरिए शहरी भूमि अभिलेखों को आधुनिक तथा सुव्यवस्थित होगा।

नगर निकाय तिलहर में शासन के निर्देशानुसार नक्शा कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित टीमों की ईओ सत्येंद्र प्रकाश के साथ बैठक हुई। जिसमें नगर के मोहल्ला उमरपुर में ग्राउंड ट्रुथिंग का कार्य प्रारंभ किया जाना बताया गया। बोर्ड आफ रिवेन्यू के सहयोग से ग्राउंड पर जाकर टीम द्वारा रोवर के माध्यम से आईटीआई परिसर व अन्य भवनो का ग्राउंड ट्रुथिंग कार्य संपन्न किया गया। इस दौरान बैठक में ईओ सत्येंद्र प्रकाश व सभासद गण शामिल रहे।

# मिशन हमारा एक कदम स्वच्छता की ओरः अल्पना



**शाहजहांपुर।** स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान में फिर नगर निगम नंबर वन की रैंकिंग में आए और स्वच्छता अभियान के प्रति जनजागरूकता की अलख जले। इसको नगर आयुक्त व महापौर द्वारा आए दिन निरीक्षण, बैठकें व जन संवाद कर फीडबैक लिया जा रहा है। इसी क्रम में शासन से नामित पार्षद अल्पना श्रीवास्तव ने भी महानगर के वार्डो की साफ सफाई व्यवस्था धरातल पर अच्छे से हो, इसके लिए बीड़ा उठाया है। उन्होंने खुद वार्डो में निकलकर सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। साथ ही लोगों से जन संवाद कर स्वच्छता का फीडबैक लिया। उनका कहना है कि शासन से जो जिममेदी मिली है, उसका निर्वहन करना हमारा पहला कर्तव्य है। मिशन हमारा एक कदम स्वच्छता की ओर बढ़े शाहजहांपुर और सब अपनी जिम्मेदारी को समझे।

## ई रिक्शा पलटने से चार सवारियां घायल, सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर




**तिलहर - शाहजहांपुर।** हाईवे पर ई रिक्शा पलटने से चार सवारियां गम्भीर रूप से घायल हो गईं। जिन्हें सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रविवार को कोतवाली क्षेत्र हाईवे स्थित गांव बिलहरी की मोड़ के निकट उस समय बड़ा हादसा होने से बाल बाल बच गया जब शाहजहांपुर की तरफ से आ रहे एक ई रिक्शा का अचानक धुरा टूट गया जिसके बाद वह अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया।इस नजारे को देखकर आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे और ई-रिक्शा में फंसे हुए लोगों को बाहर निकाला। सरकारी एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल मोहम्मद शाह निवासी सहवाज नगर 42 वर्ष, आफताब निवासी अब्दुल्लागंज पिहानी 8 वर्ष, मुस्तफा 30 वर्ष, रहमान सात वर्ष निवासी मोहल्ला फातिमा सदर शाहजहांपुर को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर दिया गया।

## कलान में प्रदूषण एनओसी न होने पर एसडीएम ने ईंट भट्ठा कराया बंद

**ईंट भट्ठा चेकिंग अभियान में 6 को जारी किया गया था नोटिस**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम के निर्देशन पर जनपद में बगैर प्रदूषण एनओसी संचालित हो रहे, ईंट भट्ठों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील कलान क्षेत्र के गांव गुल्हा में एसडीएम अभिषेक प्रताप के निर्देशन में माया ईंट उद्योग पर राजस्व टीम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बरेली, फायर ब्रिगेड टीम व पुलिस द्वारा चेकिंग की गई। जहां पर ईंट भट्ठा बगैर प्रदूषण एनओसी संचालित हो रखा था। जिस पर टीम ने संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए उक्त भट्टे को बंद करवाते हुए हिदायत दी।

बगैर प्रदूषण एनओसीः दोबारा ईंट भट्ठा संचालित पाया तो कड़ा एक्शन लिया जाएगा। भट्ठा बंद होने की खबर से क्षेत्र के अन्य भट्ठा मालिकों में हड़कंप मच गया। जानकारी देते हुए एसडीएम अभिषेक कुमार ने बताया कि कलान क्षेत्र में 6 ईंट भट्टे बगैर प्रदूषण एनओसी के चल रहे थे, जिनमें सभी को नोटिस भेजा गया था। जिसमें दो ने स्वतः ही भट्ठा बंद कर दिए हैं। चार में सोमवार को निरीक्षण किया तो एक भट्ठा टीम ने बंद करवा दिया है, तीन भट्टे वालों ने समय मांगा है। अगर फिर भी यह लोग एनओसी नहीं ले रहे हैं, तो इनके खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में पिता पुत्र घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार पिता पुत्र हुए घायल।जिला मेडिकल कॉलेज रेफर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव राजनपुर के रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सहित गिरकर पिता पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर पड़री निवासी 45 वर्षीय भाई विनोद और भतीजे सुरजीत सिंह को अंशुल सिंह सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते पिता पुत्र को जिला मेडिकल कॉलेज में किया गया है।

## 13 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी लेखपाल मुख्य परीक्षा, सुरक्षा सख्त

**लेखपाल मुख्य परीक्षा की तैयारी को लेकर डीएम की अध्यक्षता में बैठक**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली लेखपाल मुख्य परीक्षा के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु केंद्र व्यवस्थापकों, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट तथा संबंधित अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित लेखपाल मुख्य परीक्षा 21 मई बृहस्पतिवार को जनपद के 13 परीक्षा केंद्रों पर 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के सुचारु संचालन हेतु प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पारदर्शिता बनाए रखने हेतु शासन एवं आयोग द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिस अधिकारी, कर्मचारी अथवा कार्मिक की ड्यूटी परीक्षा केंद्र पर लगाई गई है, केवल वही व्यक्ति परीक्षा केंद्र के अंदर दिखाई दे। किसी भी प्रकार का अनाधिकृत व्यक्ति, जिसका फिंगर प्रिंट स्कैन न हुआ हो, परीक्षा केंद्र परिसर में प्रवेश न करे। उन्होंने कहा कि जनपद में धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 प्रभावी है। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, संचार संबंधी उपकरण एवं अन्य आईटी गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। साथ ही परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में फोटो कॉपी मशीनों का संचालन प्रतिबंधित रहेगा तथा अनाधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर भी रोक रहेगी। डीएम ने निर्देश दिए कि वर्तमान में अत्यधिक गर्मी को देखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों पर पंखा, लाइट, पेयजल एवं जेनरेटर आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में स्टैटिक मजिस्ट्रेट को विशेष रूप से निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा त्रुटि की कोई गुंजाइश नहीं है। परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी अभ्यर्थी अथवा प्रश्नपत्र को परीक्षा केंद्र से बाहर न जाने दिया जाए तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित की जाए।

**इन केंद्रों पर होगी परीक्षाः** राजकीय इंटर कॉलेज, खिरनी बाग, शाहजहांपुर, इस्लामिया इंटर कॉलेज, एबी रिच इंटर कॉलेज, देवी प्रसाद इंटर कॉलेज, आर्य महिला पीजी कॉलेज, आर्य महिला इंटर कॉलेज, श्री हरकुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज, जनता इंटर कॉलेज, स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज, ब्लॉक-बी, स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज, ब्लॉक-ए, जीएफ कॉलेज, ब्लॉक-ए, जीएफ कॉलेज, ब्लॉक-बी व स्वामी धर्मानंद सरस्वती इंटर कॉलेज।

## चेयरपर्सन के न आने से पालिका की बोर्ड बजट बैठक हुई स्थगित

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर पालिका चेयरपर्सन हाजरा बेगम का स्वास्थ्य खराब होने के चलते सोमवार को होने बाली स्थगित कर दी गई। बता दें कि सोमवार को बोर्ड की बजट बैठक आहूत की गई थी। जिसमें सभी निर्वाचित 25 तथा नामित किए गए पांच सभासदों को बैठक एजेंडा भेजकर आमंत्रित किया गया था। यूं तो रविवार देर शाम को ही बैठक न होने के संकेत मिल रहे थे। किंतु ऑफिशियल न होने के कारण बैठक स्थगन की सटीक जानकारी नहीं हो सकी। सोमवार को निर्धारित समय अपरान्ह चार बजे करीब डेढ़ दर्जन सभासद गण सभागार पहुंच गए। इस दौरान ईओ सत्येंद्र प्रकाश, वरिष्ठ लिपिक अयूब हुसैन, संपत्ति लिपिक कमलदीप श्रीवास्तव, सफाई अनुभाग लिपिक इस्लाम अली भी सभागार में सभासदों की खैर मक़दम के लिए पहुंच गए। लेकिन चेयरपर्सन हाजरा बेगम के बैठक में शाम पांच बजे तक न पहुंचने पर ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने सदन को अवगत कराया कि उनका स्वास्थ्य ठीक न होने के चलते बैठक स्थगित की जाती है। इस पर सभासद अभिषेक सिंह तपाक से बोले कि बैठक स्थगित किए जाने की सूचना पूर्व में ही देनी चाहिए थी। उन्होंने ईओ से कहा कि बैठक का समय पूर्वान्ह में होना चाहिए। ताकि सभी सभासद अपने विचार/प्रस्ताव रख सकें। इस मौके पर सभासद सतेंद्र सिंह सुशील, अकरम पाला, कुमार गौरव, अब्दुल सादिक, संदीप रस्तोगी, सेठी कश्यप, आशीष शर्मा समेत कई सभासद मौजूद रहे।

**ईओ ने स्वास्थ्य खराब होने की दी जानकारी**

## परीक्षित के मोक्ष प्राप्ति का प्रसंग सुनाया

**कॉट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



रमापुर गांव की मोड़ पर नवनिर्मित शिवमन्दिर पर आयोजित भागवत कथा में बाल व्यास शिवांश कृष्ण महाराज ने सोमवार को अंतिम दिवस की कथा में परीक्षित के मोक्ष प्राप्ति का प्रसंग सुनाया। व्यास ने कहा कि तक्षक नाग के दंश के श्राप के बाद सात दिनों तक कथा सुनने के प्रभाव से राजा परीक्षित के मन से मृत्यु का भय समाप्त हो गया और उन्हें परम ज्ञान की प्राप्ति हुई। कथा पूरी होने के बाद शुकदेव जी वहां से परमधाम के लिये प्रस्थान कर गए।इसके तुरंत बाद श्राप के अनुसार तक्षक नाग राजा परीक्षित को डसने के लिए वहां पहुंचा।तक्षक के डसने से पहले ही राजा परीक्षित अपनी आत्मा को योगबल से परमात्मा में लीन कर चुके थे।इसलिए जब विष ने उनके शरीर को स्पर्श किया तो उनका भौतिक शरीर भस्म हो गया।उनकी आत्मा शरीर से निकलकर भगवान के परम धाम के लिए प्रस्थान कर गई और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हुई।व्यास ने कहा कि मृत्यु से पूर्व अगर ईश्वर की सच्ची कथा और भक्ति का आश्रय लिया जाए,तो निश्चित रूप से मोक्ष की प्राप्ति होती है।परीक्षित बने शारदा शंकर शुक्ला ने पत्नी तनु शुक्ला के साथ भागवत भगवान की आरती उतारी।कथा श्रवण मे ब्लॉक प्रमुख श्री दत्त शुक्ला ओम प्रकाश मिश्रा सुनील बाजपेई राम रहीम पाल निर्मल मिश्रा सहित सैकड़ो की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## पंचायत चुनाव समय पर कराने की मांग को लेकर ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

पंचायत चुनाव समय पर कराए जाने तथा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाए जाने की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं ग्रामवासियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पंचायत व्यवस्था और ग्रामीण लोकतंत्र की मजबूती को लेकर चिंता व्यक्त की गई।

ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्ति की ओर है, लेकिन अभी तक पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। ऐसे में पंचायतों में प्रशासक व्यवस्था लागू होने की आशंका बढ़ रही है। प्रधानों का कहना है कि पूर्व में प्रशासक व्यवस्था लागू होने के दौरान कई समस्याएं उत्पन्न हुई थीं तथा ग्राम पंचायतों की स्वायत्तता और लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित हुई थी। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि प्रदेश में पंचायत चुनाव समय पर कराए जाएं। यदि किसी कारणवश चुनाव समय पर संभव न हो तो वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। साथ ही पंचायतों के अधिकार एवं लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुरक्षित रखने की भी मांग की गई। ज्ञापन पर कई ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों के हस्ताक्षर मौजूद रहे। यह ज्ञापन 18 मई 2026 को सौंपा गया।

# शिक्षक हितों के लिए कार्य करता रहूंगाः मगरे लाल

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ का जनपदीय अधिवेशन पर्यवेक्षक प्रेमानन्द शर्मा जिलाध्यक्ष बदायूं तथा सुधीर कुमार सयुंक्त मंत्री बरेली मण्डल की देखरेख में गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र के सभागार में संपन्न हुआ। जनपद इकाई के पदों पर एक-एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ। कुशल पर्यवेक्षक प्रेमानन्द शर्मा तथा सुधीर कुमार द्वारा प्राप्त नामांकन पत्रों की जांच की गई,जांच में सभी आवेदन पत्र वैध पाए जाने के कारण पर्यवेक्षकों द्वारा जिलाध्यक्ष मगरे लाल ,जिला महामंत्री चित्रेश यादव, जिला कोषाध्यक्ष गौरव पांडे, उपाध्यक्ष पद पर बृजेश कुमार वर्मा, कमलेश गंगवार, धीरेंद्र पाल सिंह, राजेश बाबू सक्सेना, इंद्रपाल सिंह, सुनील कुमार वर्मा, पुनीत कुमार मिश्रा, रंजना यादव, जिला मंत्री रमेश चंद्र तथा संयुक्त मंत्री अजय कुमार, विजयपाल, बबलू पाल,महेंद्र प्रताप सिंह वर्मा, पवन कुमार मिश्रा, गजाला बानो, दिनेश कुमार गंगवार, व्यास मुनि, राजीव कुमार वर्मा, लेखाकार मंसूरी सक्सेना, आय व्यय निरीक्षक गीता भारती, मीडिया प्रभारी विनोद कुमार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। संचालन बृजेश कुमार वर्मा द्वारा किया गया।जनपदीय अधिवेशन में सैकड़ों शिक्षक साथियों एवं नवनियुक्त कार्यकारिणी को संबोधित करते हुए प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ने कहा पूरे प्रदेश का शिक्षक इस समय विभिन्न समस्याओं से घिरा हुआ है, लेकिन आप सभी निश्चिंत हो जाए कि टीईटी की अनिवार्यता के प्रकरण में सप्रीम कोर्ट से ही राहत मिलना तय है। प्रदेश महामंत्री नरेश कौशिक ने कहा कि शिक्षकों को फिजूल खर्ची से बचना चाहिए तथा पुरानी वाली परंपरा को कायम रखकर हर मंजिल पर अथक प्रयास करके आगे बढ़ना चाहिए।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि जूनियर शिक्षक संघ के समस्त पदाधिकारी विभाग को सहयोग प्रदान करते हैं तथा कभी भी अनुचित तरीके से किसी कार्य को कराने हेतु उपस्थित नहीं होते हैं।संगठन के सभी पदाधिकारी को समय बद्ध तरीके से अपनी शैक्षिक दायित्वों के निर्वहन हेतु भी प्रेरित किया।विशिष्ट अतिथि के रूप में गन्ना किसान संस्थान के उपनिदेशक पीके कपिल ने शिक्षक संगठन की माहिती आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मंडल अध्यक्ष बरेली दिनेश कुमार गंगवार ने कहा जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ से जुड़े। संरक्षक जागेश पाली ने कहा कि सेवारत शिक्षकों पर अवैधानिक रूप से जबरन थोपी जा रही टेट का पूर्ण विरोध होता रहेगा।प्रदेश महामंत्री नरेश कौशिक ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई द्य 31 मार्च को सेवानिवृत हुए पूर्व जिला महामंत्री विश्राम सिंह तथा पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष चंद्र मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष द्वारा शाल ओढ़ाकार तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मगरे लाल ने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए सभा का समापन किया।

## बात-बेबात और विवाद

इसमें दो राय नहीं कि देश के प्रतिष्ठित व शीर्ष पदों पर विराजमान व्यक्तियों को अपने संस्थानों व सार्वजनिक मंचों पर अपनी बात रखने में अतिरेक में सावधानी बरतनी चाहिए। उससे निकलने वाले शब्दों के अर्थों के कई मायने निकाले जा सकते हैं। ऐसी ही चर्चा देश की शीर्ष अदालत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत के हालिया बयानों को लेकर हुई। बताया जाता है कि एक अधिवक्ता द्वारा सीनियर का दर्जा दिए जाने के बाबत दायर याचिका पर खिन्न मुख्य न्यायाधीश ने प्रासंगिक संदर्भ में जो कहा, उसको लेकर सवाल उठे। बताया जा रहा है कि 'उन्होंने मौखिक तौर पर कहा कि समाज में पहले से ऐसे परजीवी हैं जो व्यवस्था पर हमला करते हैं, और आप उनके साथ हाथ मिलाना चाहते हैं... कुछ युवा ऐसे हैं, जो रोजगार नहीं मिलने और पेशे में जगह न बना पाने के कारण 'कॉकरोच' की तरह हर जगह फैल जाते हैं। उसमें से कुछ सोशल मीडिया पर सक्रिय हो जाते हैं, कुछ आरटीआई कार्यकर्ता बन जाते हैं और फिर हर किसी पर हमला शुरू कर देते हैं।' निश्चय ही हाल के वर्षों में संपादक विहीन सोशल मीडिया में लोगों के अराजक व्यवहार को देखते हुए यह भले ही यह सत्य न हो, कुछ लोग इसे अर्धसत्य बताते हैं। लेकिन न्याय व्यवस्था के शीर्ष पर बैठे व्यक्ति से इस विषय पर संवेदनशील ढंग से अभिव्यक्ति की अपेक्षा की जाती है। हालांकि, बाद में जस्टिस सूर्यकांत ने 'कॉकरोच' वाले बयान पर कहा है कि 'मीडिया ने उनके शब्दों को गलत ढंग से पेश किया।' उन्होंने अपनी मौखिक टिप्पणी के बाबत कहा कि उनकी बातों को इस तरह पेश किया गया जैसे उन्होंने देश के युवाओं की आलोचना की हो। उनका कथन था कि उनकी टिप्पणी केवल उन लोगों के खिलाफ थीं, जिन्होंने फर्जी या नकली डिग्रियों के सहारे वकालत जैसे पेशों में प्रवेश किया है। ऐसे ही लोग मीडिया, सोशल मीडिया और अन्य सम्मानित पेशों में घुस आए हैं, इसलिए परजीवियों की तरह हैं। उनका इशारा न्यायापालिका पर होने वाले अनुचित हमलों की तरफ था। दरअसल, मुख्य न्यायाधीश ने वकीलों की कानून की डिग्रियों की जांच प्रक्रिया का जिक्र करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कुछ वकीलों द्वारा डाली जाने वाली सामग्री को देखकर उन्हें कई वकीलों की कानूनी डिग्रियों की प्रमाणिकता पर संदेह है। लेकिन इसके साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों, सोशल मीडिया से जुड़े लोगों व सोशल एक्टिविस्ट ने सीजेआई की टिप्पणी को लेकर प्रतिक्रिया दी हैं। राज्यसभा में एक राजद सांसद ने सार्वजनिक चिट्ठी लिखकर मुख्य न्यायाधीश की भाषा को लेकर चिंता जतायी। उनका कहना था कि बेरोजगारों, आरटीआई कार्यकर्ताओं, मीडिया कर्मियों और असहमति व्यक्त करने वालों की तुलना 'कॉकरोच' व 'परजीवी' से करना लोकतंत्र की मूल आत्मा और उसकी बुनियादी संवैधानिक संस्कृति को आहत करने वाला लगता है। आलोचकों का कहना है कि न्यायपालिका से आशा की जाती है कि वह संवैधानिक संयम व गरिमा की अंतिम शरणस्थली बनी रहे। एक आरटीआई कार्यकर्ता का मानना है कि प्रश्न पूछने का अधिकार लोकतंत्र की आत्मा है, ये व्यवस्था पर हमला नहीं, बल्कि उसे मजबूत बनाये रखने में भूमिका है।

# पढ़ाई पर विज्ञापन की दुहाई

*डॉ. सत्यवान सौरभ*




आजकल परीक्षा परिणाम आते ही विद्यालयों के बाहर एक अजीब सी होड़ दिखाई देने लगती है। कहीं बड़े-बड़े होर्डिंग लगे होते हैं, कहीं रंगीन पोस्टर, कहीं सोशल मीडिया पर लगातार तस्वीरों की भरमार। किसी छात्र के साथ 99 प्रतिशत, किसी के साथ 98 प्रतिशत, किसी के साथ 97 प्रतिशत अंक लिखे होते हैं। विद्यालय इन तस्वीरों को ऐसे प्रस्तुत करते हैं मानो कोई व्यावसायिक उपलब्धि हासिल हुई हो। देखने वाले अभिभावकों को संदेश दिया जाता है कि यही वह संस्थान है जहां सफलता मिलती है। शिक्षा अब धीरे-धीरे ज्ञान का माध्यम कम और प्रचार का साधन अधिक बनती दिखाई दे रही है। यही कारण है कि आज यह प्रश्न गंभीरता से उठने लगा है कि क्या पढ़ाई अब शिक्षा कम और विज्ञापन अधिक बन गई है?

निस्संदेह, मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान होना चाहिए। अच्छे परिणाम किसी भी छात्र, शिक्षक और अभिभावक के लिए गर्व का विषय होते हैं। लेकिन समस्या तब शुरू होती है जब विद्यालय केवल कुछ चुनिंदा विद्यार्थियों को ही सफलता का चेहरा बनाकर प्रस्तुत करने लगते हैं। बाकी बच्चे, जिन्होंने अपनी क्षमता के अनुसार मेहनत की, संघर्ष किया, परिस्थितियों से लड़ते हुए परीक्षा पास की, वे सब इस चमक-दमक में कहीं पीछे छूट जाते हैं। विद्यालय के पोस्टरों पर उनकी तस्वीरें नहीं होतीं, उनके प्रयासों की चर्चा नहीं होती। धीरे-धीरे उनके मन में यह भावना बैठने लगती है कि शायद वे पर्याप्त अच्छे नहीं हैं।

आज शिक्षा का वातावरण अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक हो चुका है। बच्चे अब ज्ञान प्राप्त करने के लिए नहीं, बल्कि प्रतिशत हासिल करने के लिए पढ़ रहे हैं। माता-पिता की अपेक्षाएं, समाज की तुलना और विद्यालयों की प्रचार नीति मिलकर बच्चों पर ऐसा दबाव बना देती हैं कि वे स्वयं को अंकों के तराजू में तौलने लगते हैं। यदि किसी बच्चे के 95त्न अंक आए हैं तो वह प्रतिभाशाली कहलाता है, लेकिन 70त्न लाने वाला बच्चा स्वयं को साधारण या कमजोर मानने लगता है। यह सोच शिक्षा की आत्मा के विरुद्ध है।

हर बच्चा अलग होता है। किसी की रुचि विज्ञान में होती है, किसी की साहित्य में, कोई खेल में उत्कृष्ट होता है तो कोई कला, संगीत या तकनीकी कौशल में। लेकिन वर्तमान शिक्षा व्यवस्था ने सफलता की परिभाषा को केवल परीक्षा परिणामों तक सीमित कर दिया है। विद्यालय भी उसी दिशा में चलते दिखाई देते हैं जहां उन्हें अधिक प्रचार और अधिक प्रवेश मिलने की संभावना हो। परिणामस्वरूप बच्चे विद्यार्थी कम और रिजल्ट प्रोडक्ट अधिक बनते जा रहे हैं।

सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि इस प्रकार का प्रचार बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। जिन छात्रों के अंक अपेक्षाकृत कम आते हैं, वे स्वयं को दूसरों से कमतर समझने लगते हैं। कई बच्चे अवसाद, तनाव और हीनभावना का शिकार हो जाते हैं। कुछ बच्चे तो इतने दबाव में आ जाते हैं कि वे परिवार और समाज से कटने लगते हैं। आज देश में परीक्षा परिणामों के बाद आत्महत्या जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी नहीं, बल्कि उस सामाजिक और शैक्षणिक दबाव का परिणाम है जो बच्चों पर लगातार डाला जा रहा है।

विद्यालयों को यह समझना होगा कि शिक्षा केवल टॉपर बनाने का माध्यम नहीं है। एक योग्य शिक्षक की पहचान केवल इस बात से नहीं होती कि उसके कितने छात्रों ने 95त्न अंक प्राप्त किए, बल्कि इससे होती है कि उसने कितने बच्चों के भीतर आत्मविश्वास जगाया। असली शिक्षा वह है जो बच्चे को जीवन के संघर्षों के लिए तैयार करे, उसे संवेदनशील बनाए, उसके भीतर नैतिकता और मानवता का विकास करे। यदि कोई बच्चा परीक्षा में औसत अंक लाता है लेकिन अच्छा इंसान बनता है, समाज के प्रति जिम्मेदार बनता है, तो वह भी शिक्षा की सफलता है।

आज कई विद्यालय परीक्षा परिणामों को व्यवसायिक रणनीति की तरह इस्तेमाल करते हैं। सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट, अखबारों में विज्ञापन, शहर भर में बैनर– यह सब शिक्षा के व्यवसायीकरण का संकेत है। अभिभावक भी इन चमकदार परिणामों से प्रभावित होकर विद्यालय चुनते हैं। उन्हें लगता है कि जहां अधिक टॉपर हैं, वही विद्यालय श्रेष्ठ है। लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता केवल कुछ विद्यार्थियों के प्रतिशत से तय नहीं हो सकती। किसी विद्यालय की वास्तविक पहचान इस बात से होनी चाहिए कि वहां औसत और कमजोर छात्रों के साथ कैसा व्यवहार होता है, उन्हें कितना सहयोग और प्रोत्साहन मिलता है।

यह भी सच है कि बहुत से विद्यालय जानबूझकर केवल मेधावी बच्चों पर अधिक ध्यान देते हैं ताकि उनका परिणाम अच्छा दिखाई दे। कमजोर छात्रों को अक्सर उपेक्षा का सामना करना पड़ता है। कई बार उन्हें यह महसूस कराया जाता है कि वे विद्यालय की प्रतिष्ठा पर बोझ हैं। यह स्थिति अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। शिक्षा में समान अवसर और समान सम्मान सबसे आवश्यक तत्व हैं। यदि विद्यालय ही बच्चों में भेदभाव करने लगेंगे, तो समाज में संवेदनशीलता कैसे विकसित होगी?

अभिभावकों की भूमिका भी यहां महत्वपूर्ण है। कई माता-पिता अपने बच्चों की तुलना दूसरों से करने लगते हैं। देखो शर्मा जी के बेटे के 98 प्रतिशत आए हैं जैसे वाक्य बच्चों के आत्मविश्वास को तोड़ देते हैं। हर बच्चा अपनी गति और क्षमता के अनुसार सीखता है। जरूरत उसे समझने और प्रोत्साहित करने की है, न कि उसे लगातार दूसरों से कम साबित करने की। बच्चों को यह महसूस होना चाहिए कि वे केवल अंकों के कारण प्रिय नहीं हैं, बल्कि उनके व्यक्तित्व और प्रयास भी महत्वपूर्ण हैं।

हमें यह भी समझना होगा कि जीवन में सफलता का संबंध केवल परीक्षा परिणामों से नहीं होता। इतिहास ऐसे अनेक उदाहरणों से भरा पड़ा है जहां औसत या सामान्य छात्र आगे चलकर महान वैज्ञानिक, लेखक, कलाकार, उद्यमी और नेता बने। दुनिया के कई सफल लोग पारंपरिक शिक्षा व्यवस्था में टॉपर नहीं थे। उनका आत्मविश्वास, रचनात्मकता और संघर्ष ही उनकी असली ताकत बने। इसलिए बच्चों को केवल प्रतिशत के आधार पर परखना उनके भविष्य को सीमित करना है।

विद्यालय यदि सचमुच बच्चों को प्रेरित करना चाहते हैं तो उन्हें केवल टॉपर्स की तस्वीरें लगाने के बजाय हर उस छात्र की सराहना करनी चाहिए जिसने मेहनत की है। किसी ने पिछली बार से सुधार किया, किसी ने कठिन परिस्थितियों में पढ़ाई जारी रखी, किसी ने आर्थिक समस्याओं के बावजूद परीक्षा पास की–ये उपलब्धियां भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा का उद्देश्य प्रतिस्पर्धा से अधिक सहयोग होना चाहिए। आज जरूरत इस बात की है कि शिक्षा को फिर से मानवीय बनाया जाए। बच्चों को यह सिखाया जाए कि उनका मूल्य केवल रिपोर्ट कार्ड से तय नहीं होता। विद्यालयों में ऐसी संस्कृति विकसित होनी चाहिए जहां हर बच्चा सम्मान और आत्मविश्वास महसूस करे। शिक्षक बच्चों के भीतर सीखने की जिज्ञासा जगाएँ, केवल अंक लाने की दौड़ नहीं। शिक्षा तब सार्थक होगी जब वह बच्चों को बेहतर इंसान बनाएगी, न कि केवल बेहतर प्रतिशत दिलाएगी।

सरकार और शिक्षा विभाग को भी इस विषय पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। विद्यालयों के प्रचार के लिए बच्चों की तस्वीरों और अंकों के अत्यधिक प्रदर्शन पर कुछ दिशानिर्देश होने चाहिए। शिक्षा संस्थानों को यह समझाना होगा कि बच्चे विज्ञापन का माध्यम नहीं हैं। उनकी भावनाएँ, आत्मसम्मान और मानसिक स्वास्थ्य किसी भी प्रचार से अधिक महत्वपूर्ण हैं।

समाज को भी अपनी सोच बदलनी होगी। यदि हम केवल ऊंचे अंकों वालों को ही सम्मान देंगे, तो बाकी बच्चे स्वयं को असफल समझने लगेंगे। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर बच्चा अलग है और हर प्रतिभा महत्वपूर्ण है। कोई बच्चा डॉक्टर बनेगा, कोई कलाकार, कोई किसान, कोई सैनिक, कोई शिक्षक–हर भूमिका समाज के लिए आवश्यक है। शिक्षा का उद्देश्य सभी को एक ही साँचे में ढालना नहीं, बल्कि उनकी व्यक्तिगत क्षमता को विकसित करना होना चाहिए।

आज जब पढ़ाई विज्ञापन बनती जा रही है, तब सबसे अधिक आवश्यकता संवेदनशीलता की है। विद्यालयों को बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाना चाहिए, न कि उन्हें तुलना और प्रदर्शन की मशीन बनाना चाहिए। बच्चे प्रतिशत नहीं, भविष्य हैं। उनका सम्मान केवल अंकों से नहीं, बल्कि उनके प्रयास, संघर्ष और सपनों से होना चाहिए। यदि शिक्षा केवल पोस्टरों और प्रतिशत तक सीमित हो गई, तो हम शायद अच्छे अंक तो पा लेंगे, लेकिन अच्छे इंसान खो देंगे। इसलिए समय की मांग है कि शिक्षा को फिर से शिक्षा बनने दिया जाए, विज्ञापन नहीं।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

विचार

# योगी का संदेश : सड़क नमाजघर नहीं, कानून सबसे बड़ा धर्म



*अजय कुमार*

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक बार फिर स्पष्ट और सख्त संदेश दिया है कि सार्वजनिक सड़कों पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी। इससे पहले भी सीएम योगी आदित्यनाथ कई बार कह चुके हैं कि सड़क पर नमाज नहीं पढ़ी जाएगी और अगर कोई ऐसा करता है, तो कार्रवाई होगी। योगी ने पहले भी कहा था कि सड़क सार्वजनिक जगह है, वहां ट्रैफिक और लोगों की सुविधा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। यह बयान कोई नया नहीं है, लेकिन हर बार जब यह मुद्दा उठता है, तो योगी की प्रतिक्रिया और भी कड़ी होती जाती है। दरअसल, हाल ही में हैदराबाद के एक मुस्लिम उपदेशक सैय्यद अयूब ने उत्तर प्रदेश के मुसलमानों को सड़क पर नमाज पढ़ने के लिए उकसाया और सीएम योगी को खुली चुनौती दी। वायरल वीडियो में सैय्यद अयूब ने कहा कि अगर मस्जिदों में जगह कम पड़ जाती है तो लोग सड़कों पर भी नमाज पढ़ सकते हैं, और उन्होंने मुख्यमंत्री को सीधी चुनौती देते हुए कहा कि अगर किसी में हिम्मत है तो मुसलमानों को सड़कों पर नमाज पढ़ने से रोककर दिखाए। इस बयान के बाद राज्य में पुलिस और प्रशासन और भी सतर्क हो गया। लेकिन योगी सरकार ने बिना किसी दबाव के अपना रुख बरकरार रखा कि सड़क किसी के लिए भी नमाज या पूजा की जगह नहीं है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पर कड़ी चेतावनी देते हुए साफ कहा कि पर्व-त्योहारों के दौरान सार्वजनिक उद्दंडता और माहौल बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर हाल में शांति, सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित किया जाए और धार्मिक आयोजनों में परंपरागत स्वरूप का ही पालन कराया जाए। ईद-उल-फितर और अलविदा नमाज जैसे बड़े अवसरों पर जब लाखों लोग एकत्रित होते हैं, उस समय भी सरकार ने किसी को भी सड़कों पर कब्जा करने की इजाजत नहीं दी। मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को सीधे निर्देश दिए गए कि संवेदनशीलता के साथ काम करें, लेकिन कानून से कोई समझौता न हो। सड़क पर नमाज के अलावा योगी सरकार मस्जिदों और अन्य धार्मिक स्थलों पर लाउडस्पीकर के अनियंत्रित उपयोग पर भी सख्त लगाम कसे हुए है। सीएम योगी ने आदेश दिया कि बिना इजाजत के अब लाउडस्पीकर और माइक नहीं लगाए जाएंगे। जो लाउडस्पीकर पहले से इजाजत लेकर लगे हैं, उनकी आवाज धार्मिक परिसर से बाहर नहीं जानी चाहिए। नए धार्मिक स्थलों पर नए माइक लगाने की अनुमति नहीं मिलेगी। यह आदेश किसी एक धर्म को टारगेट करके नहीं था। यह सभी धार्मिक स्थलों पर समान रूप से लागू किया गया। मंदिर हो, मस्जिद हो या गुरुद्वारा, सबके लिए एक ही नियम। योगी सरकार की सख्ती के बाद धार्मिक स्थलों पर लगे 17 हजार लाउडस्पीकरों की आवाज धीमी हो गई और 125 जगहों से लाउडस्पीकर हटा भी दिए गए। गौरतलब हो कि साल 2023 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर यूपी में 61,399 लाउडस्पीकर चेक किए गए। योगी सरकार के आने के बाद धार्मिक स्थलों से होने वाले ध्वनि प्रदूषण पर सख्ती की गई। मुख्यमंत्री ने विधानसभा सत्र में कहा था कि सरकार ने बेवजह के ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किया है और सभी धर्मों के लोगों ने स्वेच्छा से लाउडस्पीकर हटाए हैं। बहरहाल, योगी सरकार ने केवल बयानों तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि जमीन पर ठोस कार्रवाई भी की। नेपाल सीमा से लगे जनपदों में यूपी सरकार ने अवैध रूप से बनी मस्जिदों, मजारों, ईदगाहों और मदरसों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। प्रशासन ने पिछले कुछ समय में 350 से अधिक अवैध धार्मिक स्थलों को चिह्नित कर सीलिंग और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया को अंजाम दिया। जिन जिलों में यह कार्रवाई हुई, उनमें श्रावस्ती, बहराइच, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, पीलीभीत, बलरामपुर और लखीमपुर खीरी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश पर चला अवैध कब्जा मुक्त अभियान यह संदेश देता है कि प्रदेश की जमीन पर अनधिकृत कब्जा, चाहे किसी भी धर्म के नाम पर हो, बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गौरतलब हो कि सड़क पर नमाज और लाउडस्पीकर जैसे मुद्दे योगी सरकार की एक बड़ी रणनीति के हिस्से हैं, और वह रणनीति है जीरो टॉलरेंस। 2017 से राज्य में डकैती, लूट, दंगा, हत्या, अपहरण और बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों में 85 फीसदी तक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के कारण उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था में बड़े पैमाने पर सुधार हुआ है। 68 माफिया और उनके करीब 1500 सहयोगियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है और 142 अरब रुपये की अवैध संपत्ति जब्त की गई है। ये आंकड़े बताते हैं कि जिस यूपी को कभी माफियाओं का अड्डा माना जाता था, वहां अब कानून का राज स्थापित हो चुका है।

यूपी की छवि कुछ वर्ष पहले तक एक ऐसे राज्य के रूप में थी, जहाँ अलग-अलग क्षेत्रों में माफियाओं और बाहुबलियों का दबदबा था। उन्हें या तो राजनीतिक संरक्षण प्राप्त था या वे खुद राजनेता बन गए थे। लेकिन देश के सबसे बड़े सूबे में योगी सरकार आने के बाद यहाँ की तस्वीर बदल गई। सरकारी दावों की पुष्टि एनसीआरबी के राष्ट्रीय स्तर के आंकड़े भी कर रहे हैं। एनसीआरबी की वर्ष 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय क्राइम रेट 252.3 के मुकाबले यूपी का क्राइम रेट केवल 180.2 है। देश की लगभग 17 प्रतिशत आबादी उत्तर प्रदेश में रहती है, लेकिन कुल अपराधों के मामले में राज्य का स्थान 18वां है। यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने कहा कि पिछले नौ वर्षों में आधुनिक पुलिस स्टेशन, एंटी रोमियो स्क्वॉड, महिला हेल्प डेस्क, फास्ट ट्रैक कोर्ट और संगठित अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को मजबूत किया है।पश्चिम बंगाल के नेता सुवेंदु अधिकारी भी पश्चिम बंगाल में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ वाला मॉडल लागू करने की बात करते नजर आ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार पहले से ही सड़कों पर नमाज पढ़ने को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए है और सार्वजनिक स्थानों पर बिना अनुमति धार्मिक जमावड़ों पर रोक लागू है। यह योगी मॉडल की सबसे बड़ी सफलता मानी जा रही है। जब अन्य राज्यों की सरकारें यूपी की नीतियों की नकल करने लगें, तो समझिए कि काम हो रहा है। लब्बोलुआब यह है कि योगी आदित्यनाथ का यह रुख कि सड़क किसी की निजी जायदाद नहीं है, न नमाज के लिए और न किसी अन्य धार्मिक कार्यक्रम के लिए, दरअसल संविधान की भावना के अनुरूप है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में कानून-व्यवस्था को सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि बीते वर्षों में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पुलिस व्यवस्था में सुधार से प्रदेश में निवेश का माहौल बेहतर हुआ है। आज का उत्तर प्रदेश वह नहीं है जहाँ अपराधी खुलेआम घूमते थे, जहाँ माफिया राजनीति को नियंत्रित करते थे, जहाँ सड़कें रात को बंद हो जाती थीं। आज का यूपी एक ऐसा प्रदेश बन रहा है जहाँ सबके लिए एक कानून है और उस कानून के सामने न कोई माफिया टिका, न कोई अतिक्रमणकारी और न कोई सड़क पर नमाज पढ़ने की जिद करने वाला।

*(वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

साहित्य

## जेब पर दोहरी मार पड़ी...!



**संजय एम तराणेकर**

अब महँगाई की आँधी ऐसी,
बिगड़ा हैं घर का सारा हिसाब।
रसोई की हर एक थाली पर,
पड़ने लगा हैं खर्च बेहिसाब।

अब ये दाल हुई दूर की चीज़,
तेल भी जैसे सोना हो गया।
पास में ही सब्ज़ी मंडी जाते-2,
मन ये बेचारा रोने-सा हो गया।

गैस सिलेंडर दाम आसमान पे,
बेबस चूल्हे की लौ भी घबराए।
देखों थोड़ी-थोड़ी चीज़ बचाकर,
हमारी माँ घर का खर्च चलाए।

ऐसी जेब पर दोहरी मार पड़ी है,
सभी के सपनों का रंग फीका है।
अपनी कमाई छोटी, खर्च बड़े हैं,
देख रहें हर चेहरा थोड़ा रीता है।

फिर भी उम्मीदों का यह दीपक,
हर एक दिल में है जलता रहता।
मेहनत और हिम्मत के दम पर,
जीवन आगे बढ़ दमकता रहता।



## राशिफल

**मेषः**- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृषभः**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुनः**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। घर में खुशहाली होगी।

**कर्कः**- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः**- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः**- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा।

**वृश्चिकः**- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठ बढ़ेगी। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः**- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# लाहौर को फिर मिलने लगी हिंदू नाम वाली पहचान



*संजय सक्सेना*

लाहौर जिसे पाकिस्तान का दिल कहा जाता है, उस लाहौर की आत्मा सांझी सांस्कृतिक विरासत का जीता-जागता गवाह भी है। रावी के किनारे बसा यह शहर सदियों तक हिंदू, सिख, मुसलमान और बौद्ध सभ्यताओं की साझा थाती रहा है। 1947 से पहले लाहौर में हिंदू और सिख आबादी की एक बड़ी हिस्सेदारी थी।

बाजारों में लक्ष्मी की पूजा होती थी, गली-गली में कृष्ण के मंदिर थे, जैन व्यापारियों के चौक पर धर्म की चर्चा होती थी। इन मोहल्लों, चौकों और सड़कों के नाम उस जीवंत समाज की भाषा बोलते थे-कृष्णनगर, संतनगर, लक्ष्मी चौक, जैन मंदिर चौक, धर्मपुरा आदि। लेकिन 1947 में विभाजन की आग ने सब कुछ बदल दिया। बंटवारे के बाद लाखों हिंदू और सिख परिवार रातों-रात अपनी जड़ें छोड़कर भारत आ गए। उनके जाने के साथ उनके नाम भी धीरे-धीरे मिटने लगे। विशेष रूप से 1990 के दशक में जब पाकिस्तान में धार्मिक कट्टरपंथ की लहर अपने चरम पर थी, इन ऐतिहासिक नामों को व्यवस्थित रूप से बदला जाने लगा। जहाँ कभी लक्ष्मी चौक की रौनक थी, वहाँ मौलाना जफर चौक का बोर्ड लग गया। जैन मंदिर चौक को बाबरी मस्जिद चौक का नाम दे दिया गया। कृष्णा नगर इस्लामपुरा बन गया। धर्मपुरा, मुस्तफाबाद हो गया। यह बदलाव महज नामों का परिवर्तन नहीं था,यह एक सभ्यता की स्मृति को जानबूझकर मिटाने की कोशिश थी,लेकिन पाकिस्तान की आजादी के करीब 78 साल बाद, इतिहास एक अप्रत्याशित करवट ले रहा है।

लाहौर प्रशासन ने पिछले दो महीनों के भीतर 9 प्रमुख जगहों के इस्लामी नाम बदलकर उन्हें पुराने हिंदू और ब्रिटिश काल के मूल नामों पर बहाल कर दिया है। इस पहल को लाहौर हेरिटेज एरिया रिवाइवल नाम दिया गया है और यह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज की देखरेख में शुरू की गई है। इसका उद्देश्य लाहौर के पुराने इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना है। इसी के चलते लाहौर नगर निगम के रिकॉर्ड और सड़कों पर अब यह इतिहास दर्ज हो चुका है। इस्लामपुरा को कृष्णनगर, सुजतनगर को संतनगर और मौलाना जफर चौक को लक्ष्मी चौक का नाम वापस मिल गया है। बाबरी मस्जिद चौक अब जैन मंदिर चौक,मुस्तफाबाद अब धर्मपुरा, और सर आगा खान चौक अब डेविस रोड कहलाएगा। इसके अलावा अल्लामा इकबाल रोड को जेल रोड, फातिमा जिन्ना रोड को क्वींस रोड और बाग-ए-जिन्ना को फिर से लॉरेंस गार्डन का पुराना नाम दे दिया गया है। इन परिवर्तनों के साथ ही शहर में नए बोर्ड भी लगा दिए गए हैं। एक ऐसा दृश्य जो कुछ साल पहले तक कल्पना से परे लगता था।

इस पूरी पहल के पीछे जो सबसे बड़ा नाम है, वह है पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज शरीफ। मार्च 2025 में स्थापित लाहौर अथॉरिटी फॉर हेरिटेज रिवाइवल के संरक्षक-प्रमुख नवाज शरीफ हैं और मरियम नवाज इसे कार्यकारी निगरानी प्रदान करती हैं। इस संस्था का वार्षिक बजट 635 मिलियन रुपये आवंटित किया गया है। मरियम नवाज की सोच यह है कि लाहौर की असली ताकत उसकी बहुसांस्कृतिक विरासत में है। 48 औपनिवेशिक इमारतों की बहाली का काम चल रहा है और भाटी गेट, शालीमार बाग, और शाहदरा कॉम्प्लेक्स जैसे प्रमुख स्थल भी इस पुनरुद्धार योजना में शामिल हैं। बहरहाल, यह कदम केवल भावनात्मक नहीं है।इसके पीछे कुछ बुनियादी बातें भी छिपी हैं। इसमें पर्यटन और अंतरराष्ट्रीय छवि सुधारने की राजनीतिक समझ भी काम कर रही है। लाहौर को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल कराने की महत्वाकांक्षा भी इस योजना के पीछे एक प्रेरणा है, जो बात सबसे अधिक चौंकाती है, वह यह है कि इस बड़े बदलाव पर पाकिस्तान के अंदर से कोई बड़ा विरोध नहीं उठा। जबकि ऐसे मामलों में धार्मिक कट्टरपंथी संगठन प्रायः सड़क पर उतर आते हैं। बीकनहाउस यूनिवर्सिटी के लेक्चरर साद मलिक कहते हैं कि प्रशासन ने भले ही कागजों में इसका नाम मौलाना जफर अली चौक कर दिया था, लेकिन उनके और उनके पिता जैसे कई लोगों के लिए यह हमेशा से लक्ष्मी चौक ही रहा। यह नाम उनकी साझी विरासत का हिस्सा है। अनारकली इलाके के रहने वाले मौलाना वाजिद कादरी ने स्पष्ट कहा कि इस्लाम को किसी मंदिर या गुरुद्वारे से कोई दिक्कत नहीं है। उनका मानना है कि 1990 के दशक में जैन मंदिर चौक का नाम बाबरी मस्जिद चौक करना महज एक सियासी फैसला था और जिन पूर्वजों ने ये हिंदू नाम रखे थे, वे भी मुसलमान ही थे, इससे उनके ईमान पर कोई आंच नहीं आई थी।लाहौर में बदलाव का यह घटनाक्रम उस वक्त हो रहा है जब पाकिस्तान भीषण आर्थिक संकट, अंतर्राष्ट्रीय अलगाव और अपनी बिगड़ती छवि से जूझ रहा है। ऐसे में लाहौर की विरासत को पुनर्जीवित करना एक तरफ जहाँ सांस्कृतिक परिपक्वता का संकेत है, वहीं दूसरी तरफ यह एक रणनीतिक कदम भी है, विश्व को यह संदेश देना कि पाकिस्तान केवल कट्टरपंथ की पहचान नहीं है। लाहौर के पुराने बाशिंदे, जो भारत में है, इन खबरों को सुनकर भावुक हो जाते हैं। उनके लिए लक्ष्मी चौक या कृष्णनगर सिर्फ नाम नहीं, उनकी पुश्तैनी यादें हैं। शायद यही वह भावनात्मक धरातल है जिस पर खड़े होकर दो देशों के बीच की दूरी कुछ कम होती दिखती है।

*(वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### विजय सिंह बने क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष



**फतेहपुर।** विजय सिंह गौर को उनकी क्षत्रिय समाज के प्रति लगन, सक्रियता, समर्पण एवं सेवाभावना तथा क्रियाशीलता को देखते हुए राघवेंद्र सिंह राजू वरिष्ठ राष्ट्रीय महामंत्री के निर्देश पर एवं कृष्णन सिंह काशी प्रांत अध्यक्ष अमित सिंह की अनुशंसा पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा में जिला अध्यक्ष फतेहपुर के पद पर तीन वर्ष के लिए मनोनीत किया गया। विजय सिंह गौर संगठन के प्रति अनुशासित, समर्पित तथा निष्ठावान रहकर सनातन हिंदू समाज के उत्थान, विकास और उन्नति के लिए ईमानदारी और सत्यनिष्ठा से कार्य कर रहे हैं तथा संगठन की एकता और अखंडता कायम रखते हुए संगठन की सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को और अधिक शक्तिशाली/प्रभावशाली बनाते हुए उसका विकास और विस्तार करेंगे। वही विजय सिंह ने कहा जो जिम्मेदारी उनको राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा दी गई है उसका वह पहले भी निर्वहन करते रहे हैं और दोबारा फ़िर से निर्वहन करेंगे। क्षत्रिय समाज को ज्यादा से ज्यादा संगठन के साथ जोड़कर उनके हित के लिए कार्य करेंगे।

### भीषण गर्मी में व्यापारी समाज सेवियों ने राहगीरों को को पिलाया शरबत व ठंडा पानी



**कुलपहाड़ महोबा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम लाड़पुर में भीषण गर्मी को देखते हुए समाजसेवी व्यापारियों ने राहगीरों को शरबत व ठंडा पेयजल पिलाकर पुण्य का कार्य किये जाने पर लोगों द्वारा सराहना की जा रही है। बता दें मई माह के तीसरे सप्ताह में गर्मी अपने चरम पर है सुबह 10 बजते ही तेज धूप की तपन का अहसास होने लगता है। सड़कों पर कम ही लोग निकलना पसंद करते हैं। इस गर्मी को देखते हुए ग्राम लाड़पुर के समाजसेवी व्यापारी हरि प्रकाश, राजू सिंह, अजय राजपूत, सुमित सोनी, रवि सोनी आदि लोगों ने स्टाल लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत व पेयजल पिलाकर राहत पहुंचाने का कार्य किया है जिसकी ग्रामीणों द्वारा सराहना की जा रही है।

### मिशन शक्ति केंद्र की काउंसलिंग से दंपती के विवाद का सौहार्दपूर्ण हुआ समाधान



**महोबा।** महिला सुरक्षा एवं पारिवारिक विवादों के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अजनर पुलिस ने दाम्पत्य विवाद पर सहमति बनाकर सराहनीय कार्य किया। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के कुशल निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के नेतृत्व में महिला सुरक्षा एवं पारिवारिक विवादों के निस्तारण हेतु अभियान चलाए जा रहे हैं। थाना अजनर पर आवेदिका नीरज पत्नी विनोद निवासी ग्राम टिकरिया, थाना अजनर जनपद महोबा द्वारा अपने पति विनोद के विरुद्ध परेशान करने एवं साथ न रखने संबंधी शिकायत प्रस्तुत की गई थी। प्राप्त सूचना के क्रम में दोनों पक्षों को थाना पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में बुलाकर मिशन शक्ति टीम द्वारा सम्मानपूर्वक काउंसलिंग की गई। इस दौरान दोनों पक्षों की बात सुनते हुए उन्हें समझाया-बुझाया गया। काउंसलिंग के उपरांत दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से भविष्य में किसी प्रकार का विवाद या लड़ाई-झगड़ा न करने तथा आपसी समझ के साथ साथ रहने की सहमति व्यक्त की।

### जनपद पुलिस की सजगता से गुमशुदा बालक सकुशल परिजनों को किया सुपुर्द



**महोबा।** थाना कोतवाली नगर पर अधिवक्ता नीरज रावत द्वारा एक बालक को लाकर छोड़ा गया, जो प्राइवेट बस के पास अकेला बैठा मिला था तथा अपने घर का पता नहीं बता पा रहा था। थाने में पूछताछ के दौरान बालक ने अपना नाम कृष्णा, माता का नाम विनीता एवं पिता का नाम अशोक बताया, लेकिन निवास की जानकारी नहीं दे सका। पुलिस के अनुसार थाना स्तर पर काफी प्रयास के बाद भी परिजनों की जानकारी प्राप्त न होने पर बालक को चाइल्ड हेल्प लाइन ऑफिस महोबा में अस्थायी रूप से सुरक्षित रखा गया। कुछ समय पश्चात थाना पर संतोष कुमार पुत्र जगभान निवासी समद नगर, थाना कोतवाली नगर महोबा उपस्थित हुए, जिन्होंने अपने भांजे के गुम होने की जानकारी दी। बालक की फोटो दिखाने पर उन्होंने उसकी पहचान अपने भांजे कृष्णा के रूप में की। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा संतोष कुमार को साथ लेकर चाइल्ड हेल्प लाइन कार्यालय पहुंचा गया, जहां बालक ने अपने चाचा अखिलेश एवं मामा संतोष को पहचान लिया। आवश्यक पुष्टि के उपरांत बालक को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### कोतवाली, एसओजी, सर्विलांस टीम ने मुठभेड़ में पकड़ा शातिर बाइक चोर



**उरई (जालौन)।** बीती रात्रि कोतवाली उरई पुलिस एवं एसओजी, सर्विलांस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चोरी, नकबजनी, गैंगस्टर और पुलिस मुठभेड़ जैसे गंभीर मामलों में वांछित चल रहे शातिर अपराधी सुनील कुशवाहा को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में जवाबी फायरिंग के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगी जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जालौन विनय कुमार सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी के पर्यवेक्षण तथा उरई कोतवाली प्रभारी आनंद कुमार सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि चोरी के विभिन्न मुकदमों में वांछित अपराधी सुनील कुशवाहा चुर्खी चौराहे से इकलासपुरा चौराहे के बीच मरघट के पीछे संपर्क मार्ग पर मौजूद है। सूचना मिलते ही कोतवाली उरई पुलिस और एसओजी, सर्विलांस टीम ने इलाके की घेराबंदी कर चेकिंग अभियान शुरू किया। इसी दौरान संदिग्ध युवक को रोकने का प्रयास किया गया तो उसने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। हालांकि पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। इसके बाद पुलिस ने आत्मरक्षार्थ नियंत्रित जवाबी फायरिंग की जिसमें अभियुक्त सुनील कुशवाहा के पैर में गोली लग गई। घायल होने के बाद पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अवैध असलाहा एक जिंदा कारतूस तथा दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। घायल अभियुक्त को पुलिस ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया।

# ग्राम पंचायतों की आमदनी बढ़ाने में दें जोर: डीएम

**▸ पंचायत भवन, उत्सव भवन का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराना सुनिश्चित करें**

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने व्यक्तिगत शौचालय की प्रगति, आरआरसी सेन्टर के संचालन, सामुदायिक शौचालय, बायोगैस प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट, फ़ीकल स्लेज मैनेजमेंट इकाई की स्थापना हेतु स्थल चयन, आय एवं व्यय, पंचायत भवन का निर्माण, अन्त्येष्टि स्थल निर्माण, उत्सव भवन के निर्माण की प्रगति की बिन्दुवार समीक्षा कर संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर सर्वे कराते हुए लक्ष्य के अनुरूप व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए पात्रता के आधार पर आवेदन कराए, साथ ही जो आवेदन हो गए है, का सत्यापन कराते हुए निर्माण कार्य पूरा कराए। जिन ग्राम पंचायतों में आर.आर.सी. सेन्टर का निर्माण कार्य शेष रहा गया है, को एक माह में निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करे। आर.आर.सी. सेन्टर को पूरी क्षमता के साथ संचालन कराया जाय, कूड़े के निस्तारण से प्राप्त आय को संबंधित ग्राम पंचायत के खाते में जमा कराए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों का आमदनी का सोर्स बढ़ाए पर विशेष बल दिया। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया हुई आमदनी के सभी अभिलेखों की जांच करे। विकास खंड प्रेरक सभी सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण करें, साथ ही ब्लॉक में 15 दिन में हों वाली बैठक में जो सुधार कराना हो को कराते हुए सामुदायिक शौचालय पूर्ण रूप से क्रियाशील रहे, साथ ही सामुदायिक शौचालय में खंड प्रेरक, सचिव, सहायक खंड विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी का मोबाइल नंबर व नाम अवश्य अंकित कराए। उन्होंने कहा शौचालय रेट्रोफिटिंग के अंतर्गत शौचालय मरम्मत कराए गए है, उनको चिन्हित करते हुए रैंडम जांच करने के निर्देश एडीओ व खंड विकास अधिकारी को दिए और कहा कि रिपोर्ट से अवगत कराए, रिपोर्ट में लाभार्थी का नाम व मोबाइल नम्बर अवश्य रहे। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 के अंतर्गत विकास खंड विजयीपुर, देवमई में स्थापित प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का संचालन पूरी क्षमता के साथ कराए, के लिए सभी खंड विकास अधिकारी कार्ययोजना बनाकर प्लास्टिक दोनों यूनिटों में सुविधानुसार पहुंचाए ताकि प्लास्टिक का निस्तारण हो सके और ग्राम पंचायतों की आमदनी हो सके, साथ ही विकास खंड भिटौरा के जामरावां एवं विकास खंड बहुआ के ग्राम पंचायत गाजीपुर में निर्माणाधीन प्लास्टिक मैनेजमेंट यूनिट का गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य कराया जाय। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त व 5वें वित्त आयोग में कराए गए कार्यो के सापेक्ष शत प्रतिशत भुगतान कराया गया। अन्त्येष्टि स्थल, पंचायत भवन, उत्सव भवन का निर्माण कार्य शेष बचा है, चरणबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूरा कराए, में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, साथ ही वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचायत भवन, अन्त्येष्टि स्थल का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, के लिए जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर क्षेत्र चिन्हित कर नियमानुसार कार्यवाही पूरी कर निर्माण कार्य कराया जाय। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों या विकास खंडों में हो कार्य कराए गए है, के सापेक्ष होने वाले जीएसटी का भुगतान अवश्य कराए यदि जीएसटी प्रशिक्षण की आवश्यकता है तो कार्यशाला करा ले। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, समिति के सदस्य सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में मेधा अलंकरण व परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, वीआईपी रोड, में मेधा अलंकरण एवं परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, बिन्दकी पूर्व विधायक करण पटेल, विद्यालय प्रबन्धक राकेश श्रीवास्तव, अशोक मिश्र एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। मेधा अलंकरण समारोह में सत्र 2025-26 के हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट के मेधावी भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। हाईस्कूल में अनमोल सिंह 96 प्रतिशत, अंकित कुमार 95.8 प्रतिशत, अनुभव मिश्रा 95.3 प्रतिशत, इशिका 94.8 प्रतिशत आदि व इण्टर मीडिएट में तन्मय पटेल 92.2 प्रतिशत, राहुल साहू 90 प्रतिशत आदि छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इसी प्रकार प्रथम, द्विमासिक परीक्षा में 6 से 12 तक के छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। एवं कर्सिव राइटिंग में भी प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। जिसमें वसु तिवारी, अंशिका राजपूत, अभय, नितिन आदि पुरस्कृत किये गये। अटल टिकरिंग लैब विकसित भारत के तहत बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सक्षम द्विवेदी, रवी यादव एवं आदित्य शर्मा को दिये गये। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बच्चों को अहंकार नहीं करना, मेहनत करने के लिए, एवं अनुशासित रहने के लिए कहा। उन्होनें कहा कि हमे हार से निराश नहीं होना चाहिये बल्कि और मेहनत करनी चाहिए एवं छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य विक्रम बहादुर ने बच्चों को बधाई दी और अपने आचार्यो और माता पिता की आज्ञा मानने को कहा. विद्यालय के प्रबंधक ने सभी आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के व्यवस्था प्रमुख राजनारायण, सुशील तिवारी, राजेश, भावना, परीक्षा विभाग एवं अनुज, मानेश एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित रहे।

## पेट्रोल, डीजल व रसोई गैस की बढ़ी कीमतों पर कांग्रेस ने जताया रोष



**फतेहपुर।** मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा हाल में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी व व्यवसायिक गैस सिलेंडरों में बढ़ी कीमतों को लेकर जिला व शहर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कचेहरी प्रांगण में सरकार विरोधी नारों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान नेतृत्व कर रहे शहर अध्यक्ष मो. आरिफ गुड्डा ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहा कि एक ओर मौजूदा भाजपा सरकार के मुखिया नरेंद्र मोदी जनता को पेट्रोल डीजल व गैस की किल्लत बताते हुए बचत की बात करते हैं वहीं दूसरी ओर अन्य सैकड़ों देशों को रिफाइन कर तेल बेचा जा रहा है यह कहां का न्याय है। उन्होंने आगे कहा कि जनता को हर मोड़ पर मूर्ख बनाना नरेंद्र मोदी की फितरत बन चुकी है जब की हमारे नेता राहुल गांधी ने पहले ही हर मोड़ पर इन्हें आगाह करने का काम किया है परन्तु उनकी आवाज दबाकर जनता को भ्रमित करना ही इनका एक मात्र उद्देश्य है जो देश हित में उचित नहीं है। वरिष्ठ नेता शेख एजाज अहमद ने कहा कि चंद मीडिया के बलबूते तमाम कुचक्र से सत्ता में काबिज भाजपा आज देश के हर सच्चे नागरिक की नजरों में गिर चुकी है परन्तु देश निश्चित ही एक भयावह स्थिति में पहुंच चुका है उन्होंने आगे कहा कि जहां तमाम पड़ोसी मुल्क में पेट्रोल डीजल की कीमतों में गिरावट देखी गई है वही भारत में कीमत वृद्धि आश्चर्य जनक प्रतीत होती है एवं ऐसा लगता है कि विश्व में केवल भारत ही ऐसा देश है जो मंदी से जूझ रहा है। प्रदर्शन में वरिष्ठ महिला नेता संतोष कुमारी शुक्ला, प्रदेश सचिव शोभा दुबे, पार्टी प्रवक्ता ई देवी प्रकाश दुबे, ब्रजेश मिश्रा, कलीम उल्ला सिद्दीकी आदि ने भी सरकार को जमकर कोसा। प्रदर्शन के दौरान महिला नेता पप्पी राजपूत, शकीला बानो, आशीष गौड़, राजेंद्र लोधी, राजीव लोचन निषाद, जे पी पासवान, डॉ अब्दुल हमीद, बसीर अहमद, अजय बच्चा सलीम शेख, धर्मेंद्र सिंह, अब्दुल रज्जाक आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्लाट व मकान पर अवैध कब्जे का आरोप, सीओ से लगाई न्याय की गुहार

**माधौगढ़ (जालौन)।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जगम्मनपुर निवासी राम मोहन पुत्र भिख्खे ने क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ को शिकायती पत्र देकर अपने प्लाट एवं मकान पर जबरन अवैध कब्जा किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि भूमि विवाद का मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद विपक्षीगण दबंगई के बल पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं।

### बरोदा खुर्द में ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी से लगी अचानक भीषण आग



**कोंच (जालौन)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम बरोदा खुर्द में सोमवार को खेत के पास लगे विद्युत ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी ने अचानक भीषण आग का रूप ले लिया। आग ट्रांसफार्मर के आसपास पड़े सूखे कचरे में लगी और देखते ही देखते तेज लपटों के साथ फैलने लगीं। घटना से गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। गांव में खेत के किनारे काफी मात्रा में सूखा कचरा और घास-फूस पड़ा हुआ था। ट्रांसफार्मर से निकली चिंगारी कचरे पर गिरते ही आग भड़क उठी। तेज हवा और सूखे कचरे के कारण आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। आग की लपटें इतनी ऊंची उठने लगीं कि ट्रांसफार्मर से जुड़ी विद्युत केबल भी इसकी चपेट में आ गईं और जलकर क्षतिग्रस्त हो गईं। केबल जलने से गांव के आधे से अधिक हिस्से की बिजली आपूर्ति अचानक बाधित हो गई। बिजली कटने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई घरों में पानी की मोटरें बंद हो गईं, वहीं गर्मी के मौसम में बिजली ठप होने से लोगों की दिक्कतें और बढ़ गईं। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन, 12 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

**▸ स्व. सुरेन्द्र मौखरी की स्मृति में 11वां सर्व समाज सामूहिक शादी समारोह का आयोजन**

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



समाज सेवा और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के उद्देश्य से राठ रोड स्थित विजय विक्रम पैट्रोल टैंक के पास भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जरूरतमंद युवक-युवतियों के 12 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया।

सामूहिक विवाह समारोह में मुख्य अतिथि राजाराम पाल पूर्व सांसद, पुष्पेन्द्र सिंह ममना, संरक्षक पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, रामसहोदर यादव, रामकरण निर्मल प्रदेश अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, वीरपाल दादी, बब्लू यादव जिलाध्यक्ष कानपुर देहात दीपराज गुर्जर जिलाध्यक्ष, श्रीराम पाल, आनंद यादव, राजू अहिरवार सांसद प्रतिनिधि, शफीकुर्रहमान कशफी, श्रीमती संध्या मौखरी, राशमि पाल, दीप शिखा श्रीवास मौजूद रही। इसके साथ ही कार्यक्रम के आयोजिकों में रिंकू मौखरी, चंद्रशेखर मौखरी, लला मौखरी, निर्दोष राजपूत, कल्लन पाल आदि मौजूद रहे। दम्पति बंधन बंधे जोड़ों में सोनू केवट संग रेशम केवट, राहुल कुशवाहा संग काजल कुशवाहा, विजय नामदेव संग पूजा, कुंवरलाल पाल संग कल्पना, ब्रिजेश कठेरिया संग संगीता, वीरू श्रीवास संग मुस्कान, अजय कुमार संग कांति अहिरवार, वीरेंद्र रायकवार संग नीलम, रविशंकर कठेरिया संग शिला, शैलेन्द्र सिंह संग कांति, काजू कठेरिया संग पूनम, अंकित केवट संग मंजू शामिल रहे। आयोजकों के अनुसार, इस सामूहिक विवाह समारोह में सभी नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थी का आवश्यक सामान, वस्त्र, आभूषण तथा अन्य उपयोगी उपहार प्रदान किए गये। कार्यक्रम आयोजन समिति के रिंकू मौखरी ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह जैसी बड़ी जिम्मेदारी से राहत प्रदान करना तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है। इस मौके पर प्रमुख रूप इस दौरान अरविंद लल्ला, भगवत सिंह,वीरू यादव, प्रवीण यादव सनी, महेंद्र कठेरिया, विक्की गायर, रुद्र आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण किया और व्यवस्था में मौजूद रहे। अंत में अनूप सिंह रिंकू मौखरी सहित समस्त विजय विक्रम मौखरी परिवार ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट सम्मानित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राहूल पिरौना ने किया।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र अर्पित कुमार को गलत आचरण के चलते-चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, वह अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। **नरेश कुमार पुत्र हुलासी राम निवासी मोहल्ला गढ़ी पुवायां, शाहजहांपुर।**

**सूचना**

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी पुत्री नैना यज्ञ सैनी का डाकघर में सुकन्या बचत खाता खुला है, जिसमें पुत्री का नाम कुमारी नैना अंकित है, जो कि गलत है। मेरी पुत्री का सही नाम आधार कार्ड में नैना यज्ञ सैनी है। पुत्री नैना यज्ञसैनी के नाम से ही जानी व पहचानी जाती है।

**सूचनाकर्ता**
**गुड़िया पत्नी स्व. अनूप कुमार यज्ञ सैनी निवासी- मोहल्ला कोठी नगर पंचायत हैदरगढ़,बाराबंकी।**

**सूचना**

पासपोर्ट में मेरा नाम MOHAMMAD AFZAL और पता 225 MOH -MANGHAI TOLA QILA NEAR IMLI WALI MASJID, PS- KOTWALI SHAHJAHANPUR लिखा है जोकि गलत है, मेरा सही नाम MOHD AFZAL KHAN और सही पता MAGHAI TOLA SHAHJAHANPUR, UTTAR PRADESH- 242001 है। इसी नाम और पता से जाना जाए। MOHD AFZAL KHAN पुत्र SIKANDER KHAN नि. मो. MAGHAI TOLA SHAHJAHANPUR, UTTAR PRADESH- 242001

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व में नाम SAYED ALI था जोकि त्रुटिपूर्ण है। सही नाम SAIYYAD ALI S/o SUBRATI निवासी ग्राम मतरेपुर पोस्ट जरवल थाना कैसरगंज जिला बहराइच है। अतः मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।
**सैय्यद अली पुत्र सुबराती, निवासी ग्राम मतरेपुर थाना कैसरगंज जिला बहराइच।**

## डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई अधिकारी एवं सर्राफा व्यापारियों की बैठक

**▸ बैठक में देश की अर्थव्यवस्था को गति, विदेशी मुद्रा भण्डार के दवाव को कम करने आदि में व्यापारियों ने सहयोग पर दिखवाई एकजुटता**

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



देश हित में प्रधानमंत्री के आह्वान एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के सानिध्य में एक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) कुंवर पंकज एवं उपायुक्त राज्य कर नीरज सेंगर एवं राज्य कर विभाग महोबा के अधिकारी एवं सर्राफा एसोसिएशन/बुलियन व्यापारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया ।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करना, विदेशी मुद्रा भंडार पर आ रहे दबाव को कम करना और सोने के आयात को नियंत्रित करना है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित व्यापारियों को विदेशी मुद्रा पर आए वैश्विक दबाव के विषय में विस्तार से समझाया गया और यह अपेक्षा की गई कि सभी व्यापारी देश हित में स्वेच्छा से सोने व चांदी की बुलियन (ईंट/बिस्कुट) की खरीद-बिक्री को हतोत्साहित करेंगे। इस संबंध में सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन एवं स्थानीय व्यापारियों द्वारा अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त की गई। व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि युद्ध के कारण उपजी वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए वे देश की अर्थव्यवस्था को संबल देने के लिए सरकार का हर संभव सहयोग करेंगे। बैठक में उपस्थित अवनीश सोनी, महामंत्री नगर महोबा द्वारा सुझाव दिया गया कि सरकार के द्वारा बुलियन बैंक की स्थापना एवं गोल्ड मोनेटाइजेशन जैसी वैकल्पिक व्यवस्थाएं करायी जाएं। इसके अतिरिक्त सर्राफा व्यापारियों द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें शस्त्र लाइसेंस उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया। बैठक में चरखारी, श्रीनगर, कबरई, महोबा एवं कुलपहाड़ के सर्राफा यूनियन के पदाधिकारी एवं व्यापारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सोमवार को सर्राफा व्यापारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करते हुए बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था, पारदर्शी लेन-देन तथा उपभोक्ता हितों को सुरक्षित रखने पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में व्यापारियों द्वारा बताए गए सुझावों और समस्याओं पर जिलाधिकारी ने गंभीरता से विचार किया। जिलाधिकारी ने त्योहारी एवं विवाह सीजन को देखते हुए बाजारों में भीड़ बढ़ने की संभावना पर पुलिस-प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर दुकानों एवं गलियों में अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे ठीक रखने, कैश लेन-देन में पारदर्शिता अपनाने और उपभोक्ताओं को सही वजन एवं गुणवत्तायुक्त आभूषण उपलब्ध कराने की अपील की।

बैठक में व्यापार संघ के प्रतिनिधियों ने चोरी-छिनैती की घटनाओं पर नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था सुधारने और बाजार में ट्रैफिक प्रबंधन को बेहतर बनाने जैसे सुझाव रखे। जिलाधिकारी ने सभी बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान हेतु निर्देशित किया।

अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन और व्यापारियों के बीच तालमेल बेहतर होगा तो आमजन को अधिक सुरक्षित व सुव्यवस्थित बाजार सुविधा मिल सकेगी। बैठक के समापन पर शासन की मंशा पर चर्चा कर राष्ट्र हित में अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के सामान्य होने तक प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की अपील के अनुसार कार्य किए जाने की अपील की गयी।

## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, अलीगंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-258/ई.ई.-3/निविदा/एल.जे.एस/2026-27 — दिनांक- 18.05.2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 25.05.2026 को 3:30 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 25.05.2026 को 01:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्तक्षरी के कार्यालय में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायंकाल खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जोन-3 के अन्तर्गत 40 नग 1.5 एच.पी. सबमर्सिबल पम्पों के मरम्मत का कार्य। | 400+18%GST = 472 | 7699.00 |
| 2. | जोन-3 के अन्तर्गत मनकामेश्वर वार्ड में म.सं.-499/215 कुतुबपुर हसनगंज व यूनिवर्सिटी रोड, बाबूगंज में स्थापित सबमर्सिबल पम्प के रिबोर का कार्य। | 350+18%GST = 413 | 6555.00 |
| 3. | जोन-3 के अन्तर्गत मनकामेश्वर वार्ड में हसनगंज में ब्राइट वे स्कूल के पीछे श्री त्रिवेदी जी के घर के सामने और बरौलिया में टेगौर मार्ग पर बंदी माता मन्दिर के निकट स्थापित सबमर्सिबल पम्प के रिबोर का कार्य। | 350+18%GST = 413 | 6555.00 |
| 4. | जोन-3 के अन्तर्गत आयोध्या दास 2nd वार्ड के लाला चक्की के बगल वाली गली दुबे जी के घर के पास और लोनी कटरा में अमित गुप्ता के घर के पास स्थापित सबमर्सिबल पम्प के रिबोर का कार्य। | 350+18%GST = 413 | 6555.00 |
| 5. | जोन-3 के अन्तर्गत जोनल आफिस स्टोर अलीगंज में समरसेबिल पम्प के मरम्मत हेतु समरसेबिल पम्प और समरसेबिल पम्प से सम्बन्धित स्पेयर पार्ट की आपूर्ति का कार्य। | 450+18%GST = 531 | 8395.00 |

**नियम एवं शर्ते-** निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्य दिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**जोन-3 अलीगंज**
**जलकल विभाग, लखनऊ**

# आंगनबाड़ी सहायिकाओं को वितरित किये गये नियुक्ति पत्र

- आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किये गये स्मार्ट फोन
- अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय के डमी चेक देकर किया सम्मानित

**रायबरेली,समृद्धि न्यूज़।**

विधानसभा सदर रायबरेली के अंतर्गत नव चयनित आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन वितरण तथा अनुदेशकों का सम्मान व चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा सिविल लाइन स्थित रायबरेली क्लब में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सदर अदिति सिंह व मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता द्वारा प्रतिभाग किया गया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विधायक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सदर विधानसभा क्षेत्र की 21 नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तथा 22 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन प्रदान किए गए एवं 05 अनुदेशकों के बढ़े मानदेय का डमी चेक वितरण किया गया इसके साथ ही 10 अनुदेशकों को उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधानसभा सदर के 96 नवचयनित आंगनबाड़ी सहायिका एवं 411 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्ट फोन से लाभान्वित हुए, इसी प्रकार सदर विधानसभा के 102



अनुदेशक लाभान्वित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक सदर ने कहा कि वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में सहयोग करें। विधायक सदर ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में अनुदेशकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे समाज के बच्चों को शिक्षित करने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों एवं अनुदेशकों के सम्मान से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है तथा शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता मिलती है। विधायक सदर ने सभी अनुदेशकों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी पूरी निष्ठा एवं समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एवं सहायिकाएं महिला एवं बाल विकास योजनाओं के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। स्मार्ट फोन उपलब्ध कराए जाने से कार्यों में पारदर्शिता आएगी तथा योजनाओं की मॉनिटरिंग एवं लाभार्थियों तक सेवाओं की पहुंच और अधिक प्रभावी होगी। कार्यक्रम का संचलान एस.एस. पाण्डेय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र कुमार सहित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, सहायिकाएं, अनुदेशक उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय दौरे पर आज अमेठी आ रहे राहुल गांधी

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** नेता प्रतिपक्ष व सांसद राहुल गांधी 19 मई को दो दिवसीय दौरे पर रायबरेली आ रहे हैं। राहुल गांधी अपने कार्यक्रमों की कड़ी में बछरावां, खीरों, लालगंज व रायबरेली शहर अमेठी जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। साथ ही राही ब्लाक के लोध वारी में स्वतंत्रता सेनानी वीरा पासी की मूर्ति का अनावरण भी करेंगे। अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने राहुल गांधी के दो दिवसीय दौरे के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सांसद राहुल गांधी का दो दिवसीय रायबरेली व अमेठी का कार्यक्रम प्रस्तावित है। यह वही कार्यक्रम है जो पिछली बार किसी राजनीतिक कारणों से कैंसिल हो गया था। 19 तारीख को राहुल गांधी लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। उसके बाद में बछरावां क्षेत्र में सांसद निधि से बने बारात घर का लोकार्पण करेंगे। वहीं ग्रामीणों से बातचीत भी करेंगे। उसके बाद खीरों में कार्यकर्ताओं की मीटिंग करके उनसे संवाद करेंगे। इसके बाद महिला संवाद कार्यक्रम लालगंज में आयोजित होगा उसमें भाग लेंगे। लालगंज के बाद वह शहर में पीएसी के सामने नगर पालिका की एक नई सड़क का लोकार्पण भी करेंगे। इसके बाद वे रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद अगले दिन 20 मई को सांसद गेस्ट हाउस में सुबह 9:00 बजे से डेढ़ घंटे तक आम जनता से रूबरू होंगे । इसके बाद वे शहीद वीर पासी के गांव जाकर उनकी मूर्ति का अनावरण भी करेंगे। कार्यक्रम के बाद राहुल गांधी अमेठी जनपद जाएंगे। वहां कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। जहां ग्राम सभाओं के लोगों से वार्तालाप करेंगे। इसके बाद में वे अमेठी के संजय गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंशीगंज में 24 लाख रुपये की लागत से बनी अल्ट्रासाउंड की मशीन डोनेट करेंगे। वहीं वे अस्पताल के ऑडिटोरियम हॉल का भी उद्घाटन करेंगे। इसके बाद में वापस लखनऊ चले जाएंगे। वहीं जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने बताया कि सांसद राहुल गांधी के प्रस्तावित दौरे को लेकर जनपद में हो रहे कार्यक्रमों पर अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है सुरक्षा व्यवस्था में प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में जीरो पॉवर्टी के इंडीकेटर्स की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जीरो पॉवर्टी अभियान के अंतर्गत चिन्हित परिवारों के गुणात्मक सुधार हेतु संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा चिन्हित परिवारों को उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं एवं सुविधाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जीरो पॉवर्टी अभियान का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि चिन्हित परिवारों को शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, रोजगार, आवास तथा सामाजिक सुरक्षा जैसी मूलभूत सुविधाओं से संतृप्त करते हुए उनके जीवन स्तर में स्थायी सुधार लाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक पात्र परिवार को शासन की योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराया जाए।

# भारतीय लोक गीत एवं लोक नृत्य महोत्सव आयोजित

- अरविन्द मौर्य पूर्व जिला अध्यक्ष ने किया लोक नृत्य महोत्सव का शुभारंभ

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**

न्यू रेनबो वेलफेयर सोसाइटी बाराबंकी द्वारा आयोजित एवं संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय कार्यक्रम भारतीय लोक गीत एवं लोक नृत्य महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि अरविन्द मौर्य पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारा किया गया।

विशिष्ट अतिथि डॉक्टर राम कुमारी पूर्व प्रत्याशी भाजपा बाराबंकी उपस्थित रहे कार्यक्रम उद्देश्य के अनुसार विषय विशेषज्ञ संगीतज्ञ रवींद्र यादव कुलदीप शर्मा ज्ञान प्रकाश पाठक बीरबल शर्मा प्राची शुक्ला आदि ने कार्यक्रम के बारे में अपने विचारों मे समझाया विशेष तौर पर



हमारी भारतीय संस्कृति को लोग भूलते जा रहे हैं उसी को गीतों के माध्यम से बताया कार्यक्रम में राधाकृष्ण की झांकियां एवम् लोक गीत प्रस्तुत किया कलाकारों की सभी ने बहुत सराहना की। कार्यक्रम का समय 6 बजे सायं से रात्रि एक बजे तक चलता रहा। उपस्थिति दर्शक कैलाश पाठक शत्रुहन लाल श्रीवास्तव करन श्रीवास्तव अमरनाथ पाठक पुजारी आस्था श्रीवास्तव पूनम श्रीवास्तव अगस्त यादव विरेन्द्र बेचा लाल प्रीति डॉ अश्वनी कुमार श्रीवास्तव मोहम्मद रियाज़ लालू घनश्याम सहित तमाम बच्चों ने बड़ी रुचि से कार्यक्रम को देखा और सराहना की। अंत में संस्था के प्रबंधक अनुराग श्रीवास्तव ने कलाकारों एवं स्त्रोत गणों का आभार व्यक्त किया।

## सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर युवक गिरफ्तार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** सोशल मीडिया पर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करना एक युवक को भारी पड़ गया। फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली रामसनेहीघाट पुलिस ने ब्लॉक पूरेडलाई क्षेत्र के ग्राम लखानिया मजरे क़यामपुर निवासी अयोध्या यादव समाजवादी को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा के खिलाफ फेसबुक पर अभद्र एवं आपत्तिजनक पोस्ट साझा की थी, जिससे राजनीतिक और सामाजिक माहौल प्रभावित होने की आशंका जताई गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की और साक्ष्य जुटाने के बाद आरोपी को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला जेल भेज दिया गया।

# ससुरालीजन दहेज के लिए विवाहिता को करते थे प्रताड़ित

**डलमऊ रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

दहेज लोभियों की प्रताड़ना का शिकार एक विवाहिता को जान देकर चुकानी पड़ी ससुराली जनों द्वारा बार-बार प्रताड़ित किए जाने के बाद बेबस हुई महिला ने थाने में तहरीर दी थी पुलिस की लापरवाही के चलते मनबढे ससुरालीजनों ने विवाहिता की जमकर पिटाई की जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मायके वालों ने शव रखकर कार्रवाई की मांग की तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आश्वासन देकर शव का अंतिम संस्कार कराया।

लालगंज कोतवाली क्षेत्र के बसंतपुर कठोईया निवासी गंगा दयाल की 25 वर्षीय पुत्री का विवाह 2 वर्ष पूर्व पूरे नान्ही करकसा निवासी नरेन्द्र कुमार के साथ हुआ था विवाह के समय पिता के द्वारा क्षमता अनुसार दान दहेज के साथ बेटी को विदा



किया लेकिन उसके बाद से ही ससुराली जन विवाह में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे आए दिन अनामिका के साथ मारपीट करते रहे लेकिन विवाहिता सब कुछ बर्दाश्त करती रही बीते 12 मई को उसके साथ ससुराली जनों ने जमकर मारपीट की जिसके बाद भाई अंकित के साथ अनामिका डलमऊ कोतवाली शिकायत लेकर पहुंची लेकिन पुलिस ने तहरीर लेकर कोई कार्रवाई नहीं की और वापस घर भेज दिया, जिससे पति ससुर देवर ननंद व सास के हौसले बढ़ गए नाराज ससुराली जनों ने अगले ही दिन विवाहिता की फिर से जमकर पिटाई कर दी जिससे उसकी हालत बिगड़ गई सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने उसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया लखनऊ ट्रामा सेंटर मे रविवार को विवाहिता की मौत हो गई सोमवार को पिता गंगा दयाल के साथ भाई अंकित एवं अन्य मायके वालों ने शव रखकर ससुराली जनों पर कार्रवाई को लेकर प्रदर्शन करने लगे नाराज मायके वालों को समझाने पुलिस पहुंची काफी मानमनौवल के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के आश्वासन पर मायके वाले किसी तरीके से शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुए। भाई अंकित का कहना है कि दहेज को लेकर उसकी बहन की बार-बार पिटाई की गई जिसमें सास ससुर ननंद देवर भी पूरी तरह से पति का सहयोग करते रहे 12 मई को वह बहन को लेकर डलमऊ कोतवाली पहुंचा लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की जिससे उसकी बहन की जान चली गई।

**पिता के थम नहीं रहे आंसू**

पिता गंगा दयाल ने रोते हुए बताया कि उसने अपनी बेटी का विवाह बड़े धूमधाम से किया था बेटी की सास की मांग पर उन्होंने सोने की चैन भी दी वह किसी तरह मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता है बेटी के विवाह में कोई कोर कसर न रह जाए इसके लिए उसने कर्ज लेकर बेटी को विदा किया लेकिन दहेज लोभियों ने उसकी बेटी की हत्या कर दी।

## खबरें एक नजर में

### अभियान चलाकर पुलिस ने दबोचे सात वारण्टी

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में वांछित वारण्टी की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में सोमवार को शिवरतनगंज पुलिस द्वारा वाद सं. 282/19 से संबंधित दो वारंटी इस्तियाक पुत्र इस्तिखार तथा अफजल पुत्र इस्तिखार निवासीगण ग्राम गढी मोहक्कम मजरे सातनपुरवा, एस.टी. संख्या 1724/12 से संबंधित तीन वारंटी बटाली पुत्र शीतला प्रसाद, राज कुमार पुत्र बटाली, व सुखराम पुत्र बटाली निवासीगण ग्राम बखत का पुरवा मजरे लौली, वाद संख्या 1717/16 से संबंधित दो वारंटी राम केवल पुत्र राम हर्ष, अभिषेक पुत्र भागीरथी निवासीगण ग्राम जगतपुर थाना शिवरतनगंज को गिरफ्तार किया गया है। शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### फुरसतगंज में मिली नवजात बालिका, शिशु गृह भेजा

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।** थाना फुरसतगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चेतपुर पीढ़ी में लगभग 5 माह की अज्ञात बालिका मिली है। मिली बालिका को बाल संरक्षण की प्रक्रिया के तहत सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बालिका मिलने के उपरांत 7 नवंबर 25 को चाइल्ड हेल्प लाइन द्वारा उसे बाल कल्याण समिति, के समक्ष प्रस्तुत किया गया। बालिका के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए बाल कल्याण समिति ने बालिका को राजकीय शिशु गृह, प्राग नारायण रोड, लखनऊ में प्रवेशित कराया है, जहां उसकी देखभाल एवं संरक्षण की व्यवस्था की गई है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि यदि उक्त बालिका के वास्तविक माता–पिता अथवा सगे संबंधी कोई हों तो वे बालिका को प्राप्त करने हेतु 15 दिनों के भीतर बाल कल्याण समिति, अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई, अमेठी में सुसंगत साक्ष्यों के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि निर्धारित अवधि में कोई दावा प्रस्तुत न किए जाने की स्थिति में संबंधित संस्था द्वारा नवजात बालिका को स्वतंत्र घोषित करने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जाएगी।

### कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियां जोरों पर



**अमेठी ,समृद्धि न्यूज़।** आगामी 20 मई बुधवार को आयोजित कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियाँ पूरे उत्साह और संगठित तरीके से आगे बढ़ रही हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं को व्यापक रूप देते हुए तैयारी की जा रही है। मंच निर्माण, साउंड सिस्टम, पेयजल, विद्युत व्यवस्था तथा बैठने की समुचित व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि सभी कार्यकर्ताओं और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, प्रवक्ता अनिल सिंह, विजय पासी, मुन्ना त्रिसुंडी, अनुपम पाण्डेय, राजीव सिंह, एवं फ़तेह बहादुर लगातार तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। स्वागत व्यवस्था को विशेष रूप से भव्य बनाने के लिए अतिथियों के आगमन पर गरिमामय स्वागत की रूपरेखा तय की गई है। कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए देखे जा रहे हैं। कार्यक्रम के लिए बाईपास बाईपास मोड़ पर पूरे तेजी मिश्रौली मॉडल स्कूल के सामने स्थान चिन्हित किया गया है।

# ग्राम सभा की खुली बैठक में कोटेदार का हुआ चयन

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत मसौली मे काफी समय से रिक्त चल रही सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान का चयन सोमवार को रफी मेमोरियल स्कूल मे ग्राम प्रधान नजमा अंसारी की अध्यक्षता में आयोजित खुली बैठक में किया गया। दुकान संचालन की जिम्मेदारी गांव मे गठित जय दुर्गा माँ स्वयं सहायता समूह की महिलाए करेगी।बताते चले करीब 6 माह पूर्व ग्राम पंचायत मसौली के कोटेदार राधेलाल बौद्ध की दुकान मे मिली अनियमितता के चलते कोटा निरस्त कर दिया गया।

कार्डधारको को साधन सहकारी समिति की दुकान से संबुद्ध कर दिया गया था। उपजिलाधिकारी नवाबगंज के आदेश पर ग्राम प्रधान् नजमा अंसारी की अध्यक्षता मे आयोजित



बैठक मे गांव मे गठित सभी 16 महिला स्वय सहायता समूह की महिलाओ को बुलाया गया था जिसमे 8 स्वय सहायता समूहों ने प्रतिभाग किया जिसमे से गौरी स्वय सहायता समूह को सार्वजनिक शौचालय व श्री कृष्ण स्वयं सहायता समूह को ड्राई राशन की जिम्मेदारी दी जा चुकी है।बजरंग बली स्वयं सहायता समूह, लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह, शिवशंकर स्वयं सहायता समूह, सरस्वती स्वयं सहायता समूह, संतोषी स्वयं सहायता समूह की वरीयता पूर्ण न होने पर जय माँ दुर्गे स्वय सहायता समूह को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन वितरण की जिम्मेदारी दी गयी। इस मौक़े पर प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत संजीव कुमार सिंह,एडीओआई एसबी, ब्लाक मैनेजर अनिल कुमार कनौजिया, सचिव सुधाकर सिंह, कमल किशोर,प्रधान प्रतिनिधि मुईन अंसारी,राम कुमार मिश्रा, समूह की अध्यक्ष सुनीता देवी आदि लोग मौजूद रहें।



## जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्याएं

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित निस्तारण के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व, विकास, चिकित्सा तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसलिए सभी अधिकारी जनसुनवाई में प्राप्त प्रार्थना पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में लापरवाही या अनावश्यक विलंब पाए जाने पर संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। साथ ही अधिकारियों से कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो।

## निःशुल्क रोजगार मेले में निजी कंपनियां करेंगी भर्ती

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमेठी के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 23 मई को एक दिवसीय नि:शुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला पूर्वान्ह 9:30 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अमेठी में आयोजित होगा। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां एल एंड टी, वेलस्पन, टाटा मोटर एवं एसआईएस सिक्योरिटी गार्ड कंपनी प्रतिभाग करेंगी। मेले के माध्यम से विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में 10वीं, 12वीं, स्नातक, आईटीआई तथा अन्य तकनीकी योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के पोर्टल पर अपनी यूजर आईडी के माध्यम से अपनी योग्यता के अनुरूप संबंधित कंपनियों में आवेदन कर सकते हैं।

# गोल्ड लोन के नाम पर नकली चेन गिरवी रखकर की धोखाधड़ी

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में गोल्ड लोन के नाम पर चल रहे एक संगठित ठगी गिरोह का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड की स्थानीय शाखा में सोने की परत चढ़ी नकली चेन गिरवी रखकर लाखों रुपये का लोन हड़पने का खुलासा होने से हड़कंप मच गया है। शाखा प्रबंधन ने मामले में पांच लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री व पुलिस प्रशासन को शिकायत भेजी है। शाखा के सहायक प्रबंधक दिवाकर पाठक के अनुसार, 21 से 23 अप्रैल के बीच तीन अलग-अलग व्यक्तियों ने अलग-अलग नामों से गोल्ड लोन लिया। प्रारंभिक जांच और घिसाई परीक्षण में चेन मानक के अनुरूप दिखाई देने पर मरौचा निवासी विनोद कुमार को 1.72 लाख रुपये, दरियाबाद निवासी श्याम बिहारी को 2.10 लाख रुपये तथा रामलाल को 1.87 लाख रुपये का लोन स्वीकृत किया गया। मामले का खुलासा तब हुआ जब दो दिन बाद कंपनी के ऑडिटर द्वारा दोबारा जांच की गई। जांच में सामने आया कि गिरवी रखी गई चेन के ऊपर सिर्फ सोने की पॉलिश थी, जबकि अंदर केमिकल और अन्य धातु भरी हुई थी। यह जानकारी मिलते ही शाखा में अफरा-तफरी मच गई। शाखा प्रबंधन के अनुसार, जांच में यह भी सामने आया है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, झांकी रही आकर्षक

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

ग्रीष्मकालीन वार्षिकोत्सव में बच्चों की प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन, मिशन सिंदूर आकर्षण का केंद्र रहा अभिभावकों ने खूब सराहा। ककरहा स्थित शांति शिक्षा निकेतन विद्यालय में ग्रीष्मकालीन वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान बच्चों का उत्साह और ऊर्जा देखने लायक रही। कार्यक्रम में क्षेत्र से आए अभिभावकों एवं अतिथियों का विद्यालय प्रबंधन द्वारा माला पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। वहीं अन्य विद्यालयों से आए प्रबंधकों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया



गया। इस अवसर पर प्रस्तुत किया गया विशेष कार्यक्रम मिशन सिंदूर सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र रहा, जिसकी क्षेत्र में काफी चर्चा हो रही है। इस प्रस्तुति को तैयार कराने में कुमारी शिखा सिंह का विशेष योगदान रहा, जिनके परिश्रम की सभी ने सराहना की।

कार्यक्रम प्रभारी शिखा सिंह को श्यामनाथ शाहू द्वारा सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के प्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। उप-प्रधानाचार्य देवानंद मिश्रा ने अपने संबोधन में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों के जीवन में नैतिक मूल्यों के महत्व को रेखांकित करते हुए आपसी संबंधों को मजबूत बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रधानाध्यापिका ममता सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने पूरे आयोजन पर सतत निगरानी रखी।

## महिला थाना प्रभारी के प्रयास से दंपती साथ रहने को राजी



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु दीपशिखा सिंह प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा पति पत्नी के बीच उत्पन्न समस्याओं को सुलझाते हुए पीछे के सारे शिकवे गिले भुलाकर एक साथ रहने के लिए समझाया गया। जिसमें एक विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गया तथा पुलिस को धन्यवाद दिया। जनपद पुलिस द्वारा उन्हें आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

# सचिव पर मनमानी और वित्तीय अनियमितताओं के लगे आरोप

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड रेउसा की ग्राम पंचायत मल्लापुर में तैनात सचिव संतलाल पटेल एक बार फिर चर्चाओं में हैं। ग्रामीणों और सूत्रों द्वारा लगाए जा रहे आरोपों के अनुसार ग्राम पंचायत में सरकारी धन के भुगतान और प्रधान मानदेय को लेकर गंभीर अनियमितताएं सामने आ रही हैं। आरोप है कि सचिव द्वारा नियमों को दरकिनार कर मनमाने तरीके से भुगतान किए जा रहे हैं, जबकि मामले में विकास खंड अधिकारियों के अलग-अलग बयान पूरे प्रकरण को और संदिग्ध बना रहे हैं। ग्रामीण सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत मल्लापुर में वर्तमान प्रधान कमलाकांत हैं और पंचायत संचालन से संबंधित डोंगल भी उनके नाम पर है, लेकिन इसके बावजूद प्रधान मानदेय पूर्व प्रधान बृजेश कुमार के नाम से निकाला जा रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि पिछले करीब पांच वर्षों से लगातार पूर्व प्रधान के नाम से भुगतान किया जाता रहा है। सबसे अहम बात यह है कि इस पूरे मामले में विकास खंड अधिकारियों के बयान एक-दूसरे से मेल नहीं खा रहे हैं। अधिकारियों के अलग-अलग बयान आने से ग्रामीणों में यह चर्चा तेज हो गई है कि कहीं न कहीं सचिव को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

- खराब गुणवत्ता पर जताई नाराजगी, संबंधित एजेंसियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

**बाराबंकी,समृद्धि न्यूज़।**

कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद की उन 294 परियोजनाओं की परियोजनावार समीक्षा की गई जिनकी प्रगति 80 प्रतिशत से अधिक दर्शाई गई थी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि पूर्व में



परियोजनाओं का स्थलीय सत्यापन संबंधित खंड विकास अधिकारियों के माध्यम से कराया गया था, जिसमें विभिन्न स्थानों पर कार्यों में कमियां पाई गईं। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसियों को कड़े निर्देश दिए कि पाइपलाइन डालने से पूर्व जिस प्रकार की सड़क थी, पाइपलाइन कार्य पूर्ण होने के उपरांत सड़क को उसी स्थिति में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पुनर्स्थापित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कमियां पाए जाने वाली सभी परियोजनाओं में संबंधित निर्माण एजेंसी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही पूर्ण कराया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने जल निगम ग्रामीण के सहायक अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन कम से कम तीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करें तथा अगली समीक्षा बैठक में निरीक्षण विवरण एवं प्रगति चार्ट के साथ उपस्थित हों। साथ ही उन्होंने सभी परियोजनाओं में शत-प्रतिशत हाउसहोल्ड कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक परियोजना का नियमित औचक निरीक्षण ब्लॉक एवं तहसील स्तर के अधिकारियों द्वारा भी कराया जाएगा तथा निरीक्षण में कमी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# महिलाओं से मारपीट व छेड़छाड़ का लगा आरोप, दी तहरीर

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना महोली क्षेत्र के ग्राम संसड़ा में किसान मंच के पदाधिकारी के घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट, छेड़छाड़ और जातिसूचक गालियां देने का मामला सामने आया है। पीड़िता प्रीति देवी पत्नी रंजीत कुमार ने थाना महोली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पीड़िता के अनुसार घटना रविवार सुबह करीब 8:30 बजे की है। उस समय घर में केवल महिलाएं मौजूद थीं। आरोप है कि गांव के ही इंदुपाल विश्वकर्मा, पवन, देवेन्द्र व जयप्रकाश पुत्रगण राधेश्याम धारदार हथियार लेकर उनके घर के बाहर पहुंचे और जातिसूचक व अश्लील गालियां देने लगे। विरोध करने पर सभी आरोपी जबरन घर में घुस आए और मारपीट शुरू कर दी। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि देवेन्द्र ने प्रीति देवी के साथ अश्लील हरकत करते हुए उनका ब्लाउज फाड़ दिया, जबकि पवन ने धारदार हथियार से सिर पर हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। पीड़िता ने बताया कि उनकी सास मंजू, देवरानी सोनी, ननद सुषमा लता व दादी सास सावित्री देवी को भी आरोपियों ने बुरी तरह पीटा, जिससे सभी को गंभीर चोटें आई हैं।

# किसानों ने अधिशासी अभियंता कार्यालय की काटी बिजली

- धरना प्रदर्शन के साथ किया घेराव

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन (किसान) के जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक गांव के किसानों ने अधिशासी अभियंता के कार्यालय की बिजली काटी और घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया।

बहवलपुर फीडर के अंतर्गत ग्राम अल्हनापुर, चटिया, सुखरामपुर, नादनपुर, बहादुरपुर, नगला डाल, नगला आम, शेखपुर फीडर से ग्राम भगवन्तपुर, नकटपुर व गुरसहायगंज के विशंभरपुर फीडर से रसूलपुर, नंगपुरवा, लाडपुर आदि ग्रामों से सैकड़ों किसान जिलाध्यक्ष राजा शुक्ला के नेतृत्व में बिजली घर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। काफी देर धरने पर बैठने के बावजूद कोई सुनवाई न होने पर किसानों ने कार्यालय की बिजली काट दी जिसके बाद अधिकारी गर्मी से बिलबिला कर बाहर निकले और धरने पर बैठे किसानों की समस्याओं को सुना। प्रमुख समस्या अघोषित बिजली कटौती की रही जिस कारण किसानों की मक्का और मूंगफली की फसल सूख रही है। अधिकारी फोन नहीं उठाते और न सुनवाई करते जिस कारण किसान मजबूरी में छिबरामऊ स्थित खंड कार्यालय पहुंचे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अगर जल्द ही समस्याओं का समाधान न हुआ तो नव नियुक्त ऊर्जा राज्यमंत्री का भी घेराव किया जाएगा। अधिशासी अभियंता ने एसडीओ सिकंदरपुर और एसडीओ सौरिख को मौके पर जाकर तत्काल बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से चलाने के निर्देश दिए और लाइनमैन पर धन उगाही के आरोपों के चलते उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई। इस मौके पर आनन्द तिवारी, अभिषेक पाठक, तरुण त्रिपाठी, नवाजिश अंसारी, अवनीश चौहान, छोटू यादव, ऋतिक मिश्रा, संतोष दुबे, अनिल नायक, बंटी दीक्षित, आन्नद शुक्ला, अनिल दुबे, बलवीर सिंह, कुलदीप दुबे, अजय सिंह, उमेश राजपूत, दिनेश वर्मा सहित सैकड़ों किसान बिजली घर पर मौजूद रहे।

## गौशालाओं में गोवंशों की सुरक्षा को लेकर डीएम सख्त

**कन्नौज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में गो आश्रय स्थल योजना की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद की सभी गौशालाओं में संरक्षित गोवंशों की समुचित देखभाल और भीषण गर्मी से बचाव के लिए विशेष निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि गौशालाओं में टीन शेड के ऊपर जूट टाट बिछाई जाए तथा नियमित पानी का छिड़काव कराया जाए, ताकि तापमान नियंत्रित रखा जा सके। गोवंशों के लिए स्वच्छ और ठंडे पेयजल की निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने गौशालाओं में छायादार वृक्ष लगाने, हरे चारे की उपलब्धता बढ़ाने और सीसीटीवी कैमरों को नियमित रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए। पशु चिकित्सा अधिकारियों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और उपचार सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी समेत संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

राज्यमंत्री असीम अरुण ने आम नागरिकों से की अपील

# जनभागीदारी से बदलेगा कन्नौज, संसाधनों की बर्बादी रोकने को शुरू हुआ नया अभियान

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सार्वजनिक संसाधनों की सुरक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं कन्नौज सदर विधायक असीम अरुण ने कन्नौज का अभियान, संसाधनों का सम्मान अभियान की शुरुआत की है। इस पहल के तहत आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर हो रही संसाधनों की बर्बादी की सूचना तत्काल कन्नौज कमांड सेंटर के हेल्पलाइन नंबर 1077 पर दें। अभियान के अंतर्गत दिन में जलती हुई स्ट्रीट लाइट, सार्वजनिक स्थानों पर बहता पानी तथा सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक परिसरों में अनावश्यक रूप से जल रही लाइटों की जानकारी नागरिक सीधे प्रशासन तक पहुंचा सकेंगे। प्रशासन द्वारा इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि संसाधनों की बचत केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से सजग प्रहरी बनकर इस अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही कन्नौज को बेहतर से बेहतरीन बनाया जा सकता है। अभियान के तहत जागरूक नागरिकों को सम्मानित भी किया जाएगा, ताकि समाज में जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना मजबूत हो सके। अभियान शुरू होने के पहले ही दिन लोगों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और कुल 6 शिकायतें प्राप्त हुईं। इन शिकायतों को तत्काल संबंधित नगर निकायों और ग्राम सभाओं को कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। कन्नौज कमांड सेंटर द्वारा शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग और फॉलोअप किया जाएगा। साथ ही शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर यह सुनिश्चित किया जाएगा कि समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से किया गया है।

## गौशाला में दान किया गया 20 कुंतल भूसा



**छिबरामऊ, कन्नौज।** गौशालाओं में संरक्षित निराश्रित गौवंशों के भरण पोषण हेतु प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप एवं जिलाधिकारी के दिशा निर्देशों के क्रम में भूसा दान महा दान अभियान के तहत बहादुरपुर मझगवां गौशाला में 20 कुंतल भूसा दान किया गया। उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा संघ जनपद इकाई की तरफ से गौपूजन करते हुए 20 कुंतल भूसा का दान सौरिख ब्लॉक के बहादुरपुर मझगवां गौशाला में निराश्रित गौवंशों के भरण पोषण हेतु किया गया। भूसादान महादान कार्यक्रम के तहत ग्राम प्रधानों, किसानों, व्यापारियों आदि से अपील की जा रही है कि सभी लोग स्वेच्छा से गौ सेवा के इस पुनीत कार्य को तन मन धन से अवश्य करें। मानसून और आगामी मौसम को देखते हुए उच्च अधिकारियों द्वारा पूरे वर्ष हेतु गौशाला में संरक्षित गौवंशों के भरण पोषण हेतु भूसा स्टॉक कर भूसा बैंक बनाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं। भूसा दान कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा संघ जनपद इकाई कन्नौज के अध्यक्ष डॉ नेम कुमार, उपाध्यक्ष डॉ संतोष सिंह, महामंत्री डॉ सौरभ गंगवार, संयुक्त मंत्री डॉ प्रदीप कुमार, कोषाध्यक्ष डॉ रिजवान आलम के साथ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आर्यन यादव, ग्राम सचिव विनोद पटेल, केयर टेकर अमरपाल आदि उपस्थित रहे।

# जाम से निजात के लिए शीघ्र चलेगा अतिक्रमण अभियान

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पांच फुट टीन शेड व डेढ़ फुट फोल्डिंग पटिया मानक

नगर में बढ़ती जाम की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए अभियान चलाने की चेतावनी दी है। इस संबंध में सोमवार को नगर पालिका कार्यालय में व्यापारियों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें अतिक्रमण हटाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया कि दुकानदारों को स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए कुछ समय दिया जाएगा, इसके बाद पालिका प्रशासन पुलिस बल के सहयोग से अभियान चलाकर कार्रवाई करेगा।

नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि शासनादेश एवं पालिका बोर्ड के निर्णय के अनुसार दुकानदारों को केवल पांच फुट तक टीन शेड और डेढ़ फुट तक फोल्डिंग पटिया लगाने की अनुमति दी गई है। इसके अतिरिक्त यदि किसी दुकान के बाहर सामान रखा मिला तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने के अभियान को प्रभावी बनाने के लिए एसडीएम, सीओ तथा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक के साथ समन्वय करके उनकी मौजूदगी में अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि अभियान के बाद नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। यदि कोई दुकानदार दोबारा अतिक्रमण करते हुए पाया गया तो उसका चालान काटकर जुर्माना वसूला जाएगा तथा जुर्माना जमा न करने पर राजस्व की तरह वसूली की कार्रवाई होगी। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि स्वच्छ और जाम मुक्त नगर के लिए जनसहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि सड़क पर कूड़ा न फेंकें और प्रतिदिन शाम को निकलने वाली कूड़ा गाड़ी में ही कचरा डालें। सड़क पर कूड़ा डालने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष सत्यनारायण वर्मा, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री विनीत वर्मा सिंपल, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रामानंद वर्मा, नरेश वर्मा, दिलीप गुप्ता, अतुल वर्मा, उमेश राठौर, राहुल शर्मा, भास्कर चतुर्वेदी, गौरव गोयल, कुलदीप वर्मा पप्पी एवं सुभाष चंद्र दुबे गुड्डू आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण हटाने को लेकर अधिकारियों ने बनाई रणनीति

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर की सड़कों पर बढ़ते अतिक्रमण और जाम की समस्या को लेकर सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। अधिकारियों ने नगर की मुख्य सड़कों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए विस्तृत कार्य योजना पर विचार-विमर्श किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण हटाने की पूरी कार्य योजना तैयार करेंगे। इसके बाद व्यापारियों और दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें निर्धारित मानकों और नियमों की जानकारी दी जाएगी। प्रशासन का कहना है कि सभी पक्षों से सहमति बनाकर अभियान चलाया जाएगा, ताकि शहर को जाम और अव्यवस्था से राहत मिल सके। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क पर अवैध कब्जा किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार मलिक, एसएसआई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुनील कुमार सिंह तथा नायब तहसीलदार रामप्रकाश मौजूद रहे।

# सीडीओ राजेन्द्र कुमार श्रीवास ने संभाला कार्यभार

- लगभग एक माह के बाद कन्नौज को मिलें नये मुख्य विकास अधिकारी
- विकास कार्यों को नई गति देने की कही बात
- अधिकारियों संग बैठक कर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



जनपद को सोमवार को नया मुख्य विकास अधिकारी मिल गया। नव नियुक्त मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास ने विकास भवन पहुंचकर विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान विकास भवन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। राजेन्द्र कुमार श्रीवास इससे पहले जालौन और पीलीभीत जिलों में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। प्रशासनिक अनुभव के साथ अब उन्होंने कन्नौज जिले की जिम्मेदारी संभाली है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने विकास भवन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और जिले में संचालित विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली।

इसके साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता और आम जनता तक पहुंच रहे लाभ की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को शासन की योजनाओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लागू करने के निर्देश दिए।

पत्रकारों से बातचीत में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कन्नौज से उनका पुराना जुड़ाव रहा है, इसलिए जिले के विकास को नई दिशा और गति देना उनकी प्राथमिकता होगी।

उन्होंने कहा कि पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे और विकास कार्यों में गुणवत्ता बनी रहे, इसके लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य करेगा।

## राज्य मंत्री कैलाश राजपूत का भव्य स्वागत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** राज्य मंत्री (ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत) कैलाश राजपूत का माल्यार्पण के साथ पगड़ी पहनाकर एवं शाल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। आवास विकास कॉलोनी स्थित उनके आवास पर पहुंचकर ग्राम रूपपुर की प्रधान सीता राजपूत व उनके पति जितेंद्र राजपूत और पश्चिमी बाईपास हाईवे किनारे चल रही राष्ट्रीय एकता एवं विकास प्रदर्शनी के मालिक कालपी निवासी मुन्नालाल गुप्ता ने माल्यार्पण करके भव्य स्वागत किया। राज्यमंत्री कैलाश राजपूत अपने पुरानी साथी एवं समर्थक जीतू हजेला के आवास पर पहुंचे। वहां उनके समर्थकों एवं परिजनों ने बैंड बाजे एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। जीतू हजेला ने परिजनों के साथ पगड़ी पहनाकर प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

इस दौरान प्रेमबिहारी हजेला, नितेंद्र बिहारी हजेला, चेयरमैन राहुल गुप्ता, रामू गुप्ता, लालू राजपूत, डा.पियूष सक्सेना, दीपू गोयल, मनोज सक्सेना, राजीव त्रिपाठी, रिंकू पाल, हिमांशू दिवाकर, अजय सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# बढ़ती गर्मी से जनजीवन बेहाल, सड़कों पर पसरा सन्नाटा

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे तापमान ने लोगों की दिनचर्या को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों से पड़ रही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण आम जनजीवन बेहाल नजर आ रहा है। दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा देखने को मिल रहा है, जबकि लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं।

सोमवार को भी सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को परेशान किया। दोपहर होते-होते गर्म हवाओं ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दीं। बाजार में दुकानदार गर्मी से बचाव के लिए पंखे, कूलर और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते दिखाई दिए। वहीं राहगीर सिर पर गमछा, टोपी और छाता लगाकर निकलते नजर आए। स्थानीय चिकित्सकों का कहना है कि अत्यधिक गर्मी में शरीर में पानी की कमी होने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने, धूप में निकलने से बचने और हल्का भोजन करने की सलाह दी जा रही है। अस्पतालों में सिरदर्द, चक्कर और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं के मरीज भी बढ़ने लगे हैं। गर्मी का असर पशु-पक्षियों पर भी देखने को मिल रहा है। कई सामाजिक संगठनों एवं युवाओं द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन की ओर से भी लोगों से सतर्क रहने और लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की गई है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि मई माह की शुरुआत में ही पड़ रही तेज गर्मी ने लोगों को परेशान कर दिया है और आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

## 21 मई को होगी लेखपाल भर्ती परीक्षा

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आगामी लेखपाल भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि लेखपाल भर्ती परीक्षा 21 मई 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। जनपद में इसके लिए 13 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 4176 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी।

# सीएचसी तिर्वा और मेडिकल कॉलेज का हुआ निरीक्षण

- स्वास्थ्य सेवाओं, दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता परखी
- कमियां दूर करने के दिए निर्देश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



स्टेट ट्रांसफॉर्मेशन कमीशन नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा नामित अधिकारी सहाराचन्द्र संगम ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिर्वा एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज तिर्वा का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य इकाइयों की क्रियाशीलता और उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों का सत्यापन करना रहा।

निरीक्षण के दौरान टीम ने फार्मेसी, पैथालॉजी, वार्ड, ऑपरेशन थिएटर, लेबर रूम और नवजात शिशु देखभाल इकाई का भ्रमण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान दवाओं की उपलब्धता, पैथालॉजी जांच व्यवस्था तथा मरीजों को दी जा रही सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण अधिकारी सहाराचन्द्र संगम ने बताया कि जांच का मुख्य उद्देश्य कमियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र दूर करना और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना है।

इस दौरान अपर शोध अधिकारी डॉ0 यतेंद्र कुमार मंजुल, स्त्री रोग विशेषज्ञ शिखा, सीएचसी अधीक्षक राजन शर्मा, सर्वेश कुमार स्टाफ नर्स एवं लैब तकनीशियन मौजूद रहे।

# शिविर में 25 किसानों की हुई फॉर्मर रजिस्ट्री

- फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर में किसानों को सरकार की योजनाओं की दी जानकारी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



शिविर में किसानों को जागरूक करते कृषि विभाग कर्मचारी

क्षेत्र के डिगसरा गांव में कृषि विभाग की ओर से फॉर्मर रजिस्ट्री कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में 12 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री की गई। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने किसानों को सरकार की कृषि योजनाओं और रजिस्ट्री के लाभों के बारे में जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री से किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। किसानों से आवश्यक दस्तावेजों को सही तरीके से अपडेट कराने की अपील भी की गई। स्टोर इंचार्ज विमलेश कुमार ने बताया कि जलालाबाद ब्लॉक क्षेत्र में कुल 25 किसानों की फॉर्मर रजिस्ट्री हुई है, किसानों को जागरूक भी किया गया। शिविर में ग्राम प्रधान प्रेम नारायण राजपूत, सहायक विकास अधिकारी कृषि प्रदीप राजपूत, पंचायत सहायक रामकेश राजपूत, विमलेश कुमार, सुमित कुमार, अमित कुमार समेत आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## वाहन ने टैम्पो को मारी टक्कर, तीन घायल

**समधन,समृद्धि न्यूज।** सोमवार सुबह करीब 9 बजे गुरसहायगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर समधन पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन ने टैम्पो को टक्कर मार दी इस हादसे में टैम्पो में सावर तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में गुरसहायगंज निवासी सुशील कुमार प्रजापति 45 वर्ष गोल्डी कठेरिया 30 वर्ष और राजू ;40 वर्ष शामिल है सूचना मिलने पर गुरसहायगंज पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सरकारी एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी गुरसहायगंज भेजा गया सीएचसी गुरसहायगंज में प्राथमिक उपचार के बाद गोल्डी कठेरिया की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया टैम्पो चालक रवि कुमार सक्सेना ने बताया कि सभी लोग कमालगंज से कुछ काम निपटाकर वापस लौट रहे थे इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात बहन ने उनके टैम्पो को टक्कर मारी और मौके से करार हो गया।

# फ्री मेडिकल कैम्प में उमड़ी मरीजों की भीड़

- हज़रत ने सभी नगर वासियों से कैम्प में मरीज़ों को लाने की की थी गुज़रिश

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के मोहल्ला कस्सावान स्थित मुन्ने हाजी जी के हाता के पास में फ़ातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से आयोजित फ्री मेडिकल कैंप में मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी।

हुज़ूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सैय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कैम्प का आयोजन किया गया। कमेटी ने बताया कि फ़ातहे बिलग्राम मिशन फ्री मेडिकल कैम्प में कानपुर से एमबीबीएस डॉक्टर बसीम खान पेट व छाती (क्षय रोग) चर्म रोग, रक्तचाप विशेषज्ञ व जूनियर डॉक्टर मोहम्मद सैफी, डॉक्टर स्टाफ समद खान द्वारा मरीजों को देखा गया। हज़रत ने सभी नगर वासियों से कैम्प में मरीज़ों को लाने की गुज़रिश की थी। ताकि गरीब, बेसहारा, मजबूर बीमार लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान कैंप इंचार्ज आमिर अत्तारी, हाफिज फैजान, अल्फरान उवैसी, महमूद मंसूरी आदि लोगों की देखरेख में कैम्प का आयोजन किया गया।

विश्व पर्यावरण दिवस-2026

# अभियान के अंतर्गत बायोडिग्रेडेबल कैरी बैग वितरित

**गुरसहायगंज, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार तथा मंडल रेल प्रबंधक इज्जतनगर सुश्री वीणा सिन्हा के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस-2026 अभियान के अंतर्गत चौथे दिन इज्जतनगर मंडल द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को कम करने हेतु विभिन्न रेलवे स्टेशनों एवं स्वास्थ्य इकाइयों में बायोडिग्रेडेबल कैरी बैग वितरण एवं जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत फर्रुखाबाद, फतेहगढ़, कन्नौज एवं पीलीभीत रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों एवं आमजन को बायोडिग्रेडेबल कैरी बैग वितरित किए गए। साथ ही रेलवे स्टेशनों एवं स्वास्थ्य इकाइयों में जागरूकता अभियान आयोजित कर सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। अभियान के दौरान रेलवे एवं स्वास्थ्य इकाई कर्मचारियों के द्वारा यात्रियों तथा आम जनमानस को सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें एवं मिशन लाईफ का संदेश के तहत पर्यावरण अनुकूल विकल्प अपनाने, उपयोग योग्य बैग एवं बोतलों के प्रयोग तथा स्वच्छ एवं सतत जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। इज्जतनगर मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस-2026 अभियान के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन निरंतर किये जा रहे हैं।

# समाज में शिक्षा और सामाजिक एकता पर जोर

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सविता समाज की बैठक संपन्न

सविता समाज की मासिक बैठक बाल भारती पब्लिक स्कूल मोहल्ला ऊँचा में आयोजित की गई, जिसमें समाज की शिक्षा, एकता और प्रगति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान समाज में फैली सामाजिक कुरीतियों पर चिंता व्यक्त की गई तथा सभी लोगों से अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की गई।

अध्यक्ष सुधीर कुमार सविता ने कहा कि शिक्षा ही समाज को नई दिशा देने का सबसे मजबूत माध्यम है। यदि प्रत्येक परिवार अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए जागरूक होगा, तो आने वाली पीढ़ी सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर एक सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण करेगी। डॉ राकेश कुमार सविता ने भी मातृशक्ति और समाज के वरिष्ठ लोगों सहित समाज के बंधुओं से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया। महामंत्री सुरेश कुमार के संचालन में हुई बैठक में लोगों ने समाज की एकता बनाए रखने तथा शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# कुइयां लूटकांडः पुलिस अभिरक्षा से फरार मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना राजेपुर क्षेत्र के चर्चित ग्राम कुइयां में हुए सनसनीखेज लूटकांड में रविवार देर रात बड़ा घटनाक्रम सामने आया। घर में घुसकर लूटपाट, फायरिंग और सरिया से हमला कर दो भाइयों को गंभीर रूप से घायल करने के मामले में गिरफ्तार हिस्ट्रीशीटर बदमाश पुलिस हिरासत से फरार हो गया। फरारी के कुछ घंटों बाद ही पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जिसमें बदमाश के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश को पहले सीएचसी राजेपुर और बाद में डॉ0 राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक घायल बदमाश की पहचान कुलवंत पुत्र अवध बिहारी (24 वर्ष) निवासी ग्राम बीबीपुर थाना इमलिया, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। वह अपने साथी उमेश के साथ ग्राम कुइयां में लूटपाट की नीयत से घुसा था। विरोध करने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी और सरिया से हमला कर पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजेश पाठक के भतीजे वैभव पाठक और भानु प्रताप पाठक को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। दोनों घायलों का इलाज लोहिया अस्पताल में चल रहा है। क्षेत्राधिकारी अमृतपुर ऐश्वर्या उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार बदमाश कुलवंत और उसके साथी उमेश को मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया जा रहा था। इसी दौरान मौका देखकर कुलवंत पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर जिलेभर में अलर्ट जारी कर कई पुलिस टीमें गठित कर दी गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस को जानकारी मिली कि फरार बदमाश निविया चौराहे से करीब 50 मीटर आगे जैनापुर मार्ग पर एक ईंट भट्टे के पास छिपा हुआ है। पुलिस टीम ने चारों तरफ से घेराबंदी कर उसे पकड़ने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में कुलवंत के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर मौके पर गिर पड़ा। मुठभेड़ के दौरान कांस्टेबिल विनय कुमार और कांस्टेबिल वंश कुशवाहा भी घायल हो गए।



मुठभेड़ के दौरान पुलिस हिरासत में आरोपी

दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल उपचार के लिए सीएचसी राजेपुर भेजा गया। जहां उनका इलाज किया गया। पुलिस ने घायल बदमाश को कब्जे में लेकर पहले सीएचसी राजेपुर में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामले में पुलिस आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार चार घायल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद क्षेत्र के बोहरीकपुर रोड स्थित सतगुरु पब्लिक हाई स्कूल के सामने खेत से सड़क पर आ रहे एक ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक बच्चे सहित चार लोग घायल हो गए। सूचना पर डायल 108 और डायल 112 मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर हालत में एक महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार शंकरपुर निवासी प्रेम चंद्र का 33 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र बाइक से अपनी बुआ संजू पत्नी रिंकू (38), उनके एक वर्षीय पुत्र रियांश तथा बुआ की भाभी बबली देवी पत्नी स्वर्गीय रमेश सिंह (40) को थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव सुतहड़ी छोड़ने जा रहा था। आरोप है कि गांव का ही एक ट्रैक्टर चालक खेत जोतने के बाद तेज गति और लापरवाही से सड़क पर चढ़ा, जिससे बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार सभी लोग घायल हो गए। सीएचसी मोहम्मदाबाद में तैनात डॉ0 जितेंद्र यादव ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।



अस्पताल में भर्ती घायल

चिकित्सकों के अनुसार बबली देवी को अधिक चोट आने के कारण जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## घरेलू विवाद में मायके व ससुराली पक्ष में चले ईंट पत्थर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के बाईपास रोड निवासी महिला को गृहस्थी की बातों को लेकर आये दिन गाली-गलौज के मारपीट करते हैं। सोमवार सुबह महिला घर का काम कर रही थी, तभी आलू लेने को लेकर महिला का जेठानी से कहासुनी होने लगी। जिसको लेकर पति सहित ससुरालीजनों ने महिला की लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। मारपीट की सूचना पर ईको कार से पहुंचे महिला के चाचा, मां और भाई ने महिला के ससुरालीजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन कुछ देर बाद विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ते एकाएक ईंट पत्थर चलने लगे। मारपीट में महिला चोटिल हो गई और ईको कार का शीशा भी टूट गया। थाना पुलिस को महिला ने पति सहित ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# 200 रुपये की लेनदेन के विवाद में जमकर चली लाठियां, युवक घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के महरूपुर रावी गांव में मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। 200 रुपये को लेकर शुरू हुई कहासुनी मारपीट और आगजनी तक पहुंची। भारत नामक युवक ने देवदत्त की जेब से 200 रुपये निकाल लिये थे। विरोध करने पर दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चल गये। मारपीट में देवदत्त गंभीर रूप से घायल हो गया।

दबंगों ने दुकान में लगायी आग

डंडा लगने से उसका सिर फट गया। घटना के बाद परिजन और ग्रामीण घायल को लेकर थाने पहुंचे। इसी दौरान सड़क किनारे बनी दुकान में आग लग गयी। जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। घायल की पत्नी गुड्डी ने आरोप लगाया कि मारपीट करने वाले भारत एवं उनके साथियों ने ही दुकान में आग लगायी है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची थाना अध्यक्ष ने जांच पड़ताल की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।



दुकान में लगी आग बुझाते ग्रामीण

# बाइक की टक्कर से महिला की मौत, पति की पहले हो चुकी मौत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के बांसी अड्डा के पास स्थित एचपी पेट्रोल पंप के सामने मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने बुजुर्ग महिला को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। हालत बिगड़ने पर चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार मुजहा निवासी लज्जावती पत्नी सुरेंद्र को बांसी अड्डा के पास स्थित एचपी पेट्रोल पंप के सामने मुख्य मार्ग पर एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे महिला की मौत हो गयी। परिजनों ने बताया है कि महिला अमृतपुर स्थित सरकारी अस्पताल से दवा लेने के लिए गई थी। मृतका का एक पुत्र विनोद है, जो खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। मृतका के पति सुरेंद्र की भी लगभग 2 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। वही अमृतपुर थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने बताया है कि बाइक को कब्जे में ले लिया गया है और उपनिरीक्षक खूबेलाल को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। आगे अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। जांच के दौरान पता चला कि प्लैटिना बाइक थाना राजेपुर क्षेत्र के गांव बदनपुर निवासी रूप राम पुत्र रामेश्वर नाम पर दर्ज है।



मृतका का फाइल फोटो



रोते बिलखते परिजन

# दवा दिलवाने आये युवक की पत्नी प्रेमी संग हुई फरार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम नकू नगला निवासी नितेंद्र सिंह अपनी पत्नी रानी के साथ कमालगंज सरकारी अस्पताल में दवाई दिलाने लाया था। नितेन्द्र सिंह ने बताया कि पत्नी रानी ने कहा कि आप जाकर दिखाने के लिए काउंटर से पर्चा वनवा लो। जिस पर मैं पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लग गया एवं पर्चा बनवाकर डॉक्टर के पास पहुंचा तो डॉक्टर ने मरीज को लाने के लिए कहा। अस्पताल के बाहर जाकर देखने पर पत्नी रानी वहां से गायब मिली। काफी ढूंढने पर उसकी जानकारी नहीं हुई तो नितेंद्र द्वारा पत्नी को फोन किया गया। जिस पर पत्नी रानी ने कहा तुम परेशान मत हो एवं किसी को परेशान मत करना, मैं जा रही हूं। नितेंद्र का विवाह फर्रुखाबाद के नया गांव से 15 फरवरी 2026 को हुआ था। 3 माह ही शादी को बीते थे और पत्नी प्रेमी के साथ रफूचक्कर हो गई। नितेंद्र ने बताया कई बार पत्नी के मोबाइल पर फोन आते थे और जिसकी शिकायत उसने पत्नी के माता-पिता से भी की थी। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



जानकारी देता पीड़ित

# अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को कारण बताओ नोटिस जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

▸ डीएम ने जनपद में संचालित विभिन्न पेयजल एवं सीवर परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल निगम शहरी एवं जल निगम ग्रामीण द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न पेयजल एवं सीवर परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में चल रही परियोजनाओं की प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई।

डीएम ने जल निगम शहरी के अंतर्गत आवास विकास में संचालित 24वाई7 वाटर सप्लाई पायलट प्रोजेक्ट, कैंट एरिया वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट, शमसाबाद वाटर सप्लाई स्कीम तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत शमसाबाद में निर्माणाधीन सीवर एवं एस.टी.पी. प्रोजेक्ट की समीक्षा की। डीएम ने अधिशासी अभियंता जल निगम शहरी को निर्देशित किया कि जिन कार्यदायी संस्थाओं द्वारा परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण नहीं किया जा रहा है, उनके विरुद्ध नियमानुसार पेनाल्टी की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पाइपलाइन डालने हेतु खोदे गए गड्ढों को कार्य पूर्ण होते ही तत्काल बंद कराया जाए, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने जल निगम ग्रामीण के अंतर्गत हर घर जल परियोजना के तहत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जनपद में कार्यरत वी.टी.एल. गजा एवं जी.वी.पी.आर. कंपनी द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि वी.टी.एल. गजा कंपनी द्वारा 154 ओवरहेड टैंकों के सापेक्ष 151 टैंकों का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है, जबकि जी.वी.पी.आर. कंपनी द्वारा 227 टैंकों के सापेक्ष मात्र 69 टैंकों का निर्माण पूर्ण किया गया है। इस धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि जी.वी.पी.आर. कंपनी को ब्लैकलिस्ट किए जाने हेतु शासन को संस्तुति पत्र प्रेषित किया जाए। साथ ही जिन परियोजनाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है, उनमें नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारंभ कराई जाए। बैठक में आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की भी समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान जल निगम ग्रामीण से संबंधित शिकायतों पर 23 प्रतिशत असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए. सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक लेती डीएम

## वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गॉव चिलौरा इजौर निवासी वीरेन्द्र राजपूत उम्र 40 वर्षीय पुत्र बेदराम राजपूत बाइक द्वारा कायमगंज आया। नहर स्थित एक पेट्रोल पम्प पर पहुँचकर पेट्रोल बाइक मे पड़वाकर बाइक मोड़ रहा था, तभी अज्ञात तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से गम्भीर अवस्था में 108 एम्बुलेन्स द्वारा कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डाक्टर जितेन्द्र वहादुर ने वीरेन्द्र को मृत घोषित कर दिया है। मौत की सूचना पाते ही मृतक की पत्नी सोमवती सहित पाँच बच्चे शैलेश, नैना, सुनैनी, आरब, सानवती सहित मृतक के बड़े भाई मेवाराम आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



रोते बिलखते मृतक के परिजन

# डंपर ने बाइक सवार रोजगार सेवक को कुचला, मौके पर मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार रोजगार सेवक को कुचल लिया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया। वहीं पुलिस ने डंपर चालक को भी हिरासत में ले लिया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव हरदुआ निवासी विपिन कुमार रोजगार सेवक के पद पर कार्यरत था। सोमवार शाम लगभग छह बजे ब्लाक से बापस बाइक नवाबगंज बाईपास अचरा तिराहा स्थित अपने घर जा रहा था। नवाबगंज मोहम्मदाबाद रोड पर जिओ कार्यालय के सामने पहुंचते ही सामने से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे विपिन कुमार बाइक से उछल कर डंपर के नीचे आ गया। दुर्घटना में विपिन डंपर के पहियों में उलझ गया। घटना को देख मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और डंपर के पहियों में फंसे विपिन के छत विक्षत शव को निकालने का प्रयास किया। क्राइम इंस्पेक्टर संजय कुमार राय, एसआई जगराम व कमलेश ने पुलिस कर्मियों के सहयोग से पहियों के बीच शव को कड़ी मशक्कत के बाद निकाला और शव को ई-रिक्शा में रखवाकर नवाबगंज सीएचसी भिजवाया।

इस दौरान नवाबगंज मोहम्मदाबाद मार्ग पर जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर खड़ा करा लिया। सीएचसी पहुची मां मीरा देवी, पत्नी नीलम व पुत्री अनामिका, अनुष्का, अनन्या व पुत्र युवराज व छोटे भाई बरुण कुमार शव पर चीखपुकार करने लगे। घटना के बाद डंपर चालक मौके से भागकर चौराहे की तरफआया। चौराहे पर मिले एसआई सत्यनारायण को चालक ने घटना बताई। दरोगा उसे अपनी बाइक पर बैठाकर थाना ले आये।



मौके पर मौजूद पुलिस व स्थानीय लोग

## आग लगने से सब्जी मण्डी की कई दुकानें जलकर राख



आग बुझाते दमकल कर्मी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** देर रात्रि सब्जी मण्डी में आग लगने से कई दुकानों में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। दमकल की गाड़ी ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मन्डी समिति परिसर के सब्जी खण्ड में रविवार देर रात्रि भीषण आग लगने से आढ़ती इफ्तिखार उर्फगुडडा, शानू खॉ और इकतिदार की दुकानों में रखा सामान जलकर राखकर राख हो गया। आग लगते ही मण्डी परिसर मे अफरा तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की दुकानों को भी अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया। दुकानों में रखा सब्जी का सामान, फर्नीचर और अन्य सामग्री जल गई। सूचना पर पहुँचे उपजिलाधिकारी अतुल कुमार, क्षेत्राधिकारी राजेश द्विवेदी, प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने कायमगंज मण्डी अलीगंज से दमकल की गाड़ियों को बुलाई। ढाई घन्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

# विभिन्न शराब दुकानों का आबकारी निरीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

▸ अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान निरंतर जारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशानुसार जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु विशेष प्रवर्तन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। जिला आबकारी अधिकारी जी.पी. गुप्ता के नेतृत्व में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग एवं निरीक्षण की कार्यवाही की जा रही है। सोमवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह द्वारा मय स्टाफ जनपद के विभिन्न आबकारी अनुज्ञापन स्थलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान देशी शराब दुकान भोलेपुर, देशी शराब दुकान नेकपुर चौरासी, कम्पोजिट शॉप भोलेपुर तथा आवास विकास स्थित मॉडल शॉप की गहन जांच की गई।

निरीक्षण के दौरान दुकानों पर उपलब्ध मदिरा स्टॉक का भौतिक सत्यापन कर उसका मिलान स्टॉक रजिस्टर एवं अन्य अभिलेखों से किया गया। साथ ही ऑनलाइन भुगतान व्यवस्था, पीओएस मशीन के माध्यम से की जा रही बिक्री तथा सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता का परीक्षण भी किया गया।

निरीक्षण टीम द्वारा सभी अनुज्ञापियों को निर्देशित किया गया कि शासन द्वारा निर्धारित नियमों एवं मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा समस्त अभिलेख अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखे जाएं। अभियान के दौरान दुकानों पर किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी भी दी गई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने, अवैध मदिरा के निर्माण एवं तस्करी की सूचना तत्काल विभाग को उपलब्ध कराने तथा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए गए।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन के विरुद्ध प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।



अभिलेख देखते आबकारी अधिकारी

# आवारा कुत्तों का आतंक, वृद्ध महिला व पुरुष को काटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शहर में आवारा कुत्तों व पशुओं का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। शहर में कई स्थानों पर अक्सर आवारा कुत्तों के झुंडों को बैठे देखा जा सकता है। आलम यह है कि आवारा कुत्तों से परेशान होकर लोग सुबह व देर रात को घरों से निकलने से भी कतराने लगे हैं। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला झील निवासी अनन्तों उम्र 70 वर्षीय पत्नी स्व0 जमुना प्रसाद बाथम जो की ग्रीश अग्रवाल की गोदाम में पुड़िया भरने जा रही थी, तभी उनपर मोहल्ले में आवारा कुत्ता ने उनके पैर काट लिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। वहीं कोतवाली क्षेत्र के गाँव नरैनामऊ निवासी कृपाल सिंह उम्र 66 वर्षीय पुत्र रामशंकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जा रहे थे, तभी आवारा कुत्ते ने उनके पैर में काट लिया। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गये। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में आवारा कुत्ते का खतरा लम्बे समय से बना हुआ है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।



कुत्ते के हमले से घायल

# पिता के जेल जाने के बाद अनाथ बच्चों का सहारा बने अजीत यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज विकासखंड के जरारी गांव के मजरा खलासपुर में जनवरी में सांचेलाल कठेरिया ने अपनी ही पत्नी अनीता देवी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी।

श्पत्नी की हत्या के जुर्म में सांचेलाल जेल चले गए। मां की मौत और पिता के जेल जाने के बाद अनाथ हुए 8 बच्चे बेसहारा हो गए। विगत महीने बच्चों की देखभाल कर रहे सबसे बड़े भाई की भी मौत हो गई। उसके बाद छोटे-छोटे 7 बच्चे 3 बेटी, 4 बेटा, जिनका कोई सहारा नहीं घर में खाने तक को नहीं रहा।

एक सप्ताह पूर्व गांव के लोगों ने इस बात को समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव तक पहुंचाया। अजीत यादव व इलियास मंसूरी,



दुकान का शुभारम्भ करते सपाई

**भेंट की दुकान**

राधेश्याम सविता तथा देव सिंह यादव एवं अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। खाद्य सामग्री तथा जरूरी सामान बच्चों के लिए ले गए। वहां पहुंचने पर पाया कि घर में बनाने को कुछ भी नहीं है और खाना बनाने के लिए सिलेंडर भी नहीं है तो तत्काल ही सिलेंडर की भी व्यवस्था कराई। साथ ही सबसे बड़ी बेटी से कहा कि अगर हम तुम्हारी दुकान रखवा दें तो क्या चला लोगी, बेटी के हां कहने पर अजीत यादव ने लकड़ी के खोखे की व्यवस्था कराई उसमें सामान भरवाकर गांव खलासपुर पहुंचाकर उनके दरवाजे पर दुकान रखवा दी। दुकान का शुभारंभ जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने फीता काटकर किया। जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि उस दिन जब आए थे तो इनके पास कपड़े भी नहीं थे। आज सभी बच्चों के लिए हम कपड़े भी लेकर आए हैं, साथ ही इनके लिए वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था कर दी है।

आज के बाद यह बच्चे कभी भी भूखे पेट नहीं सोएंगे, यह मेरा वायदा है। दुकान के सहारे वह अपने काम में बिजी भी रहेंगे। इस मौके पर मौजूद पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, जिला महासचिव इलियास मंसूरी, रमेश चंद्र कठेरिया, डॉ0 जेपी वर्मा, कैप्टन वीरेंद्र सिंह सोमवंशी, सूरज सिंह राठौर, अरविंद यादव, देव सिंह यादव, विशाल राठौर, प्रशांत राठौर, अनुराग यादव, राजवीर शाक्य, प्रदीप यादव ने भी सामूहिक रुप से मदद की।

# जीजीआईसी फतेहगढ़ में ग्रीष्मकालीन पर्यावरण कार्यशाला का हुआ आयोजन

▸ बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिता द्वारा अपने विचार किये व्यक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन द्वारा ग्रीष्म कालीन कार्यशाला पर्यावरण और हम आयोजित कराई गई। विद्यालय की छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, पर्यावरण प्रदूषण जैसे मुद्दों पर ड्राइंग प्रतियोगिता द्वारा अपने विचार व्यक्त किए। पर्यावरण विशेषज्ञ गुंजा जैन ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति जागरूक होने तथा स्वच्छता, जल वायु और मृदा प्रदूषण के बारे में तथा उनसे होने वाले रोगों से अवगत कराया तथा हम सभी अपने स्तर से इस प्रदूषण नामक संकट से कैसे बचें तथा लोगों को कैसे जागरूक करें इस विषय पर चर्चा की।



पोस्टर दिखाती छात्रायें मौजूद गुंजा जैन

कार्यशाला में बच्चो को समर प्रोजेक्ट जैसे प्लास्टिक रीसायकल तथा सीड बॉल्स बनाने के लिए दिए गए तथा खेती और मृदा स्वास्थ्य के विषय में भी जानकारी दी। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने बच्चों को संबोधित किया और बताया कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए। साथ ही गूंजा जैन ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए एक शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत तथा अन्य अध्यापिकाएं उपस्थित रही।

# अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में जिला बार एसो. ने सीएम को भेजा ज्ञापन



डीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन फतेहगढ़ के अध्यक्ष शशिभूषण दीक्षित व महासचिव कुंवर सिंह यादव के नेतृत्व में बार के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने लखनऊ घटना को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। सोमवार को फतेहगढ़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष शशिभूषण दीक्षित के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने ज्ञापन सौंपकर मांग की हैकि लखनऊ के अधिवक्ता साथियों के गलत तरीके से तोड़े गये चैम्बर, अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज कर उन्हें घायल किया गया। फतेहगढ़ बार एसोसिएशन इसकी कड़ी निंदा करता है।

सौंपे गये मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन में मांग की गई अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों को तत्काल बर्खाश्त किया जाये और विधिक कार्यवाही की जाये। अधिवक्ता साथियों के बैठने के लिए वैकल्पिक चैम्बर की व्यवस्था की जाये। अधिवक्ता प्रोटेक्शन अधिनियम प्रदेश में लागू किया जाये। लखनऊ पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर किये गये लाठीचार्ज को लेकर अधिवक्ताओं में रोष है। इस मौके पर देवेन्द्र सिंह यादव, सुभाष चन्द्र शाक्य, शेर सिंह यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र व रामजी बाजपेयी बने महामंत्री



निवार्चित नवनियुक्त टैक्स बार एसो0 के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** टैक्स बार एसोसिएशन चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। नाम वापसी के बाद सभी पदों पर एक-एक व्यक्ति का मनोनयन रह जाने के कारण पदाधिकारियों को निर्वाचित किया गया और चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव अधिकारी राजेश अग्निहोत्री, सह चुनाव अधिकारी राकेश सक्सेना ने नवनियुक्त पदाधिकारियों की घोषणा की। जिसमें अध्यक्ष प्रवीण चन्द्र माथुर, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार त्रिपाठी व कमलेन्द्र सिंह कुशवाहा बने। महामंत्री रामजी बाजपेयी पुनः सर्वसम्मति से चुने गये। सचिव का दायित्व संजीव कुमार वर्मा व दलपत सिंह राठौर को मिला। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सुनीता कटियार को मिली। अंकेक्षक आशीष गुप्ता बने। पुस्तकालय अध्यक्ष समाहुल इस्लाम सिद्दीकी उर्फ राजा को बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# मानदेय न मिलने पर संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ के प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर जिले भर में संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। जनपद में लगभग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत एक हजार कर्मचारी संविदा पर विभिन्न संवर्गों में कार्यरत है। स्वास्थ्य विभाग को अपनी सेवायें दे रहे है। मार्च एवं अप्रैल 2026 का मानदेय अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। मई माह भी आधा हो चुका है। मानदेय संबंधी सभी कर्मचारियों को विगत 2025 के सितम्बर माह से परेशानी हो रही है। इस कारण तीन से चार माह तक का कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिल पाता है। जिसके विरोध में जिलाध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी के नेतृत्व में काली पट्टी बांधकर संविदा कर्मचारियों ने विरोध किया। नेतृत्व से कई बार बात होने के बाद भी एनएचएम महानिदेशक व शासन को इस दिक्कत के बारे में अवगत कराया जा चुका है। जिसका कोई भी निराकरण नहीं हुआ है। प्रांतीय नेतृत्व के आवाह्न पर सोमवार को काली पट्टी बांधकर विरोध किया है। 20 मई तक वेतन नहीं मिलता है तो 21 मई को नोवर्क नीति अपनाते हुए कार्यबहिष्कार कर दिया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। जनपद के सभी संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी, साबिर हुसैन, योगेन्द्र सिंह, अजीत राना, संजय बाथम सहित महिला स्वास्थ्य कर्मी भी मौजूद रही।



काली पट्टी बांधकर विरोध करते संविदा स्वास्थ्य कर्मी

## संक्षिप्त समाचार

### संयुक्त संघर्ष संचालन समिति का मण्डलीय सम्मेलन 24 मई को

▸ मण्डलीय सम्मेलन में कई जनपद के पदाधिकारी भाग लेंगे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त संघर्ष संचालन समिति के जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार दीक्षित ने बताया कि समिति की मण्डलीय बैठक 24 मई रविवार को 11 बजे लोहिया अस्पताल आवास विकास में सम्पन्न होगी। मण्डलीय सम्मेलन में कई जनपद के पदाधिकारी भाग लेंगे। प्रांतीय अध्यक्ष ने 13 मई को मण्डलीय सम्मेलन आयोजित कराने के लिए जिलाध्यक्ष को निर्देशित किया। जिसके लिए 24 मई को मण्डलीय सम्मेलन का आयोजन होगा। इस संबंध में जिलाधिकारी को भी पत्र प्रेषित किया गया है।

### आईटीआई में शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला आज

▸ इण्टर, आई.टी.आई के पास अभ्यर्थी कर सकते है प्रतिभाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में 19 मई को प्रातः 10 बजे से शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमे 03 कम्पनियां मारूति सुजुकी इण्डिया लि. गुजरात-200, एन.टी.एफ. इण्डिया प्रा.लि. मानेसर हरियाणा-100 प्रतिभाग कर रही हैं। रिक्तियों की संख्या कुल 300 है। जिसमें इण्टरमीडिएट, आई.टी.आई के पास अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है।

# भाजपा नेता नितेश राणे के विवादित बयान पर एआईएमईएम ने की कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

एआईएमईएम पार्टी के जिलाध्यक्ष आरिफ खान के नेतृत्व में राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर एडीएम न्यायिक को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में मांग की गई कि भाजपा के नेता महाराष्ट्र सरकार में मंत्री नितेश राणे ने एआईएमईएम पार्टी को आतंकवादी ऑर्गेनाइजेशन व पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद असदुद्दीन ओवैसी की तुलना पूर्व अलकायादा नेता ओसामा बिन लादेन से की। नितेश राणे द्वारा यह बेबुनियाद इल्जाम बेहद विवादित बयान है।

जिस कारण पार्टी कार्यकर्ताओं के अंदर नितेश राणे के बयान से आक्रोश है। पार्टी के लोग कठोर कार्यवाही की मांग करते है। नितेश राणे ने मीडिया चैनल को ओवैसी के खिलाफ दिये गये बयान को लेकर पार्टी में आक्रोश है। उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाये। बिगड़ैल नेता के बयान से पार्टी को लोगों में आहत है, उन्हे बर्खाश्त किया जाये। जिससे वह दोबारा इस तरह का बयान बाजी न कर सके। इस मौके पर पार्टी के पदाधिकारी मौजूद रहे।



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते पार्टी पदाधिकारी

# उपभोक्ताओं को बिजली की बेहतर सुविधा के लिए विधायक के तीन प्रस्ताव मंजूर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के कई प्रस्ताव मंजूर हो जाने से उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली मिलेगी। सदर विधानसभा क्षेत्र की बिजली के लिये विधायक मंजूर सुनील दत्त द्विवेदी ने 3 प्रस्ताव भेजे थे। जिनको मंजूरी मिल गई है। जिनमें 33 केवी की लाइन जो भोलेपुर पावर हाउस से सेन्ट्रल जेल हिन्दुस्तान होटल के पीछे से जाती है।

घरों के ऊपर से जाने वाली लाइन हटवाने के लिए विधायक मेजर से फरियाद की गई थी। अब किसी भी घर के ऊपर से लाइन नहीं जायेगी। भोलेपुर पावर हाउस से आईटीआई सड़क के किनारे लगभग 5.4 किमी लाइन खिंचेगी, जिससे जनहानि नहीं होगी। प्लान में लगभर्ग 6079 केवी फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ शहर के नये ट्रांसफॉर्मर के प्रस्ताव शासन भेजे थे। मंजूरी मिलने पर कुल क्षमता 6079 केवी और मिलेगी।

इन ट्रांसफॉर्मरों से गर्मियों में बिजली की समस्या नहीं रहेगी। ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि 25-63 केवीए नेकपुर चौरासी होमगार्ड ऑफिस पुलिस लाइन, एमडी कोल्ड टी-1, एमडीं कोल्ड टी-2 न्यू भोपतपट्टी, बड़ा बेल, सातनपुर कोटा टावर, पल्ला, लोटस हॉस्पिटल, टीला मसेनी, जेएनवी रोड क्रासिंग, भोलेपुर, भोपतपट्टी, भूसामन्डी, मस्जिद वाली गली नगला नैन, भोलेपुरए बेवर रोड के पास, नरायनपुर राजू के ट्यूबवेल के पास, पुलमंडी शशि प्रिंटिंग पेस, भोपतपट्टी में तालाब के पास, सेंट्रल जेल, गुंजन विहार कालोनी, हसन बाग, नोनमगंज, घेरशामू खां, सिकतरबाग, तलैया फजल इमाम में झूलते जर्जर तारों की केबिल लाइन के लिए सर्वे कराके भेजा या जिसमें नयी एबीसी केबल निम्नलिखित स्थानों के लिए स्वीकृत हो कर आ गई है।



विधायक सुनील दत्त द्विवेदी

शिवाजी कालोनी, नेकपुर चौरासी, राजा नगला, कुशवाहा गेस्ट हाउस, शिवानी मोटर्स, महाराजा लॉज, कचहरी रोड़, अंधेरीबाग, अपर दुर्गा कालोनी, बन्धौआ, पटेल नगर, कुइया बूट, बाकरगंज, पिन्टू टावर ग्रानगंज,गंगा दरवाजा, ऊँची मीनार गढी खाँ, भूसा गली, बिर्रा बाग, भट्ट वाली गली, नगला नैन, अक्कू वाली गली, सातनपुर, बाल्मीकी मोहल्ला, सीएमओ आफिस, जाफरी वाली गली, राकेश सक्सेना गली, ठाकुर चक्की हाथीखाना, पंकज सक्सेना वाली गली, अण्डियाना, बढ़पुर, ग्रामीण बैंक, मन्नीगंज, तलैया मोहल्ला, जसवंत हाउस, नगला मसेनी, पुलिया वाली गली, श्याम हास्पिटल, बहादुरपुर, कार बाजार, धर्म नगरिया, तिवारी स्कूल, बबलू चक्की नरसिंहपुर, वर्माजी वाली गली पीडब्लूडी कालोनी, सब्जी मंडी फर्रुखाबाद, सांई धाम रोड, कंटरा डॉरु नाथ, छत्ता दलपतराय, सिन्धी कालोनी, मौलवी बदन खां मोहल्ला हिम्मत बहादुर आदि मोहल्लों में ट्रांसफार्मर की सुविधा मिलेगी।

# सभासद एसो. के जिलाध्यक्ष अनिल तिवारी को सदस्यों ने किया बर्खास्त

▸ सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष नन्हे पंडित व शक्ति सिंह को बनाया गया महामंत्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सभासद एसोसिएशन की आवश्यक बैठक सभासद रफी अंसारी के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई। सर्वसम्मति से सभासद एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनिल तिवारी को निष्काशित कर नन्हे पंडित को जिलाध्यक्ष घोषित किया गया और जिला महामंत्री की जिम्मेदारी शक्ति सिंह कुशवाहा को सौंपी गयी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नन्हे पंडित व जिला महामंत्री शक्ति सिंह को सभासदों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और उन्हे बधाई दी। 23 सभासदों ने हस्ताक्षर कर एसोसिएशन का अध्यक्ष व महासचिव नियुक्त किया। जिलाध्यक्ष कृष्ण मोहन शर्मा उर्फ नन्हे पंडित व जिला महासचिव शक्ति सिंह कुशवाहा लाला ने सभी सभासदों का आभार व्यक्त किया। पिछले काफी दिनों से निवर्तमान जिलाध्यक्ष अनिल तिवारी का सभासद विरोध कर रहे थे।



स्वागत के दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष व महामंत्री

जिसके चलते वह क्रोप का भाजन बने और सभासदों ने उन्हें पद से बर्खाशत करते हुए नया जिलाध्यक्ष नन्हे पंडित को सर्वसम्मति से चुना। इस मौके पर सभासद साजिदा बेगम पुत्र मुदस्सिर खां, विजय अनुरागी, विरमा देवी के पुत्र संजय वर्मा, धर्मेन्द्र कनौजिया, आलोक मिश्रा, अनिल यादव, अभिषेक अग्निहोत्री, संजीव बाजपेयी, लईक अहमद, रफी अंसारी, उमेश कुमार, शक्ति सिंह कुशवाहा, नरेन्द्र यादव, मृदुल कटियार, विश्वनाथ, प्रशांत कटियार, रोहित नंदन कटियार, असलम अंसारी, अमीरुद्दीन आदि सभासद मौजूद रहे।

# राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा युवा मोर्चा के साहिल शर्मा जिला उपाध्यक्ष मनोनीत

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा की मासिक परिचय बैठक में साहिल शर्मा को युवा मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पूर्णागिरी धाम कालोनी निवासी मंजेश शुक्ला के आवास पर आरबीएम की परिचय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के अलग-अलग स्थानों से आए लोगों का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष यूवा मोर्चा सचिन द्विवेदी की स्वीकृति पर जिलाध्यक्ष अमन दुबे द्वारा साहिल मिश्रा को जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा मनोनीत किया गया। साहिल मिश्रा को जिलाध्यक्ष सहित कई लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में उपस्थित संरक्षक टीम के सदस्य व जिला टीम के सदस्यों के द्वारा समाज के लिए त्याग करने वाले अनुज दुबे व नितिन दुबे का माला पहनाकर स्वागत किया गया। वर्तमान में ब्राह्मणों पर हो रहे अत्याचार व अनर्गल वयानवाजी से आक्रोशित लोगों ने मंच से अपने विचार रखकर समाज को एकता का संदेश दिया और आतताइयों को चेतावनी भी दी कि हम परशुराम के बंशज है अब और सहन नहीं करने वाले है अब मुहतोड़ जवाब दिया जाएगा।



बैठक में मौजूद समाज के लोग

# व्यापारियों ने अग्निकाण्ड पीड़ितों को मुआवजा दिलाये जाने की मांग की

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष संजय गुप्ता एवं नगर अध्यक्ष अमित सेठ ने कृषि उत्पादन मंडी समिति में लगी भीषण अग्निकांड में जली हुई दुकानों के मुआवजे के सम्बंध में पीड़ित दुकानदार के साथ तहसील कार्यालय पहुंचकर उप जिलाधिकारी अतुल कुमार से वार्ता की तथा मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। भीषण अग्निकांड में छः दुकाने पूरी तरह से जल गई। इन दुकानों में लगभग 32 लाख रुपए का नुकसान हुआ था। प्रतिनिधि मंडल ने मांग की है कि जांच कर इन सभी अग्नि पीड़ित व्यापारियों को तत्काल मुआवजा दिलाने जाया। वहीं कुछ अन्य मांगें जिसमें पानी की बनी हुई टंकी को सुचारू रूप से चालू कराने की भी मांग की है। दुकानों में बिजली सप्लाई चालू कराई जाए। जली हुई दुकानों की टूट फूट मरम्मत व टीन शेड डलवाया जाए। मंडी समिति में सफाई की व्यवस्था ठीक कराई जाए। इसके पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर शरद गंगवार ने भी कृषि उत्पादन मंडी समिति में संजय गुप्ता गुप्ता के प्रतिष्ठान मंडी समिति पहुंचकर पीड़ित दुकानदार से मुलाकात की तथा उन्हें मदद का भरोसा दिया। इस अवसर पर शिव कुमार शाक्य, वीरेंद्र यादव, अमरनाथ दुबे, रफी खान, शानू खान, मोहम्मद जफर राजू, इफ्तेखार खान, गुड्डा खान, संजय शर्मा, मोहम्मद उमर आदि उपस्थित रहे।



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते व्यापारी

# सेण्ट पाल्स ब्राइटन एकेडमी में प्री-प्राइमरी विंग में पूल पार्टी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेण्ट पाल्स ब्राइटन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंधौआ नेकपुर फतेहगढ़ के प्री-प्राइमरी विंग में नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए एक शानदार एवं मनोरंजक पूल पार्टी का आयोजन किया गया। विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को गर्मी के मौसम में आनंददायक अनुभव प्रदान करना तथा उनके भीतर उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ाना है। कार्यक्रम में नर्सरी, एलकेजी एवं यूकेजी के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। पूल पार्टी के दौरान बच्चों ने रंग-बिरंगी स्विमिंग ड्रेस पहनकर पानी में विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। बच्चों के लिए छोटे-छोटे पूल, वाटर गेम्स, बॉल एक्टिविटी तथा म्यूजिक पर डांस जैसी गतिविधियाँ आयोजित की गईं। बच्चों की खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। शिक्षिकाओं ने बच्चों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हुए उन्हें अनुशासन के साथ गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। निदेशक रोजिशन विश्वासी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ मनोरंजक गतिविधियाँ भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, सहयोग एवं खुशी की भावना को बढ़ाते हैं। प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी ने कहा कि विद्यालय सदैव बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं उनके समग्र विकास के लिए प्रयासरत रहेगा।



पूल वाटर गेम में आनंद लेते बच्चे

**बच्चों ने मचाया धमाल**

प्रधानाचार्य डॉ0 अवधेश कुमार यादव ने सभी बच्चों और शिक्षकों को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएँ दीं तथा कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के मानसिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। प्री-प्राइमरी विंग की समन्वयक ज्योतिका मसीह उपस्थिति रही। इस मौके पर कामिनी, गुन ग्रोवर, ऋचा शुक्ला, दीपिका एवं संध्या आदि शिक्षिकायें मौजूद रही।

**भगवान सिंह इंटर कॉलेज सनौड़ा ईश्वरी धीरपुर फर्रुखाबाद, (उत्तर प्रदेश)**

**आवश्यकता है-प्रधानाचार्य**

हम अपने प्रतिष्ठित संस्थान विद्यालय के लिए एक योग्य गतिशील एवं अनुभवी प्रधानाचार्य पद के लिए सुयोग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करते हैं।

**पद का विवरण**

**पद का नाम**-प्रधानाचार्य **(Principal)**

**रिक्तियों की संख्या**-एक (01)

शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव

मान्यता प्राप्त विद्यालय से स्नाकोत्तर (Postgraduate) की डिग्री B.Ed की डिग्री अनिवार्य

आयु सीमा 30 से 50 वर्ष।

**आवेदन कैसे करें**

इच्छुक और योग्य उम्मीदवार अपने विस्तृत बायोडाटा (CV), शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति और हालिया पासपोर्ट आकार के फोटो के साथ (15 दिनों के भीतर) आवेदन करें। शैक्षिक अनुभव दस वर्ष होना चाहिए। आवेदन आप abinash94singh@gmail.com मेल पर कर सकते हैं या भगवान सिंह इंटर कॉलेज सनौड़ा ईश्वरी, पोस्ट धीरपुर, जिला फर्रुखाबाद पर डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते हैं।

**सम्पर्क करें-8445733003**

**प्रबंधक/सचिव**

**भगवान सिंह इंटर कॉलेज सनौड़ा ईश्वरी धीरपुर, फर्रुखाबाद**

## खबरें एक नजर में

### तीन महीने से मानदेय नहीं मिलने पर एनएचएम कर्मियों ने बांधी काली पट्टी, कार्य बहिष्कार की चेतावनी




**फरधान, खीरी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) फरधान में तैनात एनएचएम संविदा कर्मियों ने तीन महीने से मानदेय न मिलने के विरोध में सोमवार को काली पट्टी बांधकर काम किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि 20 मई तक उनका मानदेय जारी नहीं किया गया तो 21 मई से कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया जाएगा। सीएचसी में कार्यरत संविदा कर्मचारी कपिल कुमार, दीपक और अफजाल समेत अन्य कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव के निर्देशन में विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने ड्यूटी के दौरान हाथों में काली पट्टी बांधकर नाराजगी जताई। संविदा कर्मी दीपक ने बताया कि पिछले तीन महीनों से मानदेय नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में कई बार उच्चाधिकारियों को ज्ञापन देकर भुगतान कराने की मांग की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। कर्मचारियों का कहना है कि लगातार उपेक्षा के चलते संविदा कर्मियों में रोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने साफ कहा कि यदि 20 मई तक भुगतान नहीं हुआ तो 21 मई से कार्य बहिष्कार कर आंदोलन तेज किया जाएगा।

### जिले की टॉप-6 सूची में जगह बनाने वाली हृदयांशी का सम्मान, बोलीं- मेहनत और लगन से मिली सफलता



**गोला गोकर्णनाथ, खीरी।** जिले की टॉप-6 मेधावी छात्राओं में स्थान बनाकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाली हृदयांशी सक्सेना को शनिवार को श्री चित्रगुप्त सेवा समिति ने सम्मानित किया। श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में आयोजित समारोह में समाज के लोगों ने छात्रा की उपलब्धि को गौरवपूर्ण बताते हुए उसे स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र भेंट किया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि बेटियों की सफलता समाज के लिए प्रेरणा है और हृदयांशी ने अपनी मेहनत व लगन से यह मुकाम हासिल कर नई मिसाल पेश की है। समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि आज की बेटियां शिक्षा के क्षेत्र में लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। प्रतिभाशाली छात्राओं को सम्मानित करने से अन्य बच्चों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम का माहौल उत्साह और गर्व से भरा रहा तथा उपस्थित लोगों ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डॉ. यदुलेश मुरारी सक्सेना, अचल श्रीवास्तव, अनुज श्रीवास्तव, विजय सक्सेना, शैलेन्द्र सक्सेना, दीपक श्रीवास्तव, अनुज खरे, अरविंद श्रीवास्तव, डॉ. नीलम सक्सेना, विनायक श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव एवं एस.एन. सक्सेना सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन के चकाचौध रोशनी से बाइक सवार पत्थर से टकराकर माता व पुत्र घायल रेफर



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ददरी मार्ग पहड़ी पर रविवार की रात्रि बाइक सवार सामने से आ रहे अज्ञात वाहन के चकाचौध रोशनी के कारण अनियंत्रित होकर पत्थर से टकरा कर बाइक सवार माता व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए चिकित्सक द्वारा पुत्र व माता को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है थाना क्षेत्र के परसिया कला गांव निवासी 45 वर्षीय सुरेश बाइक से अपनी माता मुनक्का देवी के साथ अपने ननिहाल पटेहरा से वापस अपने घर लौट रहे थे की जैसे ही हलिया ददरी मार्ग के पहड़ी पर पहुंचे की सामने से आ रहे अज्ञात वाहन के चकाचौध रोशनी के कारण अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पत्थर से बाइक टकराने से बाइक सवार पुत्र व माता गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पहुँचे ग्रामीणों ने पुत्र व माता को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा पुत्र व माता के सिर में गंभीर चोट को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है

### गड़बड़ा धाम मां शीतला के दरबार में भक्तों ने नवाया शीश

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया क्षेत्र के अंतर्गत गड़बड़ा धाम मां शीतला के दरबार में सोवार को ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष द्वितीय पर भक्तों ने शीश नवा कर आशीर्वाद लिया। सुबह से पुरुष महिला भक्त मां शीतला के दर्शन पूजन के लिए अपने कतार खड़े होकर मां की एक झलक पाने को आतुर रहे। मंगल आरती होने के बाद कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने बड़े ही श्रद्धा भाव से मां की माला फूल चुनरी भेंट चढ़ाया। मां शीतला देवी के जयकारे से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा। मंदिर परिसर के चारों ओर गंदगी का अंबार लगा रहा। वहीं मंदिर परिसर में शुद्ध पेयजल और शौचालय क्षतिग्रस्त होने के कारण भक्तो को इधर-उधर भटकते रहे। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद्र शुक्ला ने सीसीटीवी कैमरे से निगरानी करते रहे। मंदिर पुजारी देवी माली ने बताया कि लगभग 20 हजार से अधिक भक्तों ने मां के दरबार में मन्नतें मांगी।

### युवक को टक्कर मारते हुए ट्रक खड़े ट्रक से भिड़ा, खालासी व युवक घायल

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग के महेशपुर गांव में सोमवार की सुबह वाराणसी की तरफ से आ रही ट्रक ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मारते हुए खड़ी ट्रक में जाकर भीड़ गई जिससे ट्रक का खलासी व युवक दोनों घायल हो गए दोनों घायलों को एम्बुलेंस सेवा 108 से उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया गया है अमेठी निवासी 23 वर्षीय साहिल ट्रक पर सवार होकर वाराणसी से मध्य प्रदेश जा रहा था की जैसे ही ट्रक मिर्ज़ापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 महेशपुर गांव में पहुंची की पैदल जा रहे महेशपुर गांव निवासी 22 वर्षीय कैफ को ट्रक ने टक्कर मारते हुए ट्रक खड़ी ट्रक से भीड़ गई जिससे ट्रक का खालासी व युवक घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची एम्बुलेंस सेवा 108 के चालक मंगला व ईएमटी कन्हैया पाल ने दोनों घायलों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक विवेक खरे द्वारा दोनों घायलों का उपचार किया है इस संबंध में चिकित्सक विवेक खरे ने बताया की ट्रक युवक को टक्कर मारते हुए ट्रक से भिड़ने से ट्रक का खलासी व युवक घायल होकर उपचार के लिए आये थे उपचार किया जा रहा है।

### कार बाइक की टक्कर में चार घायल

**महाराजगंज।** फरेंदा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महदेवा के सामने फरेन्दा महाराजगंज मार्ग पर कार बाइक की टक्कर हो जाने चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, घायलों को इलाज हेतु लोगों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरेंदा बनकटी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज कर घायलों की हालत को गंभीर देखते हैं जिला चिकित्सालय महराजगंज रेफर कर दिया गया। फरेंदा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा महदेवा के पास फरेंदा महाराजगंज मार्ग पर एक कार व बाईक में सीधी टक्कर हो गई जिसमें कार एवं बाइक सवार चार लोग बुरी तरह से घायल हो गये सभी घायलों को स्थानीय लोगों के मदद से गंभीर रूप से घायल लोगों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरेंदा बनकटी पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालात चिंताजनक होने से जिला अस्पताल महराजगंज को स्थानांतरित कर दिया गया है। घायलों में अब्दुल्लाह अंसारी पुत्र मोहम्मद यूसुफ उम्र 28 वर्ष भगवानपुर पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र, विंन्दयास त्रिपाठी पुत्र विनायक त्रिपाठी वार्ड नंबर 9 नगर पंचायत आनंदनगर , शकुंतला पत्नी लक्ष्मी नारायण उम्र 50 वर्ष करमहवा बुजुर्ग थाना क्षेत्र पुरंदरपुर प्रमोद पाठक पुत्र तीरथ बडिहारी बाजार थाना क्षेत्र कोल्हुई गंभीर रूप से घायल हो गए चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज कर सभी घायलों को गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय महाराजगंज रेफर कर दिया गया।

### ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं: जेबी सिंह



**प्रतापगढ़।** मान्धाता पर्वतपुर स्थित पौराणिक अवध नाथ धाम में अधिमास के पावन अवसर पर एक माह तक चलने वाले श्री हरि कीर्तन का शुभारंभ पूजा अर्चना और कलश स्थापना के साथ विधि विधानपूर्वक सम्पन्न हुआ। इस पवित्र आयोजन में पूर्व क्षेत्रीय पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड अधिकारी इंजीनियर जेबी सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चाटमऊ तालुक के क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष भैरव बख्श सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष मान्धाता राजेन्द्र प्रताप सिंह बबऊ तथा प्रधान प्रतिनिधि बलापुर रिंकू मिश्र ने इंजीनियर जेबी सिंह जी को अंग वस्त्र एवं श्रीमद्भागवत गीता भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य सनातन प्रेमी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद प्रतापगढ़ के जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह ने कहा श्री हरि कीर्तन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि समाज को नैतिकता और संस्कृति से जोड़ने का माध्यम है। कल्याण परिषद निरंतर धर्म एवं समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है हैं कि पर्वतपुर का यह पौराणिक स्थल वर्षों से आस्था का केंद्र रहा है और अधिमास में आयोजित श्री हरि कीर्तन से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ है।

## मैजिक-ट्रक में हुई भीषण भिड़ंत

# दो सगे भाइयों और शिक्षिका समेत 10 की गई जान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिले के ईसानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अदलीसपुर गांव के पास पीलीभीत-बस्ती हाईवे पर सोमवार सुबह हुआ भीषण सड़क हादसा पूरे इलाके को गम में डुबो गया। सवारियों से भरी मैजिक तेज रफ्तार ट्रक की आमने-सामने हुई टक्कर में 10 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई और एक शिक्षिका भी शामिल हैं। हादसे के बाद प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और डीएम ने प्राथमिक जांच में ओवरटेक को हादसे की संभावित वजह मानते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

सोमवार सुबह लखीमपुर से सिसैया की ओर जा रही सवारियों से भरी मैजिक वाहन ईसानगर थाना क्षेत्र के अदलीसपुर गांव के पास हादसे का शिकार हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बहराइच की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से मैजिक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और उसमें बैठे लोग वाहन के अंदर ही फंस गए।

हादसे में नौ लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि एक गंभीर घायल को सीएचसी खमरिया से जिला अस्पताल रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। इसके साथ ही मृतकों की संख्या बढ़कर 10 हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया।

धौरहरा क्षेत्राधिकारी शमशेर बहादुर सिंह के मुताबिक दुर्घटना में शामिल ट्रक संख्या UP14HT5176 बरेली के नगला फरीदपुर निवासी शेर सिंह के नाम पंजीकृत है। ट्रक पर गाजियाबाद की नंबर प्लेट लगी थी और उसमें धान की पॉलिश की बोरियां भरी थीं। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

सीएचसी खमरिया के अधीक्षक डॉ. अमित कुमार सिंह ने बताया कि हादसे के बाद दो महिलाओं और सात पुरुषों के शव अस्पताल लाए गए थे। कई शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त थे। गंभीर घायल को जिला अस्पताल भेजा गया था, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही जिले के डीएम अंजनी कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. ख्याति गर्ग घटनास्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और फिर जिला पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात की।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला ओवरटेक के दौरान हुई दुर्घटना का प्रतीत हो रहा है। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच कराई जा रही है। घटना के प्रत्यक्षदर्शी और नया गांव के प्रधान प्रदीप वर्मा ने बताया कि मैजिक की स्थिति देखकर लग रहा था कि चालक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया होगा। हादसे के बाद एक युवक जीवित मिला था, जिसे स्थानीय लोगों ने गेट तोड़कर बाहर निकाला और एंबुलेंस से अस्पताल भेजा, लेकिन उसकी भी जान नहीं बच सकी। वही देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट कर शोक संवेदना व्यक्त की है और मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए प्रधान मंत्री राहत कोष से देने का ऐलान किया और घायलों को 50 हजार रुपए देने के आदेश दिए है।

### नौ मृतकों की हुई शिनाख्त

1.जयवीर सिंह पुत्र पेशकार सिंह निवासी मनगौढिया थाना मोतीपुर जनपद बहराइच उम्र करीब 25 वर्ष जाति ठाकुर, 2.पवन कुमार पुत्र सन्तोष निवाासी रामवचनपुरवा जनपद बहराइच जाति राजभर, 3.सोहन पुत्र सन्तोष निवासी रामवचनपुरवा जनपद बहराइच उम्र करीब 21 वर्ष, 4.अदनान पुत्र वकील निवासी सिसैया थाना धौरहरा खीरी उम्र करीब 19 वर्ष जाति मुस्लिम, 5.राजेश गोयल पुत्र मनीलाल गोयल उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम व थाना मिहीपुरवा जनपद बहराइच जाति गोयल, 6.सहजराम पुत्र छोटे निषाद उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम ककरहा थाना मूर्तिहा जनपद बहराइच जाति निषाद, 7.पप्पू पुत्र दूलन गौतम उम्र 18 वर्ष निवासी देवदत्तपुर थाना खैरीघाट जनपद बरहाइच, 8.गायत्री वैश्य पत्नी रमेशचन्द्र गुप्ता उम्र 44 वर्ष निवासी मोहल्ला विजय लक्ष्मीनगर थाना कोतवाली नगर सीतापुर जाति वैश्य (पेशा-अध्यापिका प्रा. वि रायबोझना बहराइच), 9. जुलेखा पत्नी स्व. हबीब उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम पलटूपुरवा थाना धौरहरा जनपद खीरी।

## तीन दिन से लापता युवक का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला

**निघासन, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

▶ **पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार, पत्नी मायके में थी, परिवार में मचा कोहराम**



सिंगाही थाना क्षेत्र में तीन दिन से लापता चल रहे युवक का शव सोमवार दोपहर शीतलापुर गांव के पास जंगल में पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में शोक का माहौल है।

मृतक की पहचान प्रहलाद उर्फ रोहित अर्कवंशी (23) पुत्र विष्णुनाथ निवासी सिंगाही क्षेत्र के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक रोहित 15 मई की दोपहर घर से निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला तो परिजनों ने 16 मई को सिंगाही थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार को शीतलापुर गांव के पास जंगल की ओर गए ग्रामीणों ने पेड़ से युवक का शव लटका देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर सिंगाही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

परिजनों ने बताया कि रोहित की शादी करीब दो माह पहले ही हुई थी। घटना के समय उसकी पत्नी मायके गई हुई थी। युवक की अचानक मौत से परिवार पूरी तरह टूट गया है। सिंगाही थाना प्रभारी दिलीप कुमार चौबे ने बताया कि युवक का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## बीए फाइनल का पेपर दिलाकर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत, पत्नी गंभीर

▶ **निघासन-ढखेरवा हाईवे पर ब्रेजा कार और बाइक में भिड़ंत, परिवार में मचा कोहराम**

**निघासन, खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



निघासन-ढखेरवा हाईवे पर सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और हाईवे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के अनुसार जन्हेरा निवासी शादाब पुत्र इन्नाद अली अपनी पत्नी सानिया (21) को तराई किसान महाविद्यालय, लालपुर में बीए फाइनल की परीक्षा दिलवाकर बाइक से वापस ढखेरवा चौराहा लौट रहे थे। इसी दौरान सिरिया क्रेशर के पास तेज रफ्तार ब्रेजा कार और बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दंपति सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में शादाब गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस और एंबुलेंस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक शादाब की मौत हो चुकी थी।

बताया जा रहा है कि मृतक ढखेरवा चौराहे पर स्थित प्रसिद्ध शमसाद चूड़ी सेंटर से जुड़े परिवार का सदस्य था। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल सानिया को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

घटना के बाद हाईवे पर कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## हलिया प्रधान संघ ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन, ग्राम पंचायत चुनाव समय पर कराने की मांग

**हलिया (मीरजापुर), समृद्धि न्यूज़।**



हलिया ब्लॉक के प्रधान संघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी के माध्यम से सोमवार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्राम पंचायतों से जुड़ी कई मांगें उठाई गईं।प्रधान संघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ व अन्य ग्राम प्रधानों ने मांग की कि निर्धारित समय पर ग्राम पंचायत चुनाव कराए जाएं, ताकि विकास कार्यों में रुकावट न आए। यदि किसी कारणवश चुनाव समय पर न हो सके तो प्रशासक ग्राम प्रधान की नियुक्ति की जाए। इससे जनता की समस्याओं का निस्तारण समय पर हो सकेगा और शासन की मंशा के अनुरूप विकास की गति धीमी न पड़े।ग्राम पंचायत निधि द्वारा दिए जाने वाले मानदेय का भुगतान अलग से करने की व्यवस्था बनाने की मांग की गई, ताकि विकास प्रक्रिया बाधित न हो। ज्ञापन में कहा गया कि सांसद और विधायक की भांति ग्राम प्रधानों के लिए भी पेंशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।प्रधान संघ अध्यक्ष शिवबाबू सेठ ने कहा कि सभी ग्राम प्रधानों की इन मांगों पर ज्ञापन मुख्यमंत्री के सम्बोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा गया है दौरान ग्राम प्रधान भटवारी राजेश कुमार, महुगढ़ प्रधान प्रतिनिधि विजेंद्र पाण्डेय, गलरा अरुण मिश्रा,ग्राम प्रधान दिघिया दिनेश सिंह, भितहा अजय गिरि, गुर्गी रमेश मौर्य, पुरवा औसान सिंह सूरज कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### हलिया खंड की गलरा में जिला योजना बैठक, संघ के वार्षिक कार्यक्रमों पर हुई चर्चा

**हलिया (मीरजापुर)।** हलिया खंड के गलरा पंचायत भवन में जिला योजना बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दायित्व प्राप्त पदाधिकारी के साथ खंड कार्यवाह तारकेश्वर केसरी ने हिस्सा लिया और खंड स्तरीय योजना पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में वर्ष भर चलने वाले संघ के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। कार्यक्रमों को समयबद्ध और प्रभावी तरीके से लागू करने पर सहमति बनी।न्याय पंचायत स्तर पर शाखा, मंडल और टोली का गठन करने का निर्णय लिया गया। संगठन के कार्य विस्तार को नई गति देने के लिए योजना रचना बनाई गई।पदाधिकारियों ने कहा कि संगठनात्मक ढांचे को मजबूत कर ग्रामीण स्तर तक गतिविधियों को पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि निर्धारित योजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा।

### सीबीएसई 10वीं दूसरी बोर्ड परीक्षा का साइंस पेपर संपन्न

**प्रतापगढ़।** शुक्रवार से शुरू हुई सीबीएसआई 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षा में सोमवार को साइंस का पेपर हुआ। प्रतापगढ़ के 4 केंद्रों न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, जे एम जी पब्लिक स्कूल कालाकांकर और आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज में परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।कुल 47 स्कूलों के 1538 रजिस्टर्ड छात्रों में से 1443 उपस्थित और 95 अनुपस्थित रहे। इस बार की परीक्षा में साइंस पेपर को प्रथम बोर्ड परीक्षा की तरह फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी के 3 अलग सेक्शन में बांटा गया। सीबीएसई का सख्त निर्देश निर्गत रहा कि हर सेक्शन के जवाब उसी सेक्शन में लिखने होंगे वरना कॉपी नहीं जांची जाएगी।न्यू एंजिल्स की चेयरपर्सन डॉ. शाहिदा ने बताया कि अगली परीक्षा आज मंगलवार को हिंदी की परीक्षा होगी।

## गैस, पेट्रोल-डीजल एवं आवश्यक वस्तुओं की बढ़ी कीमत को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

▶ **जनता की आवाज बनकर हर स्तर पर संघर्ष करेंगे: विजय सिंह**

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में कांग्रेसियों द्वारा आज सोमवार को जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में पुरुष और महिलाओं ने मुख्यालय के सभी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय के सामने सरदार पटेल की मूर्ति के समक्ष धरना प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आम जनता, किसानों, छोटे व्यापारियों और मध्यम वर्ग की समस्याओं को उठाते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। धरने का सफल संचालन जिला कोषाध्यक्ष कपिलदेव शुक्ला ने किया। जिलाध्यक्ष विजय सिंह एडवोकेट ने कहा कि बढ़ती महंगाई ने आम लोगों की कमर तोड़ दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि गैस सिलेंडर की कमी और बढ़ते दामों से गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। किसानों को भी खेती-किसानी के कार्यों में बढ़ती लागत का सामना करना पड़ रहा है धरने को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश महासचिव त्रिभुवननारायण मिश्रा एवं पूर्व जिलाध्यक्ष झिनकू चौधरी ने कहा ÷आज किसान दोहरी मार झेल रहा है। एक तरफ खाद, बीज और सिंचाई का खर्च बढ़ रहा है, दूसरी तरफ डीजल के दाम बढ़ने से खेती की लागत लगातार बढ़ रही है। किसान दिन-रात मेहनत करता है, लेकिन बढ़ते खर्चों ने उसकी कमर तोड़ दी है। धरने को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ताओं में सदामोहन उपाध्याय, डॉ रामनारायण चौरसिया एवं जिला उपाध्यक्ष संगठन विनोद सिंह ने कहा देश का युवा रोजगार और भविष्य की चिंता कर रहा है, लेकिन लगातार बढ़ती महंगाई ने हर परिवार को परेशान कर दिया है। गैस सिलेंडर से लेकर रोजमर्रा की जरूरतों तक सब कुछ महंगा हो चुका है। युवा वर्ग इस मुद्दे पर चुप नहीं बैठेगा। हम जनता की आवाज बनकर हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। धरने में मुख्य रूप से इंजीनियर शिवपूजन, रेखा यादव, पूर्णमासी यादव, विधि नारायण वर्मा, राजन शुक्ला, रामनारायण प्रसाद, गोविंद मिश्रा, राजू गुप्ता, बख्शीश अली,उमेश साहनी, राजेंद्र प्रसाद, जमील अहमद, महेंद्र सहित बड़ी संख्या में किसान मजदूर नौजवान पुरुष महिला एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतिभाग किया।

### परषोत्तम मास के पहले सोमवार कोटार नाथ शिव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हलिया (मीरजापुर)।** परषोत्तम मास के पहले सोमवार को कोटार नाथ शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी हुजूम उमड़ा। भक्तों ने सुबह से ही मंदिर पहुंचकर भगवन भोलेनाथ का जलाभिषेक किया और भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।मलमास माह के चलते मंदिर परिसर को पहले से ही सजाया गया था। एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव द्वारा 15 सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं और पूरे महीने रामचरित मानस पाठ का आयोजन चल रहा है। मंदिर मार्ग की दुकानो से श्रद्धालुओं को पूजा सामग्री और प्रसाद लेने में सुविधा हो रही है। कोटार ग्राम प्रधान विनोद सिंह ने बताया कि सोमवार को यहां हर बार भीड़ ज्यादा होती है। श्रद्धालुओं से लाइन में लगकर दर्शन करने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है। भक्तों में पूरे महीने शिव भक्ति का उत्साह बना हुआ है, और मंदिर में दिनभर हर-हर महादेव के जयकारे गूंजते रहे।

## डीजल संकट से थमी खेती की रफ्तार: खेतों में जुताई बंद, ट्रैक्टरों के पहिए जाम, किसान बेहाल

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में इन दिनों डीजल की भीषण किल्लत ने किसानों की मुश्किलें कई गुना बढ़ा दी हैं। धान की नर्सरी डालने, खेतों की जुताई कराने और सब्जियों की सिंचाई के सबसे महत्वपूर्ण समय पर डीजल की कमी ने खेती-किसानी की पूरी व्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है। हालत यह है कि जिले के अधिकांश ट्रैक्टर, जेसीबी, ट्रक और अन्य डीजल चालित वाहन घरों और गैराजों में खड़े होने को मजबूर हैं। किसान कई-कई दिनों से पेट्रोल पंपों की लाइन में लगे हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त डीजल नहीं मिल पा रहा है।

**एक सप्ताह से डीजल आपूर्ति चरमराई:** जिले के पेट्रोल पंपों पर पिछले एक सप्ताह से डीजल की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है। कहीं आधा टैंकर पहुंच रहा है तो कहीं कई दिनों तक पंप पूरी तरह ड्राई पड़े हैं। जिले में कुल 144 पेट्रोल पंप हैं, जिनके जरिए पेट्रोल और डीजल की बिक्री होती है, लेकिन मौजूदा हालात में अधिकांश पंपों पर डीजल खत्म हो चुका है। जहां डीजल पहुंच भी रहा है, वहां भारी भीड़ उमड़ पड़ रही है और कुछ ही घंटों में पूरा स्टॉक समाप्त हो जा रहा है। बताया जा रहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईरान-इजराइल तनाव के कारण तेल आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिसका असर अब ग्रामीण क्षेत्रों तक साफ दिखाई देने लगा है।

**खेतों में थमी जुताई, किसानों की बढ़ी चिंता:** धान की खेती के इस अहम समय में खेतों की जुताई और नर्सरी डालना बेहद जरूरी होता है। लेकिन डीजल नहीं मिलने से करीब 90 प्रतिशत ट्रैक्टर बंद पड़े हैं। इससे खेतों की नमी तेजी से खत्म हो रही है और किसानों को फसल प्रभावित होने का डर सता रहा है। बांसपार बैजौली निवासी कुलदीप ने बताया कि डीजल के अभाव में उनका ट्रैक्टर तीन दिनों से घर पर खड़ा है। किसान लगातार जुताई के लिए आ रहे हैं, लेकिन तेल नहीं होने की वजह से उन्हें मना करना पड़ रहा है। ट्रैक्टर मालिक दिनेश ने कहा कि डीजल के लिए पूरा दिन पेट्रोल पंपों की लाइन में गुजर जाता है, फिर भी खाली हाथ लौटना पड़ता है। इससे कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है और आर्थिक नुकसान बढ़ता जा रहा है। सिसवा महदेवा निवासी दधिबर ने बताया कि खेतों की जुताई रुकने से किसान बेहद परेशान हैं। धान की नर्सरी समय पर नहीं पड़ पा रही है। किसान पारस और गजेन्द्र ने कहा कि खेतों की नमी खत्म हो रही है और ट्रैक्टर चालक डीजल नहीं मिलने का हवाला देकर जुताई करने से मना कर दे रहे हैं।

**पेट्रोल पंपों पर अफरा-तफरी, सड़क तक लगी कतारें:** महुअवा, पकड़ी नौनिया, रसूलपुर, महदेवा, फरेंदा बाईपास और फरेंदा,धानी क्षेत्र समेत जिले के करीब 60 प्रतिशत पेट्रोल पंपों पर दोपहर तक डीजल उपलब्ध नहीं था। कई जगहों पर लोग भोर से ही गैलन और वाहनों के साथ लाइन लगाकर खड़े रहे। सड़क तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे यातायात भी प्रभावित हुआ। रविवार को भी अधिकांश पेट्रोल पंपों पर डीजल नहीं पहुंचा, बावजूद इसके लोग घंटों इंतजार करते रहे। फरेंदा हरियाली क्षेत्र में जैसे ही डीजल पहुंचने की सूचना मिली, वहां देखते ही देखते वाहनों की लंबी लाइन लग गई।

**किसानों की मांग — खेती के मौसम में सुनिश्चित हो डीजल आपूर्ति:** किसानों का कहना है कि सरकार और प्रशासन को खेती के इस महत्वपूर्ण समय में डीजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो धान की बुवाई और अन्य कृषि कार्य बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं, जिसका असर सीधे किसानों की आय और उत्पादन पर पड़ेगा।